आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| लखनऊ | 31°C | 26°C |

इनसाइड न्यूज

**सम्राट सिटी नार्थ घोटाला:** मौत की धमकी करोड़ों की लूट–कब चलेगा...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शनिवार 30 अगस्त, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 313 www.janexpresslive.com/epaper

रिलायंस जियो का आईपीओ अगले साल... 12

# उत्तराखंड में प्रकृति का कहर: बादल फटने से 5 की मौत, 30–40 परिवार मलबे में दबे

- चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी और बागेश्वर में सबसे ज़्यादा तबाही; कई ज़िलों में रेड अलर्ट जारी
- भारी बारिश और बादल फटने ने मचाई तबाही

**जन एक्सप्रेस। उत्तराखंड**

उत्तराखंड में एक बार फिर मानसून ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। शुक्रवार तड़के प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाओं ने तबाही मचा दी। अब तक 5 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है जबकि 3 लोग लापता बताए जा रहे हैं। भूस्खलन और तेज बहाव के कारण चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी और बागेश्वर जिलों में लगभग 30-40 परिवार मलबे में दबे हुए हैं।



### बागेश्वर में घरों पर टूटा कहर, 3 लापता

बागेश्वर जिले के कपकोट क्षेत्र के पौसारी ग्राम पंचायत में रातभर हुई बारिश ने आधा दर्जन से अधिक घरों को तबाह कर दिया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग लापता हैं। मलबे से अब तक दो शव बरामद कर लिए गए हैं। राहत कार्य जारी है।

### रुद्रप्रयाग में महिला की मौत, 30–40 परिवार फंसे

रुद्रप्रयाग जिले के तलजामन गांव में भारी बारिश और भूस्खलन से 30–40 परिवार मलबे और बाढ़ के पानी में फंस गए हैं। वहीं जखोली में एक मकान गिरने से एक महिला की मौत हो गई। कई स्थानों पर सड़कें टूटी हैं और कुछ वाहन बह गए हैं।

### चमोली में भूस्खलन से दंपति की मौत

चमोली जिले के मोपाटा गांव में एक घर और गौशाला मलबे में दब गई। हादसे में एक दंपति की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल है। इलाके में सड़कें अवरुद्ध हैं, जिससे राहत कार्यों में बाधा आ रही है।

### सीएम धामी ने दिए युद्ध स्तर पर राहत कार्य के निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट कर बताया कि वह स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और आपदा प्रबंधन विभाग को राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा कि बाबा केदार से सभी की सुरक्षा की प्रार्थना करता हूं।

### टिहरी में मंदिर और पशुशेड मलबे में दबे

टिहरी जिले के बूढ़ा केदार क्षेत्र में लगातार बारिश के चलते भारी नुकसान हुआ है। यहां मंदिर, घर और पशुशेड मलबे में दब गए हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और राजस्व पुलिस की टीमें राहत कार्य में जुटी हैं।

### राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध, यात्रियों से सतर्क रहने की अपील

भारी मलबे और भूस्खलन के कारण चमोली–नंदप्रयाग और रुद्रप्रयाग जिलों में बद्रीनाथ और केदारनाथ राजमार्ग के कई हिस्से बंद हो गए हैं। तीर्थयात्रियों और स्थानीय निवासियों से अपील की गई है कि वे यात्रा से पहले मार्ग की स्थिति की जानकारी लें।

### रेड अलर्ट जारी, नदियों का जलस्तर बढ़ा

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए बागेश्वर, चमोली, देहरादून और रुद्रप्रयाग जिलों में रेड अलर्ट और अन्य जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अलकनंदा, मंदाकिनी और अन्य सहायक नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे निचले क्षेत्रों में खतरा मंडरा रहा है।




### मानसून में आपदाओं से हिला उत्तराखंड

इस मानसून में उत्तराखंड पहले से ही कई भीषण आपदाओं से जूझ रहा है। 5 अगस्त को खीर गंगा नदी में आई बाढ़ में धराली गांव का आधा हिस्सा तबाह हो गया था, जिसमें अब तक 69 लोग लापता हैं, जिनमें सेना के जवान, नेपाली नागरिक, और कई राज्य के श्रमिक शामिल हैं। प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें, नदियों के किनारे से दूर रहें और यात्रा से पहले मार्गों की स्थिति अवश्य जांचें।

# दुनिया की नजरें ही नहीं, भरोसा भी भारत पर

## जापानी पीएमने कहा, भारतीय टैलेंट और जापानी तकनीक एक–दूसरे के लिए बने



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/टोक्यो**

पीएम मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में भारत–जापान जॉइंट इकोनॉमिक फोरम की बैठक को संबोधित किया। मोदी ने अपने भाषण में भारत को निवेश के लिए सबसे बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की नजरें ही नहीं, भरोसा भी भारत पर है। मोदी ने कहा कि जापान टेक्नोलॉजी में पावरहाउस है, तो वहीं भारत टैलेंट का पावरहाउस है। टेक्नोलॉजी और टैलेंट ही नेतृत्व कर सकते हैं। मोदी ने कहा भारत और जापान में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। मोदी से पहले जापान के पीएम इशिबा ने कहा कि भारतीय टैलेंट और जापानी तकनीक एक–दूसरे के लिए बने है।

> हमने अगले 10 वर्षों में जापान ने भारत में 10 ट्रिलियन येन के निवेश का लक्ष्य रखा है। भारत और जापान के लघु एवं मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप्स को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। भारत–जापान व्यापार मंच में भी मैंने जापानी कंपनियों से कहा था कि भारत में बनाओ, दुनिया के लिए बनाओ।
>
> –नरेंद्र मोदी, पीएम

### मोदी 8वीं बार जापान के दौरे पर गए

बतौर प्रधानमंत्री यह मोदी की 8वीं जापान यात्रा है। स्थानीय कलाकारों ने टोक्यो के होटल में उनका गायत्री मंत्र से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की। पीएम मोदी यहां 15वें भारत–जापान वार्षिक समिट में हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में दोनों देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा होगी। उन्होंने रवाना होने से पहले सोशल मीडिया पर लिखा कि इस दौरे का मकसद भारत और जापान के बीच खास रणनीतिक और ग्लोबल साझेदारी को मजबूत करना है। जापान के बाद मोदी 31 अगस्त को चीन पहुंचेंगे।

### मोदी बोले, भारत में बनाओ, दुनिया के लिए बनाओ

मोदी ने कहा, हमने अगले 10 सालों में जापान से भारत में 10 ट्रिलियन येन के निवेश का लक्ष्य रखा है। भारत और जापान के लघु और मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। मोदी ने जापानी कंपनियों से कहा, भारत में बनाओ, दुनिया के लिए बनाओ। पीएम मोदी ने जापानी पीएम इशिबा को स्वागत के लिए आभार दिया। उन्होंने कहा- हम एकमत है, की हमारी साझेदारी दुनिया की शांति के लिए महत्वपूर्ण है। दोस्तों हमने अपने खास स्ट्रैटजी से अपनी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी में एक नए और सुनहरे अध्याय की नींव रखी है। हमने अगले दशक के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। हमारे विजन के केंद्र में निवेश, नवाचार, आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, गतिशीलता और लोगों के बीच आपसी संपर्क है।

### इशिबा बोले, 6 साल पहले वाराणसी आया था

जापानी पीएम इशिबा बोले- 6 साल पहले मुझे वाराणसी आने का सौभाग्य मिला था। जहां मैं भारत के भारतीय इतिहास को देखकर अभिभूत हो गया था। पीएम मोदी और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने हाईडोज–अमोनिया और खनिज से जुड़े समझौता ज्ञापन का आदान–प्रदान किया। पीएम मोदी और जापानी पीएम शिगेरु इशिबा ने 15वें भारत–जापान समिट के लिए मुलाकात की।

### भारत में उत्पादन करना जापानी कंपनियों के लिए बड़ा अवसर

जापानी मल्टीनेशनल बैंकिंग के भारत डिवीजन के प्रमुख, राजीव खन्ना ने पीएम मोदी की जापान यात्रा पर कहा कि मोदी जापानी लोगों और उसकी कंपनियों से परिचित हैं। इस दौरे में व्यापार और कारोबार पर ध्यान देना एक बहुत ही सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि जापानी कंपनियों के लिए मौजूदा समय में बाजार की स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण है। यहां टैरिफ बढ़ी हैं, और जापान का अपना घरेलू बाजार भी सिकुड़ रहा है। ऐसे में भारत में उत्पादन करके वैश्विक बाजार में सामान बेचना जापानी कंपनियों के लिए एक बड़ा अवसर हो सकता है। खास तौर पर ऑटोमोबाइल सेक्टर में अभी और भी बहुत कुछ किया जा सकता है। इसके अलावा, भारत में बड़ी संख्या में बेहतर इंजीनियर्स उपलब्ध हैं।

### पीएम मोदी के जापान दौरे का एजेंडा

- 100 से ज्यादा एमओयू पर साइन किए जाएंगे।
- दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग के लिए नया फ्रेमवर्क बनाने पर चर्चा हो सकती है।
- सेमीकंडक्टर, कम्युनिकेशन, क्लीन एनर्जी और मेडिसिन की सप्लाई पर चर्चा संभव।
- दोनों देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर भी नई पहल की शुरुआत कर सकते हैं।

### पीएम इशिबा से सिक्योरिटी, डिफेंस और ट्रेड पर बात करेंगे मोदी

मोदी पीएम इशिबा के साथ वार्षिक सम्मेलन के दौरान सिक्योरिटी, डिफेंस, ट्रेड और टेक्नोलॉजी जैसे मुद्दों पर बातचीत करेंगे। इसके बाद दोनों डिनर करेंगे। मोदी 30 अगस्त को जापान के मियागी में उस फैक्ट्री का भी दौरा करेंगे, जहां बुलेट ट्रेन के कोच तैयार होते हैं। जापानी मीडिया के मुताबिक इस यात्रा के दौरान जापान, भारत में 10 ट्रिलियन येन, यानी 5.93 लाख करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा करने वाला है। ट्रम्प के भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले के बाद मोदी का यह दौरा भारत की रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को मजबूत बनाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

## आकाश आनंद बनाए गए बीएसपी के राष्ट्रीय संयोजक

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

बसपा अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे और चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को राष्ट्रीय संयोजक बनाया है। इस फैसले के बाद सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को रिपोर्ट करेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस फैसले से आकाश का यूपी और उत्तराखंड की सियासत में भी दखल बढ़ेगा, जिसका दारोमदार फिलहाल मायावती संभाल रही थीं। मायावती द्वारा राष्ट्रीय संयोजक बनाए जाने के बाद आकाश आनंद ने आभार व्यक्त किया है। बता दें कि मायावती ने यह निर्णय आकाश आनंद की बिहार यात्रा से पहले लिया है। बिहार में पार्टी का खाता खोलने की जिम्मेदारी आकाश को दी गई है। वह 10 सितंबर को कैमूर जिले से दस दिवसीय चुनावी यात्रा की शुरूआत करने जा रहे हैं। इस दौरान वह राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे।

**चार की जगह छह नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाए गए:** वहीं इससे पहले 31 अगस्त को मुंबई में भी आकाश संगठन की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसमें पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। इसके अलावा पार्टी ने चार की जगह छह नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाए हैं। इनमें रामजी गौतम, राजाराम, रणधीर सिंह बेनीवाल, लालजी मेधांकर, अतर सिंह राव और धर्मवीर सिंह अशोक शामिल हैं।

## एलजी ने जांच के लिए गठित की तीन सदस्यीय समिति, हादसे में जा चुकी 34 लोगों की जान



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर हाल ही में हुए भूस्खलन की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई है। समिति की अध्यक्षता जल शक्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव करेंगे और दो हफ्ते में रिपोर्ट पेश करेंगे। गौरतलब है कि मंगलवार को त्रिकुटा पहाड़ियों पर भूस्खलन की चपेट में आने से 34 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि 20 से अधिक घायल हुए थे। बोर्ड का कहना है कि 26 अगस्त की सुबह लगभग 10 बजे तक मौसम साफ और तीर्थयात्रा के लिए अनुकूल रहा। इस दौरान यात्रा सामान्य रूप से चलती रही यहां तक की हेलिकॉप्टर सेवाएं भी निर्बाध रूप से चलती रहीं। वास्तव में बोर्ड ने अपनी स्थापित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार पूरे मार्ग पर अपने प्रवर्तन कर्मचारियों और आपदा प्रबंधन कार्य बल की तैनाती के लिए व्यापक व्यवस्था की थी। बोर्ड ने मौसम संबंधी अपडेट पर कड़ी नजर रखी और जैसे ही मध्यम बारिश का पूर्वानुमान प्राप्त हुआ पंजीकरण तुरंत स्थगित कर दिए गए। अधिकांश यात्री पवित्र गुफा में दर्शन करने के बाद मार्ग से नीचे की ओर बढ़ रहे थे। तब तक मार्ग में हजारों यात्री कटड़ा वापस पहुंचकर तीर्थयात्रा सुचारु रूप से पूरी कर चुके थे।

### मीडिया में फैलाई जा रही भ्रामक खबरें: श्राइन बोर्ड

उधर, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने 26 अगस्त को हुई प्राकृतिक आपदा में तीर्थयात्रियों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। बोर्ड ने मीडिया में फैलाई जा रही भ्रामक खबरों को खारिज करने के लिए सही तथ्यात्मक स्थिति प्रस्तुत की है। बोर्ड का कहना है कि कल से कुछ मीडिया रिपोर्ट्स प्रसारित हो रही हैं जिनमें आरोप लगाया गया है कि श्री माता वैष्णो देवी यात्रा को मौसम संबंधी चेतावनी की पूरी तरह से अवहेलना करते हुए और तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा की कीमत पर जारी रहने दिया गया। बोर्ड ने इन आरोपों को झूठा और निराधार बताते हुए स्पष्ट रूप से खंडन किया है।

# 'उपराष्ट्रपति बना तो संविधान की रक्षा करूंगा'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष गठबंधन इंडिया के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि वह अपनी उम्मीदवारी पर विचार करने को लेकर लोकसभा और राज्यसभा सांसदों को पत्र लिखेंगे। अगर मुझे उपराष्ट्रपति के रूप में सेवा करने का अवसर दिया गया तो वह संविधान की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि संविधान के साथ मेरी यात्रा 1971 में शुरू हुई। जब मुझे आंध्र प्रदेश बार काउंसिल के



अधिवक्ता के रूप में नामांकित किया गया। इसके बाद वे उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश बने। बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि मैं किसी भी राजनीतिक दल का सदस्य नहीं हूं। मैं कभी किसी राजनीतिक दल या संगठन का सदस्य नहीं रहा। भविष्य में किसी भी राजनीतिक दल का सदस्य बनने का मेरा कोई इरादा नहीं है। यही कारण है कि मैं एकमात्र उम्मीदवार हूं जो सभी राजनीतिक दलों, रंगों, मतों के सांसदों से अनुरोध कर सकता हूं कि वे मेरी उम्मीदवारी पर उसके गुणों के आधार पर विचार करें। उन्होंने कहा कि मैं दोनों सदनों के सभी सदस्यों को एक विस्तृत पत्र लिखने का प्रस्ताव करता हूं। मैं सभी सदस्यों को व्यक्तिगत पत्र लिखकर उनसे मेरी उम्मीदवारी पर विचार करने की अपील करता हूं।

# निवेशकों का 49 हजार करोड़ हड़पने वाली पर्ल्स एग्रोटेक कंपनी का निदेशक गिरफ्तार, 10 राज्यों में किया फ्रॉड

- कंपनी के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज होने के बाद शासन ने ईओडब्ल्यू को जांच सौंपी थी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

यूपी समेत 10 राज्यों में लुभावनी योजनाओं का झांसा देकर निवेशकों का करीब 49 हजार करोड़ रुपये हड़पने वाली पर्ल्स एग्रोटेक कॉरपोरेशन लिमिटेड कंपनी के निदेशक गुरजंत सिंह गिल को गिरफ्तार कर लिया गया है।इसे



आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा (ईओडब्ल्यू) ने शुक्रवार को पंजाब के मोहाली से पकड़ा है। बता दें कि कंपनी के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज होने के बाद शासन ने ईओडब्ल्यू को जांच सौंपी थी। ईओडब्ल्यू के मुताबिक गुरजंत सिंह ने कंपनी का रजिस्ट्रेशन दिनांक 25 अक्तूबर 2011 को राजस्थान स्थित रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज से कराया था, जिसका कारपोरेट कार्यालय नई दिल्ली की बारा खंभा रोड में था। बाद में कंपनी के निदेशक गुरजंत सिंह गिल ने अपने सहयोगी संचालकों और निदेशकों के साथ मिलकर यूपी, आसाम, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, केरल, बिहार, छत्तीसगढ़ में कंपनी की शाखाएं खोली थीं।

### पंजीकरण कराए बिना बैंकिग कार्य शुरू कर दिया

ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया कि कंपनी द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 45 के अन्तर्गत एनबीएफसी में पंजीकरण कराए बिना बैंकिग कार्य शुरू कर दिया गया था। कंपनी द्वारा यूपी के महोबा, सुल्तानपुर, फर्रुखाबाद, जालौन आदि जिलों में अपनी शाखाएं खोलकर जनता में आकर्षक एवं लोक–लुभावन योजनाओं का प्रचार–प्रसार करके भूखंड (प्लॉट) देने के नाम पर जनता से धनराशि जमा कराकर बॉन्ड रसीदें जारी की गईं।

### भूखंड या अन्य कोई लाभ नहीं दिया गया

कंपनी द्वारा 10 राज्यों में खोली गयी शाखाओं में निवेशकों से करीब 49 हजार करोड़ रुपये जमा कराए गए। हालांकि बाद में भूखंड या अन्य कोई लाभ नहीं दिया गया। निवेशकों की जमा की गई रकम भी वापस नहीं की गई।

# खेल दिवस: ...जब सीएम योगी ने संभाली हॉकी स्टिक, एक ही शॉट में किया गोल, पदक विजेताओं को दी प्रोत्साहन राशि

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को खेल दिवस पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने पद्म श्री मो. शाहिद स्टेडियम में प्रदेश के राष्ट्रीय पदक विजेताओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने नौ सहायक खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र भी दिए। साथ ही प्रदेश के पूर्व ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर सीएम ने स्टेडियम में स्पोर्ट्स हॉस्टल और स्पोर्ट्स कॉलेज के बीच खेले गए मैत्री मुकाबले का भी लुत्फ उठाया। खुद भी हॉकी स्टिक उठाकर शॉट लगाया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि हर खिलाड़ी समाज के लिए हीरो होता है। हर नागरिक को एक खिलाड़ी की तरह अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ने, खेल जीवन के अनुशासन को बनाए रखने, समन्वय स्थापित करने और जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के प्रयासों का हिस्सा होना चाहिए। सही मायनों में खिलाड़ियों से समाज को समर्पण की प्रेरणा मिलती है।

### कोच बनाकर नई प्रतिभाओं को तराशा जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर कमिश्नरी में एक स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जा रही है। विभिन्न खेलों के लिए इन कॉलेजों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए जाएंगे। पूर्व ओलंपियन/कॉमनवेल्थ/एशियाड/नेशनल गेम्स मेडलिस्टों को कोच बनाकर नई प्रतिभाओं को तराशा जाएगा। हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान, हर विकासखंड पर मिनी स्टेडियम और हर जनपद में एक स्टेडियम निर्माण की कार्यवाही युद्धस्तर पर जारी है। ओपन जिम के निर्माण व युवा कल्याण विभाग के माध्यम से युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश ने हॉकी में अनेक दिग्गज दिए हैं। मेजर ध्यानचंद, के. डी. सिंह 'बाबू', मोहम्मद शाहिद, रवींद्र पाल, सैयद अली, डॉ. आरपी सिंह, सुजीत कुमार, रजनीश मिश्रा, मोहम्मद शकील, देवेश चौहान, एमपी सिंह, जगवीर सिंह, विवेक सिंह, राहुल सिंह, तुषार खांडेकर, दानिश मुर्तजा, ललित उपाध्याय, राजकुमार पाल, रंजना श्रीवास्तव, मंजू बिष्ट, पुष्पा श्रीवास्तव, रजनी जोशी, वंदना कटारिया, रितुषा कुमारी आर्या जैसे हॉकी खिलाड़ियों प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम को मेडल दिलाने वाले ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल उत्तर प्रदेश की ही देन हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के उपरांत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच देशभर में सांसद खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इससे पूर्व विधायक खेलकूद प्रतियोगिताएं खेल एवं युवा कल्याण विभाग आयोजित कराएगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, सांसद ब्रजलाल, संजय सेठ, विधायक जय देवी, योगेश शुक्ला, इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह, प्रमुख सचिव मनीष चौहान, खेल सचिव सुहास एलवाई, खेल निदेशक आरपी सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।



### मेजर ध्यानचंद ने तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाकर हॉकी को वैश्विक पहचान दी

सीएम ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए कहा कि जब मेजर ध्यानचंद जी की बात आती है तो हर भारतीय के मन में हॉकी की स्टिक नजर आने लगती है। 1928, 1932 और 1936 तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाकर उन्होंने भारत की हॉकी को वैश्विक पहचान दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सबसे प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार किसी नेता नहीं, बल्कि मेजर ध्यानचंद के नाम पर समर्पित किया गया। उत्तर प्रदेश के लिए यह इसलिए भी गौरव की बात है, क्योंकि यह उनकी जन्मभूमि है। उनकी स्मृति में मेरठ में प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का नामकरण मेजर ध्यानचंद जी के नाम पर किया गया है। इस सत्र से वहां पाठ्यक्रम प्रारंभ हो गया है।

### सीएम योगी ने उठाई हॉकी स्टिक... लगाया शॉट

सीएम योगी ने कार्यक्रम के दौरान हॉकी स्टिक से गेंद को हिट करके स्टेट हॉकी प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कुछ देर तक स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ और स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के बीच मैत्री हॉकी मैच भी देखा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को खेल गतिविधियों में सम्मिलित होने और फिटनेस के प्रति जागरूक रहने की शपथ भी दिलाई। मैच के अंत में मुख्यमंत्री के समक्ष स्कूली बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

### सीएम योगी ने इन परियोजनाओं का किया लोकार्पण

आजमगढ़ के स्पोर्ट्स स्टेडियम में समर्पित छात्रावास भवन का जीर्णोद्धार
बस्ती के स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्मित छात्रावास भवन का लोकार्पण
पीलीभीत के बहुउद्देशीय क्रीड़ाहाल एवं प्रशासनिक भवन का जीर्णोद्धार
गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में इंडोर वॉलीबाल हॉल का जीर्णोद्धार कार्य

### खेल अवस्थापनाओं के जीर्णोद्धार संबंधी कार्य

- बांदा के स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिम उपकरणों की स्थापना का कार्य
- मऊ में स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्मित खेल अवस्थापनाओं के जीर्णोद्धार कार्य
- मऊ में सिंथेटिक हॉकी मैदान के निर्माण कार्य का लोकार्पण

### इन प्रशिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

निशित दीक्षित (तैराकी), विवेक श्रीवास्तव (बास्केटबॉल), प्रवीन कुमार (बॉक्सिंग), परवेज अली (जूडो), राजेश यादव (जिम्नाटिक), विजय लक्ष्मी सिंह (खो–खो, कबड्डी), मुकेश कुमार सिंह (वॉलीबॉल), कुलदीप श्रीवास्तव (बैडमिंटन), विकास पांडेय (तीरंदाजी)।

### इन पूर्व खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

देवेंद्र सिंह (पुत्र मेजर ध्यानचंद), विजय सिंह चौहान (ओलंपियन/ अर्जुन अवॉडी), एमपी सिंह (ओलंपियन/ अर्जुन अवॉडी), देवेश चौहान (ओलंपियन/ अर्जुन अवॉडी), ललित उपाध्याय (ओलंपियन/ अर्जुन अवॉडी), शकील अहमद (ओलंपियन), राहुल सिंह (ओलंपियन) और दानिश मुज्तबा (ओलंपियन)।

### दबंग व उसके परिवार से सहमें गांववाले

# एक ही परिवार के आधा दर्जन लोगों को मारपीट में किया घायल

- घायलों के दिए प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने नहीं की कोई कार्यवाही
- शराब पीकर छत में निर्वस्त्र टहलता है आरोपी ।और देता है गंदी-गंदी गालियां

**जन एक्सप्रेस । बांदा**





जिले गिरवां थाना अंतर्गत ग्राम छिबांव के राघवदास पुत्र जागेश्वर त्रिवेदी ने थाना गिरवा में प्रार्थना पत्र सौंपकर बताया कि दिनांक 27 अगस्त को मेरी पत्नी अन्नपूर्णिमा हैंडपंप में करीब 9 बजे पानी भरने गई थी। वहीं शोभा पत्नी भैरम दीन ने पानी से भरी बाल्टी मेरी पत्नी के पैर में पटक दी जिससे मेरी पत्नी का पैर टूट गया। मेरी चीख सुनकर परिजन बचाने के लिए आऐ तो शोभा ने अपनी सभी पुत्रियों और पति के साथ एकजुट होकर हांसिया, डंडा, लोहे की रॉड से परिवार के सभी सदस्यों के ऊपर हमला कर दिया। जिससे सभी लोगों को गंभीर चोटे आई और वर्तमान में पीड़ित परिवार के कई लोग जख्मी हालत पर हैं। उक्त दबंग लोगों ने अपने बचाओ के लिए दिनांक 26 अगस्त को उल्टा ही डीआईजी कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपनी लड़कियों के साथ मिलकर हमें फर्जी केश में फंसाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। हमने भी पुलिस चौकी मे घायल अवस्था में जाकर लिखित शिकायत की लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।छिबांव गांव के कई लोगों ने बताया कि शोभा उर्फ लुच्चा दारू पीता है। और निर्वस्त्र होकर छत में चढ़ जाता है और पूरे गांव को गंदी गंदी गालियां देता है और आए दिन किसी न किसी से झगड़े पर आमादा रहता है। और अपनी लड़कियों को आगे करके लोगों को गलत तरीके से फ़ंसाने का कार्य करता है। इससे लगभग गांव के बहुत लोग त्रस्त रहते हैं। वहीं सोशल मीडिया में लुच्चा नाई का कारनामा वायरल है। क्या वाकई में इतनी गंभीर घटना हो गई और दो किलोमीटर दूर पुलिस चौकी से कोई मदद तक नहीं पहुंची। बल्कि आरोपी खुलेआम पीड़ित को फर्जी मुकदमे में फंसाने के लिए इधर-उधर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर भ्रमित करना चाहता रहा। पीड़ित परिवार ने अधिकारियों से अपील की है कि हमारे साथ न्याय किया जाए।

## चौथ वसूली के लिए वन कर्मियों को पीटने के मामले में दस्यु लवलेश को सजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

वन कर्मियों से चौथ वसूली करने के लिए मारपीट करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी दस्यु लवलेश को पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता गोपाल दास ने बताया कि बीती छह दिसम्बर 2015 को मानिकपुर थाने के कल्याणपुर गांव के निवासी प्रेमनारायण यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके चाचा देवनारायण यादव और रामप्रसाद कोल वन विभाग के वाचर का काम करते थे। जिसमें सिरसहा नाला के पास पौध रोपण के कार्य के दौरान सात-आठ बदमाश असलहा लेकर पहुंचे और पौध रोपण के कार्य में पैसा न मिलने पर दोनों को बन्दूकों की बटों से मारा और धमकी दी कि उनका हिस्सा न मिलने पर काम नहीं करने देंगे। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी निहि चिरैया गांव के निवासी लवलेश कोल समेत कई लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। साथ ही कुछ दिनों बाद आरोपी लवलेश कोल को गिरफ्तार किया था।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार की परेड का किया निरीक्षण, ली सलामी

- पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूटों की प्रशिक्षण योजना का लिया गया जायजा, दुरुस्त प्रशिक्षण के दिए निर्देश।
- पुलिस लाइऩ में ट्रेनिंग कर रहे रिक्रूटों के शारीरिक स्वास्थ के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ को बेहतर बनाने के दिए निर्देश।
- अग्निशमन की जानकारी के साथ पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूटों को आकस्मिक परिस्थितियों के लिए तैयार रहने के दिए टिप्स

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया गया तथा परेड की सलामी ली गई तत्पश्चात पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूटों की प्रशिक्षण योजना का भी जायजा लिया गया तथा प्रशिक्षण कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूटों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने पर विशेष बल दिया और प्रशिक्षण में संतुलन बनाए रखने की बात कही।

इसके अतिरिक्त रिक्रूटों को अग्निशमन (Fire Fighting) संबंधी जानकारी भी दी गई।जिससे वे आकस्मिक परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा आरटीसी बैरिक का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

तत्पश्चात रजिस्टर पेशी व विभिन्न रजिस्टरों को चेक किया गया। इस दौरान सहायक पुलिस अधिक्षक /क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टक व अग्निशमन अधिकारी डॉ. मतलूब हुसैन व अन्य संबंधित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# बाइक व लोहे के सामान सहित चार चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियो के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में कर्वी कोतवाली पुलिस टीम ने चार आरोपियों को ई-रिक्शा व चोरी की मोटरसाइकिल सहित 60 किलोग्राम लोहे के सामान के साथ गिरफ्तार किया। कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 25 अगस्त को बल्दाऊ गंज निवासी पंकज गुप्ता पुत्र रामआसरे गुप्ता ने बताया कि बीती 24 अगस्त की रात्रि उनके दुकान के सामने रखे लगभग 150 किलो लोहे के सामान को अज्ञात चोर नीले रंग के ई-रिक्शे पर लादकर चोरी कर ले गए है। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए। साथ ही घटना के सफल अनावरण के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। मामले की विवेचना के क्रम में शुक्रवार को कोतवाली कर्वी के उपनिरीक्षक संत प्रसाद एवं उनकी टीम आरक्षी राहुल देव, अजय तिवारी व महेन्द्र शुक्ला द्वारा आरोपी पुष्पेन्द्र निषाद निवासी कुली तलैया सोनेपुर, बाले पटेल निवासी पासी तिराहा सोनेपुर, अमित यादव निवासी चकमाली सीतापुर व विजय उर्फ रिंकू निवासी सिंचाई विभाग के बगल बहादुरपुर को चोरी की मोटरसाइकिल व 60 किलो ग्राम लोहे के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया। पूंछतांछ करने पर आरोपियों ने बताया कि उन्होंने बाइक बांदा व लोहे का सामान कर्वी के बल्दाऊ गंज से चोरी किया था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा को भी बरामद कर सीज किया।

# मेजर ध्यानचन्द्र की जयंती के अवसर पर मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चन्द्र की जयंती के अवसर पर जनपद में शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान मेजर ध्यान चन्द्र को श्रद्धांजलि देते हुए याद किया गया तथा प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिला स्पोर्ट स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में चित्रकूट हॉकी एकेडमी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय छछरिया खुर्द को 08-04 से हराकर विजेता बनी। उप विजेता पूर्व माध्यमिक विद्यालय छछरिया खुर्द रही। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा नेता शक्ति प्रताप तोमर, रवि गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, क्रीड़ाधिकारी अरविन्द कुमार सोनकर, युवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी प्रेम शंकर शुक्ला, श्याम सुन्दर, केशन, डॉ रमेश सिंह, शैलेन्द, अंगद सिंह, अख्तर हुसैन, फिरोज अंसारी, राजा मिश्रा, उमेश, सिद्धार्थ निगम आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित रामनाथ आश्रमशाला में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान विद्यार्थियों को छत्रपति शिवाजी एवं महाराणा प्रताप सदन में विभाजित किया गया।

जिसमें छत्रपति शिवाजी सदन विजेता रहा। छत्रपति शिवाजी सदन के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बजरंग आश्रम के संस्थापक निर्भयानन्द महराज, विद्यालय के प्राचार्य सत्यराम यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक रमाकान्त पाठक, जब्बार अली, धर्मेन्द्र पटेल, राम किशोर, संजय त्रिपाठी, राहुल कुशवाहा, डॉ अशोक पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षु आरक्षियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पुलिस लाइन में शुक्रवार को मानसिक स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन कर प्रशिक्षणरत 449 आरक्षियों को भावनात्मक व मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के दृष्टिगत जागरुक किया गया। इस दौरान आरक्षियों को मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम बनाये रखने और आत्मिक बल को प्राप्त करने के उपायों की जानकारी दी गई।

शिविर में आयुष ग्राम न्यास के संस्थापक व भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गुरु के पद से सम्मानित डॉ मदनगोपाल वाजपेयी ने कहा कि आरक्षी शब्द 'आ' उपसर्ग के साथ रक्ष धातु से मिलकर बना है, जिसका अर्थ समाज, राष्ट्र व परिवार की रक्षा करना होता है। रक्षा करने के दायित्व एवं कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए सभी को शारीरिक व ऐन्द्रिक रूप से ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी हमेशा पूर्णतः स्वस्थ एवं संतुलित रहना चाहिए। बताया कि जीवन में समग्र स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए आयुर्वेद में जीवन के तीन स्तम्भ- आहार, ब्रह्मचर्य और निद्रा बताये गये हैं।

जिसमें सर्वप्रथम आहार को शुद्ध रखना चाहिए क्योंकि ग्रहण किए गए अन्न से अन्नमय कोष (भौतिक शरीर) का निर्माण होता है तथा अन्नमय कोष से ही प्राणमय कोष (जीवन शक्ति या ऊर्जा) तथा प्राणमय कोष से ही मनोमय कोष (मन और भावनाओं) का निर्माण होता है। इसीलिए कहा जाता है जैसा खाओ अन्न, वैसा होगा मन। अतः जो भी भोजन करें, वह पवित्रतापूर्वक अर्जित तथा पवित्रतापूर्वक बनाया गया होना चाहिए। ब्रह्मचर्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सात्विक भोजन मन को नियन्त्रित करने में सहायक होता है क्योंकि मन ही हमारी समस्त इन्द्रियों का नियंत्रक है। इन्द्रियों को चिर काल तक संतुष्ट नहीं कर सकते, इसलिए इन्द्रियों के वश में होने के बजाय मन के द्वारा इन्द्रियों को अपने वश में करने का निरन्तर प्रयास करना चाहिए। सतत् अभ्यास से ऐसा कर पाना सम्भव है और मानसिक रूप से स्वस्थ तथा आत्मिक बल से युक्त व्यक्ति प्रत्येक कार्य कर पाने में सक्षम होता है। निद्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ वाजपेयी ने कहा कि निद्रा पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि निद्रा पूर्ण न होने पर व्यक्ति चिड़चिड़ा और मानसिक रूप से असंतुलित होता जाता है। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव ने डॉ वाजपेयी को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया तथा प्रशिक्षु आरक्षियों से उनके बताए गए मार्ग का अनुसरण करने की अपील की।

# आज होगा माध्यमिक शिक्षक संघ का मुख्यमंत्री को संबोधित 22 सूत्रीय ज्ञापन व एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट के द्वारा प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर एक दिवसीय धरने का आयोजन कर मुख्यमंत्री को संबोधित 22 सूत्रीय मांगपत्र एवं जनपद के शिक्षकों की समस्याओं का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए संगठन के जिला संरक्षक डॉ जानकी शरण शुक्ला एवं जिलाध्यक्ष बालाराम ने बताया कि इसी क्रम में जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर अपराहन 1.30 से 4:00 बजे तक शांतिपूर्ण धरना देकर मुख्यमंत्री को संबोधित 22 सूत्रीय मांगपत्र एवं जनपद की समस्याओं का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया जाएगा जिला कार्यकारिणी के द्वारा जनपद के जनता इंटर कॉलेज खुरहण्ड,हिंदू इंटर कॉलेज अतर्रा, ब्रह्म विज्ञान इंटर कॉलेज अतर्रा, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अतर्रा, आदर्श इंटर कॉलेज बिसंडा एवं जय भारत इंटर कॉलेज मुरवल का दौरा किया गया।

# जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने किया 'संस्कृति के रंग' कला प्रदर्शनी का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



शुक्रवार को ब्लैंक स्लेट अकादमी में **'संस्कृति के रंग'** कला प्रदर्शनी का शुभारंभ जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद द्वारा किया गया।

इस प्रदर्शनी का उद्देश्य जिले के उभरते हुए कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह प्रदर्शनी 3 दिनों तक चलेगी। इस आयोजन में निम्नलिखित प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपनी चित्रकला का प्रदर्शन किया साक्षी गुप्ता, योगिता गुप्ता, मयंक कुमार, प्रज्ञा गुप्ता, श्रेया गुप्ता, आचमन त्रिवेदी, विजय कुमार, शुभ गुप्ता आदि कलाप्रेमी शामिल रहे।

## पुलिस ने पच्चीस हजार रुपये के इनामी फरार बदमाश को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत चिकासी पुलिस ने मुकदमा धारा 65(1)/351(3)/127 (2)/61 (2) BNS सहित 3/4 पाक्सो एक्ट के थाना क्षेत्र के इकौना निवासी 18 वर्षीय इनामिया बदमाश दीपेन्द्र पाल पुत्र बाबूराम को बरौली मोड़ के पास बनी चाय की दुकान से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। जबकि बदमाश को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सन्तोष सिंह, महिला एस आई जागृति कटियार, कांस्टेबल शिवम यादव सहित कांस्टेबल हरिओम शर्मा मौजूद रहे।

# एक सैकड़ा बाढ़ पीड़ितों को नहीं मिली राहत राशि और राशन किट

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



पिछले दिनों यमुना और बेतवा में आई भीषण बाढ़ ने तबाही मचाते हुये जहाँ किसानों की फसलों को चौपट करने का काम किया था, तो वहीं उनके घरों को भी नहीं छोड़ा था। जिसके बाद बाढ़ की चपेट में आये लोगों को अपना घर छोड़कर या तो प्रशासन के बनाये राहत शिविर में जाना पड़ा था, या फिर सड़क के किनारे पन्नी और तिरपाल लगाकर अपना आशियाना बनाना पड़ा था, जिसके बाद प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह चन्देल ने हैलीकॉप्टर से दौरा कर बाढ़ के हालात का जायजा भी लिया था, साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सरकार की तरफ से बाढ़ पीड़ितों की हर मुमकिन मदद का भरोसा भी दिलाया था, लेकिन अमिरता डेरा के बाढ़ पीड़ित करीब एक सैकड़ा लोगों को अब तक न तो फसलों के नुकसान के मुआवजे के तौर पर कोई राहत राशि मिली है, और न ही कोई राहत किट।

जबकि हमीरपुर सदर तहसील के अमिरता के डेरा की बिटोल पत्नी लालाराम, छोटू पुत्र राम बाबु, राम स्वरूप पुत्र छंगा,फूल कली पत्नी भैय्या लाल, सरिता पत्नी किशन स्वरूप, पान कुमारी पत्नी राम बबु, ववजय पाल पुत्र गामफूल, संगीता पत्नी शिवबाबू, किरन देवी पत्नी राजेश, राम कुंवर पत्नी स्व0 गज्जा सहित करीब एक सैकड़ा लोगों ने बताया कि जबकि तत्कालीन लेखपाल शिवकुमार ने अमिरता के डेरा का सर्वे करने के बाद सभी बाढ़ पीड़ितों के नाम की लिस्ट तैय्यार की थी, लेकिन उन्हें आज तक न तो कोई मुआवजा मिला, और न ही राहत राशन किट दी गई है। जबकि हमीरपुर नगर पालिका क्षेत्र में आने वाले बाढ़ पीड़ितों को राहत किट बांटी जा रही है। बाढ़ पीड़ितों ने तेज तर्रार जिलाधिकारी घनश्याम मीणा से राहत राशन किट के साथ ही मुआवजे की राशि दिलाने की गुहार लगाई है।



### गाजियाबाद में लगातार बारिश से शहर जलमग्न...

गाजियाबाद में बीते कुछ दिनों से लगातार बारिश ने मौसम को सुहाना कर दिया है, लेकिन साथ ही शहर में जलभराव और जाम की समस्या भी बढ़ गई है। शुक्रवार सुबह से ही गाजियाबाद में भारी बारिश का दौर जारी है। दोपहर को झमाझम बारिश ने शहर को तरबतर... पढ़ें पेज 12 पर...

# सम्राट सिटी नार्थ घोटाला: मौत की धमकी करोड़ों की लूट–कब चलेगा योगी का बुलडोज़र?

- गरीब की किस्तों से पाल रहे शूटर, सत्ता और रसूख की ढाल में दबंग

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजधानी में प्रॉपर्टी माफियाओं का आतंक अपने चरम पर है। सरकार बुलडोज़र नीति और जीरो टॉलरेंस की बात करती है, लेकिन हकीकत यह है कि गरीब जनता की ज़िंदगी और कमाई दोनों पर दबंग माफिया खुलेआम डाका डाल रहे हैं। ताज़ा मामला सम्राट सिटी नार्थ हाउसिंग प्रोजेक्ट का है, जहां गरीब महिला तारावती गुप्ता को न केवल प्लॉट से वंचित कर दिया गया, बल्कि मौत की धमकी देकर दहशत में जीने को मजबूर कर दिया गया।




#### राजनीति और दबंगई की ढाल

रुपेश श्रीवास्तव का परिवार इलाके में दबंग और राजनीतिक पकड़ रखने वाला बताया जा रहा है। पिता प्रधान रहे, भाई चुनाव लड़ चुका है। इसी रसूख और दबंगई के दम पर गरीब जनता को डराया-धमकाया जा रहा है।

### मौत की धमकी: तेरी लाश झाड़ियों में मिलेगी...

हाउसिंग प्रोजेक्ट का मास्टरमाइंड बताए जा रहे रुपेश श्रीवास्तव ने महिला को व्हाट्सऐप कॉल पर साफ शब्दों में कहा, अगर पुलिस या मीडिया के पास गई तो अगले दिन तेरी और तेरे बेटे की लाश झाड़ियों में मिलेगी। तुम्हारे पैसों से अब हम अपने शूटर पालेंगे। तारावती का दर्द यह है कि उन्होंने 6 साल तक 3000-3000 की 72 किस्तें जमा करके 2,16,000 दिए। सपना था बेटे के लिए घर बनाने का, लेकिन अब वही सपना उनकी मौत की वजह बन गया।

#### बंथरा में दूसरा खेल, गाड़ियों पर भी लूट

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बंथरा स्थित लक्ष्मी बजाज शोरूम पर भी इसी तरह की ठगी हो रही है। बाइक बेचकर खरीदारों पर लोन करा दिया जाता है और जब तक पूरा लोन नहीं चुकता, आरसी रोककर रखी जाती है। आरसी मांगने वालों से रुपेश पैसे वसूलता है, और न देने पर धमकी देता है।

#### सरकार से सीधे सवाल

- कब चलेगा बुलडोज़र इन करोड़ों हड़पने वाले माफियाओं पर?
- क्या जीरो टॉलरेंस की नीति सिर्फ छोटे अपराधियों और झोपड़पट्टी वालों के लिए है?
- गरीब जनता के लुटे हुए पैसे कौन लौटाएगा?
- क्या यूपी में घर खरीदने का सपना अब मौत का सौदा बन चुका है?

#### जनता का खून-पसीना डकार गए माफिया

सूत्रों के मुताबिक, रुपेश श्रीवास्तव और उसके परिवार ने हजारों लोगों से करोड़ों रुपये वसूले। प्लॉट का सपना दिखाकर पैसा वसूला और जब लोगों ने सवाल उठाए तो कंपनी के खाते से पैसा अपने निजी खातों में ट्रांसफर कर लिया। यानी – जमीन गायब, पैसा गायब और अब धमकियों का आतंक।

#### जन एक्सप्रेस का सवाल

क्या योगी सरकार सिर्फ दिखावटी बुलडोज़र चला रही है या वाकई में गरीबों की हिफाज़त के लिए कोई सख्त कदम उठाएगी?

*(जन एक्सप्रेस इस खबर की स्वतंत्र पुष्टि नहीं करता। खबर सूत्रों से प्राप्त जानकारी पर आधारित है।)*

# जांच का मजाक: आरोपी ही बना खुद का जज




**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

प्रदेश की राजधानी में स्वास्थ्य महकमे की पोल खोलने वाली एक चौंकाने वाली कहानी सामने आई है। यह कहानी सिर्फ भ्रष्टाचार की नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की बेईमानी का आईना है। जिस डिप्टी सीएमओ व सीएमओ पर गंभीर आरोप थे–शिकायतकर्ता की जांच का जिम्मा उन्हीं को सौंप दिया गया! अब सवाल उठता है, जब आरोपी ही जज बन जाएगा तो न्याय की उम्मीद कौन करेगा?

### शिकायत थी आग, शासन ने पानी डाल दिया

शिकायतकर्ता आशीष कुमार सिंह ने शपथपत्र देकर पूरे सबूतों के साथ आरोप लगाए कि डिप्टी सीएमओ डॉ. अखंड प्रताप सिंह ने सरकारी खर्च पर डिग्री ली, लेकिन न मरीजों को देखा न ऑपरेशन किए। यानी सरकारी खजाने से पढ़ाई का फायदा जनता को नहीं, बल्कि सिर्फ डॉक्टर साहब को मिला। लेकिन शासन ने क्या किया? लीपापोती। फाइल घुमा दी। जांच का ढोंग रच दिया। और आरोपी को ही जांच की कुर्सी पर बैठा दिया।

### जांच का खेल–पहले से लिखा हुआ नाटक

जांच रिपोर्ट में लिख दिया गया कि शिकायतकर्ता जांच में उपस्थित नहीं हुए, इसलिए आरोप पोषणीय नहीं हैं।लेकिन असली सवाल यह है–शिकायतकर्ता आरोपी के सामने जाकर गुहार क्यों लगाएगा? जब पूरा खेल ही 'फिक्स्ड' था तो उसमें शरीक होना खुद बेइज्जती नहीं तो और क्या था?

### डिग्री से जनता को क्या मिला?

डॉ. अखंड प्रताप सिंह ने केजीएमयू से नेत्र रोग में डिप्लोमा किया। सरकारी पैसे से, सरकारी सिफारिश से। लेकिन हैरत की बात–आज तक उन्होंने एक भी सर्जरी नहीं की। सीएमओ दफ्तर भी मानता है कि साहब सिर्फ कुर्सी पर बैठकर प्रशासनिक काम देखते हैं। तो फिर सवाल उठता है–सरकारी खजाने से पढ़ाई अगर मरीजों के काम न आई तो इसका असली लाभार्थी कौन है? शासन ने यह कहकर मामले को दबाने की कोशिश की कि शिकायतकर्ता की दाखिल पीआईएल (1091/2025) हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। लेकिन असलियत यह है कि याचिका तकनीकी आधार पर खारिज हुई, आरोपों की मेरिट पर सुनवाई ही नहीं हुई। यानी सच्चाई सामने आने से पहले ही परदे डाल दिए गए।

#### अब बड़े सवाल–क्या यही 'गुड गवर्नेंस' है?

- जब आरोपी ही जांच करेगा तो इंसाफ की उम्मीद कौन करे?
- शासन स्तर पर आदेश आने के बावजूद कार्रवाई महज खानापूर्ति क्यों रही?
- जनता की गाढ़ी कमाई से पढ़ाई करने वाले अफसर अगर जनता को ही लाभ न दें तो क्या यह जनता के साथ धोखा नहीं?

#### विपक्ष के लिए खुला मुद्दा

यह पूरा मामला सिर्फ एक अफसर का नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम के सड़ने का सबूत है। जब भ्रष्टाचार के आरोपी को ही जांच की कुर्सी मिल सकती है, तो बाकी विभागों की हालत का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं। यह कहानी सत्ता पक्ष की उस 'गुड गवर्नेंस' की पोल खोलती है, जिसका ढिंढोरा सरकार दिन-रात पीटती है। यह सिर्फ लखनऊ का मामला नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की व्यवस्था पर सवाल है। विपक्ष चाहे तो इसे बड़ा हथियार बना सकता है–क्योंकि यहां आरोपी ही खुद का जज बन बैठा और शासन आंखें मूंदे रहा।

# बिना ऑपरेशन बवासीर का इलाज

## लखनऊ में 'विश्वास पॉलीक्लिनिक' बनी हज़ारों रोगियों की नई उम्मीद

- लखनऊ के दुब्बागा में दर्द से जूझ रहे लोगों के लिए बनी नई उम्मीद

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

तेज़ रफ्तार ज़िंदगी, ग़लत खानपान और बिगड़ी दिनचर्या यही वजह है कि पेट और गुदा रोग आज आम होते जा रहे हैं। बवासीर, भगंदर और फिशर जैसी बीमारियाँ घर-घर की समस्या बन चुकी हैं। लेकिन सबसे बड़ी विडंबना यह है कि लोग शर्म और झिझक के चलते समय पर डॉक्टर के पास नहीं पहुँचते। नतीजा– छोटी सी परेशानी ज़िंदगीभर का दर्द बन जाती है। इसी अंधेरे के बीच राजधानी लखनऊ के दुब्बागा इलाके में विश्वास पॉलीक्लिनिक एंड बवासीर देखभाल केंद्र लोगों के लिए उम्मीद की एक नई किरण बनकर सामने आया है। यहाँ के



डॉ0 वी. के विश्वास

प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. वी.के. विश्वास (बीएएमएस, सीसीएच, सीजीओ) उन मरीजों को राहत दे रहे हैं जो वर्षों से दर्द और डर के साये में जी रहे थे। डॉ. विश्वास कहते हैं मरीजों की सबसे बड़ी चिंता होती है ऑपरेशन और उसके बाद की परेशानी। हमारा प्रयास है कि बिना ऑपरेशन, सुरक्षित और दर्दरहित इलाज देकर उन्हें जीवन की नई शुरुआत दी जाए। अब तक हज़ारों मरीज इस क्लिनिक से स्वस्थ होकर लौट चुके हैं। खासकर वे लोग जिन्हें बार-बार दरार, पुराना घाव या न भरने वाली चोट ने जीवन दूभर कर दिया था। यहाँ आधुनिक तकनीक से बिना चीरे और बिना खून-खराबे के इलाज किया जाता है, जिससे मरीज न केवल स्वस्थ होते हैं बल्कि दोबारा बीमारी लौटकर नहीं आती। स्थानीय लोगों का कहना है कि विश्वास पॉलीक्लिनिक ने समाज को यह मजबूत संदेश दिया है बीमारी शर्म की नहीं, इलाज न कराने की बात शर्म की है। समय पर सही इलाज मिल जाए तो दर्दनाक रोग भी स्थायी रूप से खत्म हो सकते हैं। लालाबाग भूहर रोड, एचपी पेट्रोल पंप के पास, कानपुर बाईपास, दुब्बागा, लखनऊ स्थित यह केंद्र आज उन रोगियों की पहली पसंद बन चुका है जो बिना ऑपरेशन राहत चाहते हैं।

# मलिहाबाद में हरिशंकरी महोत्सव के तहत व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

**मलिहाबाद।** लखनऊ में शुक्रवार को हरिशंकरी महोत्सव के तहत व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 15 वार्डों में विभिन्न स्थानों पर हरिशंकरी के पौधे लगाए गए कार्यक्रम में विधायक जयदेवी कौशल, उपजिलाधिकारी अकिंत मौर्य, अधिशासी अधिकारी राज कुमार चौधरी और व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता व गोपेश्वर गौशाला के महामंत्री अभिषेक गुप्ता सहसंयोजक हरि संकरी अभियान नगर पंचायत मौजूद रहे। इसके अलावा उपनिरीक्षक अमन श्रीवास्तव, रेंजर आलोक तिवारी, सभासद और लोक भारती के पदाधिकारी भी शामिल हुए हरिशंकरी में पीपल, बरगद और पाकड़ के पौधों का संयुक्त रोपण किया जाता है। इन




तीनों पौधों को इस तरह लगाया जाता है कि बड़े होने पर इनका एक साझा छत्र बने और तीनों के तने एक ही तने के रूप में दिखाई दें बारिश का मौसम होने के कारण यह पौधे रोपण का उपयुक्त समय है। इस दौरान लगाए गए पौधे आसानी से वृक्ष का रूप ले लेते हैं। हरिशंकरी वृक्ष का पौराणिक और आध्यात्मिक महत्व है। अधिकारियों ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण में इन वृक्षों के योगदान के बारे में जागरूक किया। यह अभियान पूरे उत्तर प्रदेश में चलाया जा रहा है।

# रहीमाबाद में धूम धाम से मनाया जा रहा है गणेश उत्सव

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मलिहाबाद लखनऊ श्रीगणेश पूजन उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है पंडाल में गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर भक्तगण विघ्नहर्ता मंगलकर्ता की उपासना कर रहे हैं। पूजन पंडाल पर सुबह शाम गणपति बप्पा के जयकारों के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। श्री गणेश आरती में शामिल होने के लिए महिलाओं व बच्चों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बताते समय कि रहीमाबाद बाजार में गणेश उत्सव कमेटी की ओर से



आयोजित उत्सव में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है पंडाल में स्थापित गणेश प्रतिमा की आराधना करने के लिए सुबह शाम श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कार्यक्रम शाम 8ः00 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 12ः00 बजे समाप्त होता है कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अनूप गुप्ता दीपक सुनार अमन सोनी आकाश सोनी आकर्ष गुप्ता अनुपम गुप्ता सागर सोनी सहित रहीमाबाद व्यापार मंडल का योगदान रहा है।

# मलिहाबाद पुलिस ने चलाया विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

पुलिस आयुक्त लखनऊ अमरेंद्र कुमार सेंगर, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था लखनऊ बबलू कुमार के मार्गदर्शन में पुलिस उपायुक्त उत्तरी लखनऊ गोपाल कृष्ण चौधरी, अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी जितेन्द्र कुमार दुबे के निर्देशन में उत्तरी जोन में यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा नगर निगम की टीमों की सहायता से भीड़-भाड़ वाले स्थानों, मुख्य मार्गों, चौराहों आदि पर अतिक्रमण हटाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की गयी। इस दौरान जोन उत्तरी के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गई। वहीं मलिहाबाद थाना पुलिस टीम द्वारा मिर्जागंज चौराहे पर अतिक्रमण हटवाया गया।

# मेजर ध्यानचंद्र जी की 120 जयंती पर खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब जिले के इटौंजा नगर द जिम में मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य पर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विजेता हुए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं द जिम के प्रबंधक समरजीत सिंह भी रहे। इस अवसर पर जिला संयोजक अनुभव मिश्र ने कहा लगातार तीन बार स्वर्ण पदक अपने देश को जीताने वाले महान मेजर ध्यानचंद्र जी की 120 जयंती पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खेलो भारत गतिविधि के माध्यम से संगठनात्मक जिला बीकेटी द्वारा यह खेल प्रतियोगिता ग्रामीण परिवेश में रह रहें। विद्यार्थियों की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का काम विद्यार्थी परिषद कर रहा है, खेलेगा युवा, जीतेगा भारत द जिम के प्रबंधक समरजीत सिंह, नगर सह मंत्री तन्मय भारद्वाज नगर कार्यकारिणी सदस्य अनुज त्रिवेदी भी रहे।

# हसैनगंज पुलिस ने अन्तर्राज्यीय एक चोर ठग गैंग के सदस्य को किया गिरफ़्तार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर व संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय अमित्त वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों के विरूद्ध गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त (मध्य) आशीष श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस उपायुक्त (मध्य) ममता रानी तथा सहायक पुलिस आयुक्त हजरतगंज विकास जायसवाल के निर्देशन में एवं थानाध्यक्ष शिवमंगल सिंह हुसैनगंज के नेतृत्व में थाना हुसैनगंज पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0118/2025 धारा



303(2)/324(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित प्रकाश में अभियुक्त कालिदास पुत्र पेरूमल स्वामी वर्तमान पता म0सं0 617 एफ ब्लॉक दक्षिणपुरी नई दिल्ली स्थायी पता 23 बी 2, गांधीनगर मोहनपुर नमक्कल तमिलनाडु उम्र करीब 45 वर्ष को उसके निवास स्थान म0सं0 617 एफ ब्लॉक दक्षिणपुरी नई दिल्ली को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। अभियुक्त कालिदास उपरोक्त के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।थाना स्थानीय पर दिनांक 27.08.2025 को वादी मुकदमा के प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 0118/2025 धारा 303(2)/324(2) बी0एन0एस0 बावत अज्ञात द्वारा वादी की कार का शीशा तोड़कर बैग में रखे एप्पल का लैपटॉप, मैकबुक ऐर, मोबाइल, वायलेट, 20,000/- कैश, आईडेन्टिटी कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य डॉक्युमेंटस को चोरी कर लेने के सम्बन्ध में पंजीकृत कराया गया था। जिसके कब्जे से वादी मुकदमा की गाडी से चोरी किये गये सामान एक अदद एयर पॉड्स व नकद 5200 रूपये बरामद होने के आधार पर अभियुक्त को उसके जुर्म से अवगत कराते हुये नियमानुसार दिनांक 28.08.2025 समय 18.00 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान मा0 सर्वोच्च न्यायालय मानवाधिकार आयोग के आदेशों निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया। सम्बन्ध में अन्य थाना व जनपद से जानकारी की जा रही है।

# सीबीआई–पुलिस बनकर ठग रहे हैं अपराधी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राज्य महिला आयोग में साइबर क्राईम,एआई विषयक एक कार्यशाला का आयोजन अध्यक्ष डॉ.बबीता सिंह चौहान महिला आयोग की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, चारू चौधरी, सदस्य राज्य महिला आयोग एवं अरुण कुमार सहायक पुलिस आयुक्त ने किया।जागरुकता कार्यक्रम में अरुण कुमार द्वारा फिशिंग लिंक के माध्यम से किये जाने वाले साइबर अपराध, विशिंग कॉल्स के माध्यम से किये जाने वाले साइबर अपराध, ऑनलाइन बाजारों का उपयोग करके किये जाने वाले साइबर अपराध, एटीएम कार्ड स्किमिंग फ्रॉड, सिम स्वैपिंग या सिम क्लोनिंग के माध्यम से किये जाने वाले साइबर अपराध, सर्च इंजनों के माध्यम से क्रडेंशियल कॉम्प्रोमाइज कर किये जाने वाले साइबर अपराध, यूपीआई अकाउंट टेकओवर फ्रॉड, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, कैशबैक ऑफर का प्रयोग कर ऑनलाइन फ्रॉड आदि योजनाओं के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी दी गयी।

# बीकेटी में लड़की से की दरिंदगी

## पिता ने दर्ज करवाया मुकदमा, जंगल में पड़ी मिली थी बेसुध बेटी

- बीकेटी पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी, दो नामजद, दो अज्ञात के पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बीकेटी थाना क्षेत्र अंतर्गत चार युवकों ने किशोरी को अगवा कर उसके साथ गैंगरेप किया गया है। घटना गुरुवार रात बीकेटी थाना क्षेत्र की है। पहले दो युवकों ने बाइक से किशोरी जिसकी उम्र 16 साल को जंगल में ले गए, वहां दो अन्य युवकों को भी बुलाया लिया। एक-एक कर चारों ने किशोरी के साथ दरिंदगी की, तभी बाइक पर बैठाकर उसे दूसरी जगह ले जाने लगे,कि रास्ते में किशोरी ने हिम्मत दिखाते हुए बाइक की हैंडल पकड़कर खींच दी। जिससे बाइक गिर गई और वहां मौजूद ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ लिया। उसे बीकेटी पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पूछताछ में एक अन्य आरोपी को भी पकड़ा है। बाकी दो आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है। दोनों आरोपियों की पहचान शिवा व राज के रूप में हुईं, अन्य दो अज्ञात आरोपियों को किशोरी पहचान नहीं पाई। वहीं किशोरी का परिवार काफी गरीब वर्ग से है। पिता की मानसिक हालत बहुत ठीक नहीं है। जिसके चलते मां मेहनत मजदूरी करके तीन बेटी और एक बेटे का पालन-पोषण खर रही है। किशोरी की पढ़ाई छूट चुकी है, घर में ही रहकर घर के काम करती थी।जब किशोरी नहीं मिली तो आसपास खोजना शुरू किया, तभी गांव के ही एक लड़के ने बताया, किशोरी पुलिया के पास पड़ी है। वहीं पर बाइक से एक लड़का भी पड़ा है। इस पर गांव वालों ने मौके पर जाकर देखा तो राज नाम का युवक नशे की हालत में था, तभी मौके पर पहुंची पुलिस ने राज को हिरासत में लिया। वहीं पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर राज की निशानदेही पर शिव को भी पकड़ लिया,पुलिस ने घटनास्थल पर जांच-पड़ताल की,पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



# लखनऊ में हरिशंकरी महोत्सव: 270 पौधों का सामूहिक रोपण

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली अभियान को गति देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, लोक भारती और विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त प्रयास से आज लखनऊ जिले में एक साथ 270 हरिशंकरी (पीपल, बरगद एवं पाकड़) पौधों का रोपण किया गया। पूरे जिले में वन विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक हरिशंकरी महोत्सव मनाया। इस अवसर पर लोक भारती के संगठन मंत्री बृजेंद्र पाल सिंह एवं जिलाधिकारी विशाख जी ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के मूल स्तंभ हैं। इनके संरक्षण से न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहेगा बल्कि जल एवं मृदा संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि पीपल, बरगद और पाकड़ जैव विविधता की दृष्टि से सर्वोत्तम प्रजातियां हैं, जो वायु शुद्धिकरण,



छाया, औषधीय गुण एवं जलवायु संतुलन के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में विधायक, खंड विकास अधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख एवं लोक भारती के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में डीएफओ सितांशु पांडेय, लोक भारती के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, संपर्क प्रमुख श्रीकृष्णा चौधरी, एमएलसी पवन सिंह चौहान, बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, मलिहाबाद की विधायिका जय देवी कौशल, एसडीएम गोशाईगंज पवन पटेल, ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा, बख्शी तालाब ब्लॉक प्रमुख मोनू सिंह, नगर पंचायत अमेठी के प्रतिनिधि मोहम्मद वाहिद, नगर पंचायत मलिहाबाद के अध्यक्ष मोहम्मद अहसान, इटौजा नगर पंचायत अध्यक्ष अवधेश अवस्थी सहित अनेक जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर लोक भारती के राष्ट्रीय सचिव डॉ. पार्थ प्रतिम, व्यवस्था प्रमुख कमलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह, गायत्री परिवार के गोपाल ओझा, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अतुल मिश्रा, राष्ट्रीय संयोजक डॉ. देव ज्योति, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष देवेंद्र विक्रम सिंह, पूर्व डीएफओ प्रेम सागर त्रिपाठी, सामाजिक समरसता प्रमुख नरेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी., पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **ई–प्रापण निविदा सं.: NER-GKP-RSP-2025-12** शुद्धि पत्र सं. 01 सहित; **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के मैजापुर–कर्नलगंज रेलवे स्टेशनों के बीच किमी 679/2–3 पर एल.सी. संख्या 276/सी के स्थान पर एलएचएस के साथ दो लेन के एंड–टू–एंड रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण, जिसमें पहुंच मार्ग में आरई वॉल/पीएससी गर्डर/कम्पोजिट गर्डर शामिल हैं और रेलवे हिस्से में आरडीएसओ के कैमल बैक ट्रस प्रकार के गर्डर का उपयोग किया जाएगा।; **अनुमानित निविदा मूल्य (₹):** ₹51,18,85,717.14; **बयाना राशि (₹):** ₹27,09,400/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** 0.00 शून्य; **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 महीने। • बिड प्रारम्भ करने की तिथि – दिनांक **09.09.2025.** • उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अंतिम तिथि–दिनांक **23.09.2025, 15:00** बजे तक. • उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि – दिनांक **23.09.2025, 15:00** बजे. • निविदा सूचना योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिंदी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**अधिशासी अभियंता/निर्माण/आर.एस.पी.**
**मुजाधि/डब्ल्यू–231 गोरखपुर**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# ग्रामीणों ने बिजली समस्या को लेकर दिया ज्ञापन, लगाए नारे

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के सेमरौता पावर हाउस के अंतर्गत आने वाले कोलवा गांव में बिजली की गंभीर समस्या को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने जोरदार विरोध दर्ज कराया।

लंबे समय से जर्जर तारों, लो वोल्टेज और कमजोर ट्रांसफार्मर की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने पूर्व प्रधान प्रभात द्विवेदी पन्नोहना के नेतृत्व में अधिकारियों से मिलकर समाधान की मांग की। ग्रामीणों का कहना है, कि गांव में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। पुराने व जर्जर तार किसी भी समय बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। आए दिन शॉर्ट सर्किट और फॉल्ट के कारण आपूर्ति बाधित रहती है।

वहीं कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर से लो वोल्टेज की समस्या इतनी गंभीर है, कि न तो घरेलू उपकरण सही से चल पाते हैं, और न ही खेतों की सिंचाई का कार्य हो पा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग की कि गांव में जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए तथा जर्जर तारों को हटाकर नए तारों की व्यवस्था की जाए, जिससे उन्हें सुरक्षित और सुचारु बिजली आपूर्ति मिल सके।

ग्रामीणों ने कहा कि वे इस समस्या को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ मुरादाबाद के नारे लगाए और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल सबसे पहले सेमरौता उपकेंद्र पहुंचा, लेकिन वहां जिम्मेदार अधिकारी सवाई न होने के कारण उनकी बात नहीं हो सकी।इसके बाद सभी लोग सीधे तिलोई विद्युत केंद्र पहुंचे।

यहां अवर अभियंता राकेश रोशन ने ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द ही किया जाएगा।

गांववासियों का कहना है, कि खराब बिजली व्यवस्था का असर बच्चों की पढ़ाई से लेकर आम जनजीवन तक पर पड़ रहा है। रात में अंधेरे के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।वहीं लो वोल्टेज के चलते पंखे,कूलर, मोटर और अन्य विद्युत उपकरण खराब हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

किसानों ने कहा कि खेतों में सिंचाई कार्य न हो पाने से खेती भी प्रभावित हो रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिनमें विजय कुमार, अखिलेश पासी, रामखेलावन, रंजीत कुमार, शारदा, विपिन कुमार, राज बहादुर, सूरज, राम सजीवन, दुल्हन, बद्री, राम लखन, अशोक, आसाराम वर्मा, गुरु शरण वर्मा सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे। पूर्व प्रधान प्रभात द्विवेदी ने कहा कि अगर विभाग ने समय रहते ध्यान नहीं दिया तो ग्रामीण आंदोलन की राह पकड़ेंगे। उन्होंने विभाग से तत्काल ठोस कार्यवाही करने की मांग की।

# शिक्षक एमएलसी का तिलोई विधानसभा क्षेत्र के कई स्कूलों में हुआ स्वागत

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**



शिक्षक एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी का तिलोई विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भव्य स्वागत हुआ। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने शिक्षकों, विद्यार्थियों और विद्यालय प्रबंधकों से संवाद स्थापित कर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया। चिलौली स्थित शिवकुमारी शुक्ला इंटर कॉलेज में उनके पहुंचते ही विद्यालय परिवार एवं स्थानीय नागरिकों ने फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक देवेन्द्र शुक्ला और प्रधानाचार्य शिवचन्द्र त्रिवेदी ने की। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोग एवं शिक्षक महासभा के संरक्षक शामिल हुए। शिक्षक महासभा की ओर से जिला मंत्री जय प्रकाश द्विवेदी और शिव भूषण उपाध्याय ने भी उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में शिक्षक एमएलसी ने कहा कि शिक्षक समाज की सच्ची दिशा और दशा तय करते हैं। शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना ही हमारा सबसे बड़ा संकल्प है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षकों की समस्याओं और शिक्षा की चुनौतियों के समाधान हेतु ठोस कदम उठाए जाएंगे। विद्यालयों के भ्रमण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।और शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने एडवोकेट एवं पत्रकार जय प्रकाश पांडेय से भी भेंट की और क्षेत्र की शैक्षणिक परिस्थितियों पर विचार-विमर्श किया। तिलोई क्षेत्र में हुए इस स्वागत कार्यक्रम से स्पष्ट हुआ कि शिक्षक समाज में ध्रुव कुमार त्रिपाठी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

# 15 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर सलाउद्दीन पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अमेठी पुलिस को शुक्रवार को बड़ी सफलता मिली। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामिया और अन्तरजनपदीय कुख्यात अपराधी सलाउद्दीन पुत्र फहमुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह मय टीम ने कार्रवाई की। पुलिस को काफीसमय से सलाउद्दीन की तलाश थी, जिस पर हत्या, लूट, डकैती और गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर अपराधों के कुल 24 मुकदमे दर्ज हैं।सूत्रों के मुताबिक आरोपी जून 2025 से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा रू.15,000 का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। पकड़े गए सलाउद्दीन से एक सफारी गाड़ी यूपी-33 बीए 3435 भी बरामद की गई, जिस पर 207 एमवी एक्ट की कार्यवाही की गई है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, उपनिरीक्षक कुंवर सिंह, मनोज कुमार प्रजापति, हेड कांस्टेबल ज्ञानेन्द्र सिंह, अखिलेश तिवारी, विजय शंकर तथा कांस्टेबल नरेश वर्मा और अभिमन्यु शामिल रहे।

पुलिस अधीक्षक ने गिरफ्तारी को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए पूरी टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## 39 ग्राम पंचायतों में नए पंचायत सहायकों की तैनाती

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** जिले की 39 ग्राम पंचायतों में नए पंचायत सहायकों की तैनाती की गई है। ग्राम पंचायतों की प्रशासनिक समिति की ओर से श्रेष्ठता के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन करते हुए नामों की सूची विकास खंड स्तरीय समिति के माध्यम से जिला स्तर पर उपलब्ध करवाई गई थी। विकास खंड स्तरीय समिति के माध्यम से प्रस्तुत प्रस्ताव पर जनपद स्तरीय समिति ने पात्रता और अर्हता का परीक्षण किया। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे की संस्तुति के बाद इन्हें शुक्रवार को ग्राम पंचायतों में तैनाती दे दी गई। सबसे ज्यादा सात पंचायत सहायक सोहावल, छह-छह हैरिंग्टनगंज और मसौधा, पांच तारुन, चार-चार मया बाजार व रुदौली, दो-दो बीकापुर, मिल्कीपुर व पूरा बाजार और एक पंचायत सहायक की तैनाती अमानीगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत में की गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि इन सभी पंचायत सहायकों को छह हजार प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर गुरुकुल ज्ञान एकेडमी में खेलकूद प्रतियोगिता

- कबड्डी फाइनल में विवेकानंद हाउस ने नेहरू हाउस को हराया, कैरम और चेस का भी हुआ आयोज

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



मेजर ध्यानचंद की जयंती और राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गुरुकुल ज्ञान एकेडमी गौरीगंज में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय परिसर खेल के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने किया। प्रबंधक ओ पी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन और टीम भावना भी सिखाते हैं।खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी मुख्य आकर्षण रही। इसमें चार हाउस की टीमों ने हिस्सा लिया। पहले मुकाबले में रमन हाउस और नेहरू हाउस की टीमें आमने-सामने हुईं,जिसमें नेहरू हाउस की टीम विजयी रही।दूसरे मैच में गांधी हाउस और विवेकानंद हाउस के बीच जोरदार भिड़ंत हुई,जिसमें विवेकानंद हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

फाइनल मुकाबला नेहरू हाउस और विवेकानंद हाउस के बीच खेला गया।दर्शकों की तालियों और उत्साह के बीच हुए इस रोमांचक मैच में विवेकानंद हाउस की टीम ने बाजी मारी।विजेता टीम के कप्तान शिव बहादुर और उप-कप्तान आदेश को विद्यालय प्रशासन ने सम्मानित करते हुए बधाई दी।कबड्डी के अलावा विद्यालय में कैरम शतरंज और खो-खो प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन खेलों में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।विशेषकर चेस में बच्चों का ध्यान और रणनीति देखते ही बनती थी।

प्रतियोगिताओं के संचालन में पीटीआई टीचर पूर्णिमा तिवारी और म्यूजिक टीचर मोहम्मद हुसैन ने विशेष भूमिका निभाई। इस अवसर पर पी. एन. तिवारी, संगीता त्रिपाठी, कुमारी जागृति मोदनवाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। खेल दिवस के सफल आयोजन से विद्यालय परिवार और बच्चों में उत्साह का संचार हुआ। कार्यक्रम का समापन विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित करने और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के साथ हुआ।

# शांतनु जी महराज के उद्बोधन के साथ एनटीपीसी में गणेशोत्सव संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



एनटीपीसी ऊंचाहार में तीन दिवसीय गणेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। भगवान गणेश की दिव्य मूर्ति की स्थापना के साथ प्रतिदिन परंपरानुसार पूजा एवं आरती की गई। परियोजना प्रमुख अभय कुमार वास्तव तथा प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा वास्तव सभी कार्यक्रमों में शामिल रही। उत्सव के दौरान धार्मिक रूप सज्जा में नन्हे बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत मनोहारी रहा, इसके अलावा भजन, कीर्तन में महिलाओं की प्रचुर भागीदारी रही। प्रतियोगिताओं में जनसहभागिता उत्साहवर्धक रही।

समारोह के अंतिम दिन देश के प्रख्यात कथावाचक शांतनु जी महराज मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। महराज ने गणेश जी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन सिर्फ कर्मकांड नहीं हैं अपितु इससे जीवन जीने की कला का ज्ञान व जीवन में मनुष्यत्व का प्रादुरभाव होता है।

महराज ने गणेश पूजन किया तथा एनटीपीसी के विशाल भंडारे का शुभारंभ किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख अभय कुमार वास्तव तथा प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा वास्तव ने शांतनु जी का एनटीपीसी की ओर से साल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण आशुतोष विश्वास, पर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष अनुराग गोरहा, महासचिव चंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष सत्यवान गुप्ता, के के सिंह, आलेख सिन्हा, रूमा दे शर्मा, इंटक नेता राहुल कन्नौजिया, भाजपा नेता राम अभिलाष कौशल, वी एस अवस्थी तथा आर पी बॉथम ने भी महराज जी का स्वागत किया। समारोह का संचालन आज्ञा शरण सिंह ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों के साथ महिलाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। शानदार स्वागत व आयोजन के लिए शांतनु जी ने एनटीपीसी प्रमुख वास्तव सहित सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। विसर्जन के साथ गणेशोत्सव संपन्न हुआ।

## सेहत के साथ आर्थिक खुशहाली दे रहा श्रीअन्न

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र मसौधा में जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान स्टॉल लगाकर किसानों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने कहा कि देशी अन्न का उज्वल भविष्य हर दृष्टि से मंगलकारी होगा। कहा कि आज बाजार में सबसे लोकप्रिय अनाज श्रीअन्न ही है। सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और ग्रामीण आबादी के स्वास्थ्य सुधार में श्रीअन्न अहम भूमिका निभा रहा है। उपकृषि निदेशक डॉ. पीके कन्नौजिया ने जनपद में चल रही कृषि योजनाओं और मिलेट्स की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। केवीके मसौधा के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. वीपी शाही ने किसानों को मिलेट्स उत्पादन संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन मिलेट्स विशेषज्ञ कमला सिंह ने किया।

# 03 दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण एवं इकाई कार्यक्रम सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र रायबरेली प्रभारी रविवंश नारायण ने बताया कि संचालित ग्राम-बाराडीह, न्याय पंचायत सूची, विकास खण्ड सलोन, रायबरेली मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार 02 दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण एवं इकाई कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरुवार को आलोक सिंह ग्राम प्रधान द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर श्याम लाल सहायक अधिकारी सेवानिवृत्त ग्रामोउद्योग से सम्बन्धित उपस्थित लाभार्थियों को अपने विभागीय योजना की विस्तार पूर्वक जानकारी दिया कैलाश चन्द्र वर्मा सेवानिवृत्त ने विभागीय जानकारी दी। अनीता मिश्रा ने खाद्य प्रसंस्करण से सम्बन्धित जैम, अचार, मुरब्बा के बारे में बताया। ग्राम प्रधान आलोक सिंह ने लाभार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण योजना से सम्बन्धित कुटीर उद्योग जैसे अचार, पापड़, बरी, मसाले, नमकीन बेकरी आदि उद्योग लगाने के लिये प्रेरित किया।

केन्द्र प्रभारी ने मुख्यमंत्री जी की खाद्य प्रसंस्करण की योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया खाद्य प्रसंस्करण इकाई घरेलू स्तर से लगाकर अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते है सरकारी की योजना में लागत का 50 प्रतिशत मशीन व अन्य मद में सहयोग प्रदान किया जाता है समापन के अवसर पर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र ग्राम प्रधान द्वारा वितरित कियाकेन्द्र प्रभारी ने मुख्यमंत्री जी की खाद्य प्रसंस्करण की योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया खाद्य प्रसंस्करण इकाई घरेलू स्तर से लगाकर अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते है सरकारी की योजना में लागत का 50 प्रतिशत मशीन व अन्य मद में सहयोग प्रदान किया जाता है समापन के अवसर पर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र ग्राम प्रधान द्वारा वितरित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की और आयोजन का आभार व्यक्त किया और ग्रामीण प्रशिक्षार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रेरित किया और कहा इस तरह का कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित किया जाय केन्द्र कर्मचारी विजय कुमार मौर्या व अरूण कुमार अवस्थी ने कार्यक्रम में सहयोग दिया।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, रायबरेली का प्रतिनिधिमंडल बीएसए से मिला



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों के लिए एक पत्र निर्गत किया गया है जिसमें एक संगठन द्वारा 01 सितम्बर 2025 को विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रम जो कि उस संगठन विशेष का है, उस कार्यक्रम को आयोजित करने हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं जो कि सरासर गलत और बेसिक के विद्यालयों का राजनीतिकरण है। जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि उक्त कार्यक्रम एक संगठन विशेष का है,यह कोई सरकारी कार्यक्रम नहीं है, इसलिए उक्त निर्गत पत्र को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। इस अवसर पर जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई,जनपदीय कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, नपदीय उपाध्यक्ष सत्येश सिंह, जनपदीय उपाध्यक्ष अनुराग शुक्ला, जनपदीय उपाध्यक्ष उमेश त्रिवेदी, जनपदीय संगठन मंत्री मनीष पाण्डेय, का0 अध्यक्ष, जिला संघर्ष समिति सुरेंद्र यादव, जनपदीय संगठन मंत्री आकाश त्रिपाठी, जनपदीय प्रचार मंत्री दुर्गेश मिश्र, जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह, डलमऊ अध्यक्ष योगेश सिंह, सतांव मंत्री सुधीर द्विवेदी, सतांव के संयुक्त मंत्री अवध किशोर शुक्ला, डलमऊ संघर्ष समिति, उपाध्यक्ष सर्वेश शुक्ला मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर एनएसपीएस त्रिपुला में हुए विभिन्न आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गयी। विद्यालय में हुए विभिन्न आयोजनों में ताइक्कांडों एवं योगा प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया, छात्रा श्रेया ने ध्यानचंद्र के जीवन पर आधारित कविता पाठ किया और छात्र श्रेष्ठ ने विद्यार्थियों को फिट इंडिया की शपथ दिलाई।

प्रधानचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, तत्पश्चात् छात्रा कृतिका ने मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मेजर साहब का जन्म उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में हुआ था। शुरुआत में उन्हें खेल में रुचि नहीं थी, लेकिन उन्होंने सतत साधना, अभ्यास, लगन, संघर्ष और संकल्प के बल पर प्रतिष्ठा हासिल की और हॉकी के जादूगर कहलाए, उन्होंने अपने खेल जीवन मे एक हजार से अधिक गोल किये। ऐसा प्रचलित है कि उनकी हॉकी स्टिक से बाल चिपकी सी महसूस होती थी कि देखने वालों को भ्रम हो जाता था कि वह किसी जादुई स्टिक से तो नही खेल रहे हैं। इस बात के लिए कई बार उनकी स्टिक जांची गई और तोड़ी भी गई। उन्हें 1946 में भारत के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्मभूषण से सम्मानित किया गया, उनकी याद में आज के दिन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किये जाते है। प्रधानचार्य प्रजापति ने कहा कि मेजर ध्यानचंद एक महान खिलाड़ी थे, उन्होंने आजादी के पूर्व ओलम्पिक खेलों में तीन बार स्वर्ण पदक जीता, हमें उनके जीवन से मेहनत और लगन से किसी भी मुकाम को हासिल करने की प्रेरणा लेनी चाहिए, उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है जिसमें खेलों का विशेष योगदान है, यदि हमारा स्वास्थ अच्छा होगा तो हमारी शिक्षा में भी रुचि बनी रहेगी। ताइक्कांडो और योगा प्रतियोगिताओं में क्रमशः इशांत, अरल, विराट, अथर्व, अनन्या, श्रेया, अपूर्वा, अनिवेश, इशिका, ज्ञानेंद्र, अदिति और अमरेंद्र ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, विवेक सिंह, अजय राज सिंह, रश्मी सिंह, गिरीश वास्तव सहित शिक्षक/ शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रदूषण और मौसम के एक-दूसरे पर प्रभाव का होगा अध्ययन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

प्रदूषण और मौसम के एक-दूसरे पर प्रभाव का अब अयोध्या में अध्ययन किया जाएगा। राज्य विश्वविद्यालयों में यह अपने तरह की बड़ी पहल होगी। इसके लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय और आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय प्रदूषण और मौसम के डेटा का आदान-प्रदान करेंगे। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच इस संबंध में जल्द ही एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने इसे मंजूरी दे दी है। प्रदूषण और मौसम एक-दूसरे को कई तरह से प्रभावित करते हैं। मौसम, हवा की गति, तापमान, धूप और वर्षा जैसे कारकों के माध्यम से वायु प्रदूषण के निर्माण और फैलाव में खास भूमिका निभाता है। वायु प्रदूषण मौसम को भी बदल सकता है, जैसे कणों से बादलों का निर्माण, बारिश के पैटर्न में बदलाव और सूर्य के प्रकाश का अवरोध, जो पृथ्वी की सतह को ठंडा कर सकता है। यह जटिल क्रिया मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय परिणामों को भी प्रभावित करती है। अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद चौधरी ने बताया कि वायु प्रदूषण पर मौसम का विशेष प्रभाव पड़ता है। कुछ प्रकार के प्रदूषण गर्मी में और कुछ ठंड के मौसम में ज्यादा गंभीर होते हैं। वहीं, वायुमंडलीय परिस्थितियां जो मौसम का निर्माण करती हैं, जैसे वायुदाब, तापमान और आर्द्रता, ये भी वायु की गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं। हवा लगभग हमेशा गतिशील रहती है। इसलिए वायु प्रदूषण एक से दूसरे क्षेत्र में आसानी से फैल जाता है। मौसम का विस्तृत डेटा मिलने से प्रदूषण पर शोध को नई दिशा मिल सकेगी। कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. सीताराम मिश्र ने बताया कि मौसम पर भी प्रदूषण का सीधा प्रभाव पड़ता है। जहां पर भी धुआं ज्यादा होता है, वहां हवा ड्राई हो जाती है और फिर बारिश कम होती है। प्रदूषण से पौधों की प्रकाश संश्लेषण क्रिया प्रभावित होती है। पानी और प्रकाश के साथ कार्बन डाई आक्साइड से पौधे अपने लिए भोजन तैयार करते हैं। पौधों की पत्तियों पर धूल जमती है तो इस पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

# करण टैकर ने यशराज स्टूडियो में शाहरुख खान से अपनी पहली मुलाकात को याद किया



**टीवी** के हार्टथ्रॉब से लेकर OTT और फिल्मों तक, करण टैकर ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बनाई है। लेकिन उनके करियर की शुरुआत हुई थी यशराज फिल्म्स की रब ने बना दी जोड़ी से – वही फिल्म जिसमें सुपरस्टार शाहरुख़ खान लीड में थे।

करण हमेशा शाहरुख़ को अपना हीरो बताते आए हैं। हालाँकि फिल्म में उनका सीधा स्क्रीन-टाइम शाहरुख़ के साथ नहीं था, लेकिन सालों बाद जब उन्होंने एक अवॉर्ड शो होस्ट किया तो स्टेज शेयर करने का मौका मिला। वही क्लिप आज भी सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती है। करण बताते हैं कि वही उनका शाहरुख़ से पहली बार आमना-सामना था। करण कहते हैं,यशराज स्टूडियो में अवॉर्ड्स हो रहे थे और मेरा मेकअप रूम शाहरुख़ सर के सामने था। उनका दरवाज़ा खुला था और मैं झाँक-झाँक कर देख रहा था – हीरो सामने हो तो कौन नहीं झाँकेगा! पहली बार बस एक हैलो हुआ और फिर सीधे स्टेज पर उनसे रूबरू हुआ। दिल धड़कना तो नैचुरल था, क्योंकि सामने वही थे जिन्हें मैं हमेशा से अपना हीरो मानता आया हूँ। कभी-कभी जब मैं वो वीडियो देखता हूँ तो सोचता हूँ यार, मैं तो पूरा फैनबॉय मोड में चला गया था। बस उन्हें देखता रह गया, बोलती बंद! पर यही तो उनकी खासियत है – कूल, चार्मिंग और इतना प्यारा कि इंसान बस उनको सुनता ही रह जाए। करण बताते हैं कि हाल की दिवाली पार्टी में उन्हें शाहरुख़ के साथ थोड़ा डांस करने का भी मौका मिला और वो उनके लिए ड्रीम मोमेंट था।



मलाइका अरोड़ा का ये पोज देखकर फैंस ने पूछा सवाल

# इतनी खूबसूरती लेकर पलटना लीगल है क्या?

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपनी फिटनेस, फैशन सेंस और ट्रैवल डायरी को लेकर हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। चाहे रेड कार्पेट वाला अवतार हो या कोई ट्रेंडी आउटफिट फैंस का ध्यान खींच ही लेता है। गुरुवार को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मेलबर्न की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें से दो में उनके क्लोज अप शॉट हैं। वहीं एक फोटो में वह अपनी फ्रेंड्स के साथ इंजॉय करती दिख रही हैं। मलाइका अरोड़ा ने ब्लैक कलर का ओवरकोट कैरी किया है। उन्होंने एक हैंडबैग ले रखा है और बाल खुले हुए हैं, जो उनके पूरे लुक को और भी अट्रैक्टिव बना रहे हैं। वह कैमरे की तरफ मुड़कर पलट वाला पोज देती दिख रही हैं। दूसरी तस्वीर में वह अपने दोस्तों के साथ ठीक वैसा ही पोज देती नजर आ रही हैं, यानी सब एक साथ मुड़कर कैमरे की तरफ पलट रहे हैं। इन फोटोज के साथ मलाइका ने कैप्शन में सिर्फ लिखा, पलट। उनकी इन तस्वीरों पर फैंस बेहद मजेदार कमेंट्स कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, पलट... वरना प्यार हो जाएगा! बता दें कि यह शाहरुख खान की फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे का लोकप्रिय डायलॉग है। दूसरे फैन ने लिखा, इतनी खूबसूरती लेकर पलटना लीगल है क्या? मलाइका के एक और फॉलोवर ने लिखा, आपने पलट के देखा और हमारा दिन बन गया! कुछ फैंस उनके फैशन सेंस की तारीफ करते हुए लिख रहे हैं, स्टाइलिश क्वीन, हमेशा की तरह कमाल लग रही हो! वहीं कुछ लोगों ने उनकी फिटनेस की भी तारीफ की और लिखा, इतनी उम्र में भी इतनी ग्लैमरस लगना आसान नहीं! मलाइका ने अपने करियर की शुरुआत 1990 के दशक में एमटीवी इंडिया के लिए वीजे के रूप में की थी। जब उन्होंने बॉलीवुड में हाथ आजमाया तो उन्हें एक मजबूत पहचान एक्टिंग से ज्यादा आइटम नंबर्स से मिली। 2010 में रिलीज हुई फिल्म दबंग का मुन्नी बदनाम हुई काफी हिट रहा था। मलाइका ने 1998 में अभिनेता अरबाज खान से शादी की थी और 2017 में उनका तलाक हो गया था।



शहनाज गिल की

# फिल्म इक्क कुड़ी का नया गाना गड़बड रिलीज

**शहनाज** गिल की फिल्म इक्क कुड़ी का गुरुवार को मेकर्स ने नया गाना गड़बड रिलीज कर दिया है। शहनाज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने को शेयर किया, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, जिंदगी गड़बड़ न हो जाए! फिल्म का नया गाना गड़बड़ अब रिलीज हो गया है। अभी देखें! फिल्म इक्क कुड़ी सिनेमाघरों में 19 सितंबर को दुनियाभर में रिलीज होगी। गाने में जिंदगी की उथल-पुथल और भविष्य की परेशानी को फिल्माया गया है, जिसमें जिंदगी में होने वाली गड़बड़ के डर को दिखाया गया है। गाने को नूरन ने अपनी आवाज दी है। वहीं, म्यूजिक मिक्स सिंह का है और लिरिक्स विक्की संदू ने लिखे हैं। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म का टीजर रिलीज किया था, जिसकी जानकारी शहनाज ने एक पोस्ट के जरिए दी थी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर टीजर जारी कर एक पोस्ट शेयर किया था, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा था, ये जानकारी देते हुए बहुत उत्सुकता हो रही है कि फिल्म इक्क कुड़ी का टीजर जारी हो गया। उम्मीद है कि आपको पसंद आएगा। दुनिया चाहे जितनी भी बदल जाए, कुछ कहानियां कभी नहीं बदलतीं। इक्क कुड़ी का अब टीजर जारी हो चुका है। अमरजीत सोरन ने फिल्म का निर्देशन किया है और कहानी भी लिखी है। शहनाज गिल इस फिल्म से बतौर निर्माता डेब्यू भी कर रही हैं। यह एक पंजाबी महिला-केंद्रित फिल्म है। फिल्म की कहानी एक युवा लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो शादी की चुनौतियों और सामाजिक मुश्किलों से जूझती है।



# अजुल को लेकर ट्रोलर्स के निशाने पर आए गुरु रंधावा

**भारतीय** म्यूजिक इंडस्ट्री के बड़े सिंगर गुरु रंधावा अपने नए गाने 'अजुल' को लेकर इन दिनों विवादों में हैं। एक तरफ जहां गाना रिलीज होते ही ट्रेंडिंग लिस्ट में छा गया, वहीं अब सोशल मीडिया पर इसके कंटेंट को लेकर एक बड़ा वर्ग आपत्ति जता रहा है। आरोप है कि म्यूजिक वीडियो में स्कूल गर्ल्स की छवि के साथ खिलवाड़ किया गया है और उनकी तुलना शराब ब्रांड्स से की गई है। इसी के लिए अब सिंगर को लोगों की तरफ से आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। 'अजुल' में गुरु रंधावा एक फोटोग्राफर बने हैं, जो एक गर्ल्स स्कूल में क्लास फोटो खींचने पहुंचते हैं। यूजर्स की मानें तो जहां गाने में मासूमियत और सादगी दिखाई जानी चाहिए थी, वहां उन्हें अश्लीलता और भड़काऊ विजुअल्स दिखाई दिए। वीडियो में दिख रही सभी महिलाएं व्यस्क हैं, लेकिन उन्हें स्कूल की लड़कियों के रूप में दिखाया गया है। यही बात दर्शकों को खटक गई और आरोप लगा कि इस तरह के सीन युवाओं पर गलत असर डाल सकते हैं। सोशल मीडिया पर 'अजुल' को लेकर तीखी बहस छिड़ गई है। एक यूजर ने लिखा, अजुल का वायरल होना अजीब है, जबकि लोग इस बात को नजरअंदाज कर रहे हैं कि गुरु रंधावा ने स्कूली लड़कियों की तुलना शराब से की।

# टूटते रिश्ते देखकर खौफ में एक्ट्रेस

## 38 की उम्र में भी नहीं करना चाहती शादी



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस जरीन खान 38 साल की हैं. लेकिन अभी तक एक्ट्रेस ने शादी नहीं रचाई है. शादी की बात को लेकर एक्ट्रेस कई बार बोल चुकी हैं. एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि वो शादी नहीं करना चाहती है और सिंगल ही खुश हैं. एक्ट्रेस इसकी वजह भी बताई. अपने बोल्ड और बेबाक किरदारों के लिए फेमस एक्ट्रेस जरीन खान अक्सर हर मुद्दे पर खुलकर बात रखती हैं. सोशल मीडिया पर एक्टिव जरीन अक्सर अपने बेबाक अंदाज से सुर्खियों में छा जाती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने बोल्ड कपड़ों को लेकर टिप्पणी की थी. 38 साल की जरीन अभी तक कुंवारी हैं. उन्होंने अभी तक ब्याह नहीं रचाया है. इसको लेकर एक्ट्रेस कई बार जवाब भी दे चुकी हैं. उनका कहना है कि वो शादी नहीं करना चाहती हैं. फिल्मीज्ञान को दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि आखिर वो क्यों शादी नहीं करना चाहती हैं. इसके पीछे कारण है. जरीन ने कहा था- 'मेरा मानना है कि जिंदगी में कंपेनियन होने के लिए आपको शादी के ठप्पे की जरुरत नहीं है.' इसपर आगे बोलते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि 'अगर दो लोग एक-दूसरे को पसंद करते हैं, तो इसका मतलब ये नहीं कि आपको शादी ही करनी है, क्योंकि अभी के जमाने में तो वैसे ही 3-6 हफ्ते में शादियां टूट रही हैं.' जरीन ने शादी को एक बहुत ही पवित्र इंस्टीट्यूशन बताया और कहा कि, 'कई लोग इसकी इंसल्ट कर रहे हैं. इसलिए मैं उसका हिस्सा ही बनना चाहती हूं.' इससे पहले भी एक्ट्रेस ने शादी पर तंज कंसते हुए कहा था, क्या शादी कोई जादू है? जैसे शादी होते ही सब ठीक हो जाएगा? क्योंकि आजकल मैं जो देखती हूं, ज्यादातर शादियां 2-3 महीने से ज्यादा नहीं टिकतीं. इसलिए नहीं, मुझे बिल्कुल नहीं लगता कि शादी हर समस्या का हल है.

### सलमान खान संग किया था डेब्यू

सलमान खान संग वीर फिल्म से डेब्यू करने वाली जरीन कई फिल्मों में शानदार काम कर चुकी हैं. हेट स्टोरी 2 और हॉउसफुल 2 से उन्हें जबरदस्त पहचान मिली. हालांकि एक्ट्रेस कई सालों से फिल्मों से दूर हैं.



# 'द बंगाल फाइल्स' में अनुपम खेर ने निभाई महात्मा गांधी की भूमिका, विवेक अग्निहोत्री ने की तारीफ

विवेक अग्निहोत्री की बहुप्रतीक्षित फिल्म द बंगाल फाइल्स में अनुपम खेर महात्मा गांधी की भूमिका निभा रहे हैं। इसके लिए निर्देशक ने उनकी तारीफ में एक पोस्ट किया है। विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी द बंगाल फाइल्स जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में अनुपम खेर महात्मा गांधी की भूमिका में दिखेंगे। डायरेक्टर ने फिल्म से जुड़ा एक वीडियो क्लिप शेयर कर अनुपम खेर की तारीफ की है और उन्हें शानदार एक्टर बताया है। विवेक अग्निहोत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अनुपम खेर गांधी की भूमिका में दिख रहे हैं। यह क्लिप आगामी फिल्म द बंगाल फाइल्स का है। इसे साझा करते हुए निर्देशक ने कहा, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित अनुपम खेर साहब सिर्फ भारतीय सिनेमा के महान कलाकार नहीं हैं, बल्कि विश्व सिनेमा के भी एक चमकते सितारे हैं। फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' में वे गांधी का किरदार निभा रहे हैं। एक ऐसा किरदार, जिसमें गहराई, सच्चाई और ईमानदारी की जरूरत है। अभिनेता ने अपनी समझदारी और अनुशासन से एक बार फिर खेर साहब ने ये साबित कर दिया है कि वे सच में एक महान कलाकार हैं।' 'द बंगाल फाइल्स' में 1946 में हुए डायरेक्ट एक्शन डे की कहानी दिखाई जाएगी, जिसमें कोलकाता में दंगा और नोआखाली नरसंहार जैसी घटनाएं शामिल होंगी। हालांकि, फिल्म को रिलीज से पहले ही विवादों का सामना करना पड़ रहा है।

साभार एजेंसी

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# जियो-पॉलिटिकल लव ट्रेंगल

## क्या एक रूस, एक भारत और एक चीन के स्वप्न से बनेगी बात?

**लिहाजा यदि संभव हो तो इसी आधार पर अपनी रणनीतिक समझदारी भी विकसित कर लीजिए और एक-दूसरे के पैर को खींचना बन्द कर दीजिए। यदि आप तीनों ऐसा कर पाए तो नाटो या जी-7 पर एससीओ या ब्रिक्स देश समूह चौबीस घण्टे भारी पड़ेंगे। लेकिन यह काम इतना आसान भी नहीं है। इसके लिए पुतिन, मोदी और जिनपिंग को थोड़ा बहुत त्याग करना होगा, थोड़ा दिल बड़ा करके पड़ोसियों की मानसिकता को बदलना या जीतना होगा, थोड़ा धैर्य पूर्वक कदम बढ़ाना होगा। वहीं, निकट भविष्य में यदि भारत-रूस के प्रभाववश इजरायल का भी इस त्रिकोण को साथ मिल गया तो यह सोने पर सोहागा वाली स्थिति होगी।**

*आए दिन बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच जियो-पॉलिटिकल लव ट्रेंगल के दृष्टिगत एक रूस, एक भारत और एक चीन के अघोषित स्वप्न यक्ष प्रश्न समुपस्थित है। देखा जाए तो प्रथम-द्वितीय विश्वयुद्ध के प्रणेता रहे अमेरिका-यूरोप की कुचक्री नीतियों के प्रतिरोध स्वरूप बन रहे यूरेशियाई ब्लॉक यानी रूस-चीन-भारत के समूह और उसके प्रस्तावित आरआईसी त्रिकोण के सम्मुख यह मौलिक सवाल समुपस्थित है कि क्या इस त्रिकोण के बिना उनके विश्वव्यापी भविष्य और उनकी सफलता दोनों संदिग्ध रहेगी। ऐसा इसलिए कि वर्तमान अमेरिकी सनक और हनक के प्रतिक्रिया स्वरूप अब भारत ने गुटनिरपेक्षता के बजाए रूस के साथ चीन की ओर जिस तरह से अपना झुकाव प्रदर्शित किया है, वह अमेरिका-यूरोप के मित्रगत समझ और उन पर आधारित तिकड़मों को तो करारा जवाब है ही, साथ ही भारत अपनी गुटनिरपेक्ष नीतियों से इतर भी एक नया और ठोस संकेत दे रहा है, जिसे समझने की जरूरत है। मसलन, यह कि अपने दूरगामी राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के लिए भारत किसी भी विकसित देश के धौंसपट्टी में नहीं आएगा और इसकी भरपाई के लिए घोर शत्रु से भी हाथ मिलाने में नहीं हिचकिचाएगा। अमेरिका यदि पाकिस्तान-बंगलादेश को भारत के खिलाफ भड़कएगा तो भारत भी अब चुप नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक रणनीतिक पलटवार ऑपरेशन सिंदूर की भांति करेगा। ऐसे में संयुक्त राज्य अमेरिका और दो दर्जन देशों से अधिक की सदस्यता वाले यूरोपीय संघ में शामिल नाटो देशों के अंतरराष्ट्रीय तिकड़मों से निपटने के लिए जरूरी है कि रूस, भारत, चीन तीनों अपना-अपना विस्तार करें। खुद को उम्मीद से ज्यादा मजबूत बनाएं। इस दृष्टि से भारत के सदाबहार दोस्त सोवियत संघ में शामिल रहे रूस और अन्य चौदह देशों के अलावा, तुर्किये, सीरिया, मिश्र, सऊदी अरब आदि के उसमें मिलने से ही एक वृहत रूस या रूसी परिसंघ का सपना पूरा होगा। लिहाजा इस क्षेत्र में नाटो की बढ़ती दखल से भविष्य में मामले उलझ सकते हैं। इसी प्रकार भारत को उसके पड़ोसी देशों, यथा- पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, ईरान, इराक, म्यांमार, नेपाल, तिब्बत, भूटान, श्रीलंका, मालदीव के अलावा भी थाईलैंड, कम्बोडिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, मलेशिया आदि देशों को भारत में मिलाने के नैतिक प्रयत्न जारी रखने होंगे, क्योंकि इससे ही एक भारत का सपना पूरा होगा। वहीं, इस क्षेत्र में अमेरिका या चीन के बढ़ती दखल से भविष्य में मामले उलझ सकते हैं। ठीक इसी तरह से चीन के विस्तार के लिए ताइवान, उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, जापान, लाओस, वियतनाम आदि देशों को उसमें मिलाना जरूरी है, जिससे एक चीन का सपना जल्द पूरा होगा। लेकिन यहां पर भी अमेरिका या जापान के बढ़ते दखल से भविष्य में मामले उलझ सकते हैं। इस नजरिए से देखा जाए तो ये तीनों इतने वृहत भौगोलिक पॉलिटिकल ब्लॉक हैं, जिन पर रूस, भारत और चीन की पकड़ मजबूत होने से उनके संयुक्त रणनीतिक एजेंडे को बल मिलेगा। इसलिए यदि इनके एजेंडे में यह विषय शामिल नहीं है तो अविलंब कर लीजिए। इससे तीनों देशों का ही भला होगा। लेकिन एक दूसरे के भौगोलिक, आर्थिक और सैन्य हितों का सम्मान कीजिए, अन्यथा मित्रतापूर्ण भाव कटुता में तब्दील हो जाएगी।*

### एक्सप्रेस आलेख

**प्रधानमंत्री मोदी का जापान जाना वस्तुत आज यह दर्शा रहा है कि भारत अपने इस साझेदार को रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से उच्च प्राथमिकता देता है। पिछले वर्षों में भारत और जापान के संबंधों का दायरा केवल व्यापार और निवेश तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें सुरक्षा, तकनीकी नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढाँचे और सांस्कृतिक सहयोग शामिल हैं। इसलिए आज फिर एक बार भारत-जापान मित्रता का नया अध्याय लिखा जा रहा है। दोनों देशों के बीच निवेश, तकनीक, हरित ऊर्जा, सुरक्षा और सांस्कृतिक सहयोग के बहुआयामी आयाम इस रिश्ते को आने वाले दशकों तक और मजबूत करेंगे।**

# भारत-जापान संबंध: निवेश से रणनीति तक नई ऊँचाइयाँ



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**भारत और जापान न केवल द्विपक्षीय दृष्टि से बल्कि पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता और विकास के लिए भी एक-दूसरे के अपरिहार्य साझेदार हैं। यह यात्रा इस तथ्य को पुष्ट करती है कि भारत और जापान की साझेदारी भविष्य की वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाने जा रही है। इसके साथ ही एक जो सबसे बड़ा दोनों देशों के बीच साझा विरासत दिखाई देती है।**

भारत और जापान के बीच संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से गहरे और सार्थक रहे हैं। बौद्ध धर्म से शुरू हुआ यह रिश्ता आज इक्कीसवीं सदी में व्यापक आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी साझेदारी का एक व्यापक एवं भरोसेमंद रूप ले चुका है। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जापान यात्रा ने एक बार फिर इस मित्रता को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण बना दिया है। यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में गहरी हलचलें हैं, खास कर चीन के बाजार की आक्रामकता, अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन के दौर का चलन जिस समय में सबसे अधिक दिखता हो । ऐसे में भारत-जापान संबंध न केवल द्विपक्षीय दृष्टि से, बल्कि वैश्विक संतुलन के लिए भी निर्णायक साबित हो सकते हैं। भारत और जापान के रिश्तों की नींव में स्वतंत्रता के बाद 1952 में परस्?पर दोनों देशों ने कूटनीतिक संबंध स्थापित किए हैं। भारत उन चंद देशों में शामिल था जिसने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जापान पर थोपे गए सैन फ्रांसिस्को संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए। यह जापान के प्रति भारत की सकारात्मक सोच का प्रमाण था। इसके बाद से यदि हम देखें तो भरोसे की नींव का प्रभाव भारत के हित में कुछ इस प्रकार रहा है कि जापान पिछले दो दशकों में भारत में निवेश का बड़ा स्रोत बनकर उभरा है। अप्रैल 2000 से मार्च 2024 तक भारत में जापान का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 40 अरब डॉलर से अधिक रहा है। यह भारत के लिए चौथा सबसे बड़ा एफडीआई स्रोत है। जापान ने अगले दस सालों में भारत में करीब अ10 ट्रिलियन (5,800 लाख करोड़ रुपए) निवेश करने का ऐलान किया है। यह 2022 में किए गए पाँच साल के लिए अ5 ट्रिलियन (2,750 लाख करोड़ रुपए) निवेश की प्रतिबद्धता से कहीं ज्यादा है। जापानी निवेश ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, मशीनरी, स्मार्ट सिटी, मेट्रो रेल, हाई स्पीड रेल और बंदरगाह विकास जैसे क्षेत्रों में केंद्रित है। टोयोटा, होंडा, सुजुकी, हिताची, पैनासोनिक और मित्सुबिशी जैसी कंपनियाँ भारत में लंबे समय से सक्रिय हैं। मारुति-सुजुकी का उदाहरण भारत-जापान औद्योगिक सहयोग की सफलता का एक ऐसा प्रतीक है जो विश्व के कई देशों के लिए एक आदर्श मिसाल है। साथ ही एक बाजार के तौर पर यह साफ दिखाई देता है कि जापान को बड़े पैमाने वाले बाजार की जरूरत है और भारत यह अवसर देता है। अमेरिकी टैरिफ से मुनाफा घट रहा है, इसलिए जापानी कंपनियों को अब ऐसे बाजार की तलाश है जहाँ कीमतें कम हों और खपत ज्यादा। भारत इस मामले में सबसे उपयुक्त है यहाँ 1.4 अरब की जनसंख्या है, तेजी से बढ़ता हुआ मध्यम वर्ग है और 6.4 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान है। यही वजह है कि भारत आज भी जापान के लिए सबसे व्यवहारिक निवेश और व्यापार का अवसर बना हुआ है। जापान



**यही कारण है कि इस दिशा में लगातार शिक्षा और शोध में सहयोग से नई पीढ़ी के बीच अनेक अवसर बढ़ते हुए देखे गए। उम्मीद करें कि इस बार की ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा भी एक सफल और देश हित में बहुत परिणामकारी सिद्ध होगी।**

इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जीका) भारत की अनेक परियोजनाओं में सहायक रही है, दिल्ली मेट्रो, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा आदि में इसके काम को देखा जा सकता है, जो दोनों ही देशों के परस्पर के विश्वास को दृढ़ करने का आधार है। यह स्पष्ट है कि जापान, भारत की आर्थिक प्रगति में एक भरोसेमंद और दीर्घकालिक सहयोगी है। अत इन सभी आधारों के प्रकाश में कहना होगा कि भारत और जापान एक-दूसरे के लिए अपरिहार्य हैं। भारत के लिए जापान उच्च तकनीक, पूँजी, हरित ऊर्जा समाधान और स्थायी निवेश का स्रोत है। जापान के लिए भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र, दुनिया की सबसे युवा आबादी वाला वह देश हे, जिसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और जो अपने आप में एक विशाल उपभोक्ता बाजार है। दोनों देशों की यह परस्पर निर्भरता इन्हें स्वाभाविक साझेदार बनाती है। इन दोनों ही देशों के बीच यदि हम सम्बन्धों के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करें तो ध्यान में आता है कि मोदी सरकार के दौर में भारत-जापान संबंध नई ऊँचाइयों तक पहुँचे हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा यदि किसी देश में की तो वह जापान ही है। इस दौरान संबंध विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी तक उन्नत हुए। अहमदाबाद-मुंबई हाई-स्पीड रेल परियोजना में जापान का योगदान मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा के लिए भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया का क्वाड मंच सक्रिय हुआ। जापान ने भारतीय स्टार्टअप्स और डिजिटल नवाचारों में भी निवेश बढ़ाया। यह सब दर्शाता है कि मोदी सरकार में दोनों देशों के रिश्तों ने ठोस और दीर्घकालिक दिशा पाई है। आज हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक राजनीति का केंद्र है। भारत और जापान दोनों स्वतंत्र और सुरक्षित समुद्री मार्गों के पक्षधर हैं। मालाबार अभ्यास जैसे अभियानों में जापान की भागीदारी इस साझेदारी को मजबूत करती है। साइबर सुरक्षा और आतंकवाद-विरोधी सहयोग के क्षेत्र में भी समझौते हुए हैं। चीन की विस्तारवादी नीतियों के बीच यह सहयोग पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए स्थिरता का आधार बन सकता है। जापान तकनीकी नवाचार और स्वच्छ ऊर्जा में अग्रणी है। इलेक्ट्रिक वाहन, हाइड्रोजन ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड और नवीकरणीय ऊर्जा में जापान की विशेषज्ञता भारत के लिए उपयोगी है। यह सहयोग भारत की ÷नेट-जीरो÷ प्रतिबद्धता और जलवायु परिवर्तन से निपटने की रणनीति को मजबूती देगा। भारत में ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में जापान की भूमिका निर्णायक हो सकती है। हालाँकि भारत-जापान संबंध मजबूत हैं, लेकिन चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस जापान यात्रा से हमें उम्मीद करना चाहिए कि इस दिशा में पहले से कई गुना बेहतर कार्य होगा और जो रुकावटें हैं, वे समाप्त होंगी। क्योंकि निवेश परियोजनाओं की धीमी प्रगति और नौकरशाही अड़चनें, व्यापार असंतुलन, क्योंकि भारत का आयात जापान से सबसे अधिक आज दिखाई देती हैं, जिनको लेकर दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली के लिए अभी बहुत काम होना बाकी है। एक तरह से देखें तो भारत का मानव संसाधन और व्यापक बाजार तथा जापान की तकनीकी दक्षता और पूँजी, दोनों देशों को भविष्य में विभिन्न प्रकार से एक दूसरे के लिए सहयोग का अवसर प्रदान करते हैं। हमें समझना होगा कि वर्तमान दौर में प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा केवल कूटनीतिक घटना नहीं है, भले ही फिर ऐसा दिखाई देता हो, क्योंकि इस यात्रा का जो समय है, वह उस वक्त में निर्धारित हुआ है, जब अमेरिका ने भारत को आर्थक रूप से कमजोर करने के लिए उस पर भारी भरकम टैरिफ लगा दिया है।




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 22:46 तक |
| नक्षत्रः | विशाखा 14:37 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | ऐन्द्र, 15:09 तक |
| सूर्योदयः | 05:59 |
| सूर्यास्तः | 18:43 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 09:10-10:46 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:57-12:45 |

## जन एक्सप्रेस

### अमर्यादित बोल !

*बिगड़ गयी भाषा ।*
*अमर्यादित बोल ।।*
*संस्कार की धीरे-धीरे ।*
*खुली पूरी बोल ।।*
*जोर है लगाया ।*
*मिले खुल कर वोट ।।*
*जनता ने पहुंचाया है ।*
*अब तक भारी चोट ।।*
*उतरे निम्न स्तर ।*
*करने को कमाल ।।*
*हार लगातार है ।*
*उठ रहे सवाल ।।*
*रोना-धोना चालू है ।*
*काम नहीं बन पाया ।।*
*रहा यही यदि हाल ।*
*पूर्णतः सफाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मच्छर भगाने के लिए वैज्ञानिकों ने खोजा नया तरीका, न जलेगी क्वाइल, न लगेगी बिजली



**शाम** होते ही मच्छरों के आतंक से आप भी परेशान होते होंगे। ये मच्छर न सिर्फ काटकर परेशान करते हैं, बल्कि डेंगू-मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां भी फैलाते हैं, जिनसे हर साल लाखों लोग प्रभावित होते हैं। फिलहाल न तो इन बीमारियों को रोकनी की कोई वैक्सीन है, न ही मच्छरों को रोकने का कोई सॉलिड उपाय। मच्छरदानी, कॉयल या क्रीम जैसी चीजें लंबे समय से इस्तेमाल तो हो रही हैं, लेकिन इनके असर की भी सीमाएं हैं। ऐसे में एक नई रिसर्च ने उम्मीद जगाई है।

**क्या है यह नई तकनीक?:** ये शीट्स वोलाटाइल पायरैथ्रॉइड स्पैशियल रिपेलेंट्स से बनी हैं। इन्हें दीवार पर लगाया जा सकता है। इन शीट से लगातार एक हल्का केमिकल निकलता है, जो मच्छरों को दूर रखता है। खास बात यह है कि इसे काम करने के लिए न तो बिजली, बैटरी या हीटिंग की जरूरत होती है और न ही मच्छरदानी की तरह खुद को इसके अंदर बंद करने की जरूरत है। यानी आपको बस ये शीट अपने कमरे में या आसपास कहीं भी लगा लेनी है और मच्छर आपको परेशान नहीं करेंगे।

**रिसर्च में क्या पाया गया?:** यह रिसर्च 25 सालों में इकट्ठा किए गए 1.7 मिलियन से अधिक मच्छरों के डेटा और कई बड़े ट्रायल पर आधारित है। नतीजे बताते हैं कि इन शीट्स के इस्तेमाल से मच्छरों के काटने की संभावना 50-75प्रतिशत तक घट गई। इसका प्रभाव मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों और डेंगू फैलाने वाले Aedes मच्छरों दोनों पर देखा गया। इसके अलावा WHO ने भी इस तकनीक को समर्थन दिया है और इसे मच्छर नियंत्रण के लिए एक बड़ा कदम बताया है।

**मच्छरों से बचाव क्यों जरूरी है?:** आंकड़ों के अनुसार साल 2023 में मलेरिया से करीब 6 लाख लोगों की मौत हुई थी, जिनमें से 95 प्रतिशत मामले और मौत सिर्फ अफ्रीका में हुईं। इनमें से 76 प्रतिशत मौतें 5 साल से छोटे बच्चों की थीं। वहीं डेंगू से साल 2024 में करीब 12000 लोगों की मौत हुई। ऐसे में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से सुरक्षा बेहद जरूरी है। मौजूदा उपाय जैसे मच्छरदानी, स्प्रे, कॉयल या मस्कीटो रिपेलेंट लिक्विड्स कई बार अधूरी सुरक्षा देते हैं और इन्हें समय-समय पर बदलना भी पड़ता है, जो कुछ लोगों के लिए खर्चीला हो सकता है, वहीं कई केमिकल्स के । ऐसे में यह नई तकनीक किफायती, टिकाऊ और आसान विकल्प बनकर सामने आई है।

**कितनी सुरक्षित है यह शीट?:** रिपोर्ट के अनुसार इन शीट्स में वही केमिकल्स इस्तेमाल हुए हैं, जो सुरक्षित माने जाते हैं। फिलहाल इस अध्ययन में इनके उपयोग से सेहत से जुड़े किसी नए खतरे की पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए इस तकनीक को अगर बड़े स्तर पर लागू किया जाए, तो यह ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में मलेरिया और डेंगू की रोकथाम में अहम भूमिका निभा सकती है। इस तकनीक की सबसे बड़ी ताकत है कम लागत और बिजली पर निर्भर न होना। यह विशेष रूप से भारत जैसे देश के लिए मददगार साबित हो सकती है, जहां गांवों में अभी भी बिजली की समस्या बनी हुई है।

### एक्सप्रेस विशेष

# मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का फैसला और हमारा सामाजिक बाना



प्रो. मनीषा शर्मा

**दावा करने का अधिकार सिर्फ पहली पत्नी का है। हम यह मान लें की कोर्ट इस तरह के फैसले देकर समाज में एक तरह से अनैतिक परंपराओं को बढ़ावा दे रहा है। किसी भी समाज में उसका आधार उसकी सामाजिक मान्यता, रीति-नीति, नैतिक परंपराएं होती हैं।**

**समाज की चिंता के लिए, उनके हितों के लिए, वहां कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए, उसकी सुरक्षा के लिए हुआ है तो वह कैसे समाज और उसकी नैतिक मान्यताओं को दरकिनार कर सकती है? इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। एक स्वस्थ, सुसंकृत, सुशासित समाज के लिए समाज, उसकी स्वस्थ नैतिक मान्यताओं और न्यायालय के मध्य संतुलन, सद्भाव का होना आवश्यक है।**

**मध्य** प्रदेश हाइ कोर्ट ने एक केस में फैसला दिया है कि यदि कोई बालिग स्त्री चाहे तो अपनी मर्जी से शादीशुदा पुरुष के साथ रह सकती है। यह फैसला जब से आया तब से चर्चा का विषय बना हुआ है। कोर्ट ने साफ कहा है कि कौन किसके साथ रहना चाहता है यह उनकी निजी स्वतंत्रता है। इस मामले में वह हस्तक्षेप नहीं कर सकती। अगर लड़की बालिग है तो उसे अपने फैसले स्वयं करने की स्वतंत्रता है। चाहे निर्णय सही हो या गलत। लड़की यदि चाहती है तो वह किसी शादीशुदा पुरुष के साथ रह सकती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अदालत नैतिकता या प्रवचन का मंच नहीं। इस तरह के फैसले हमारे समाज की सामाजिक मान्यताओं, मानदंड, नैतिक मान्यताओं के लिए किस कदर खतरनाक हैं, यह देखना कोर्ट का विषय नहीं है। कोर्ट ने इससे पहले भी कई मामलों में ऐसे फैसले दिए जो हमारे यहां की सामाजिक संरचना, मान्यताओं पर फिट नहीं बैठते हैं। कई बार न्यायालय ने भारतीय संस्कृति, परंपरा, सामाजिक मान्यता, नैतिकता को दरकिनार करते हुए इस तरह के फैसले सुनाए हैं। तो फिर समाज में नैतिक परंपराओं नियमों का पालन कैसे सुनिश्चित किया जा सकता है? कानून के डर से कुछ लोग इस तरह के रिश्तों में सामाजिक प्रतिष्ठा की बात सोच चुप्पी साधे रखते हैं या फिर ऐसा कोई निर्णय नहीं लेते हैं, ऐसा कोई कदम नहीं उठाते जिससे कानूनी पचड़ों में पड़े। पर अब जिस तरह से निजी स्वतंत्रता की बात को ही महत्व देने की हवा चल रही है उससे तो जिसकी मर्जी वह ऐसे कृत्य खुल कर करेगा। वैसे भी वर्तमान में लोग समाज और सामाजिक प्रतिष्ठा को बहुत महत्व नहीं दे रहे है। व्यक्ति के लिए उसकी निजी स्वतंत्रता, उसकी व्यक्तिगत जिंदगी ही बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। युवा पीढ़ी को तो एक जीवन ही मिला है तो उसे हर तरह से जी लेना है। उसे नहीं लेना देना कि समाज क्या कह रहा है? लोग क्या कह रहे हैं? तो ऐसे समय में, ऐसी विकट परिस्थिति में जहां समाज का बहुत ज्यादा जोर नहीं है। कानून भी अगर इस तरह के फैसला देगा तो इस प्रकार के व्यभिचार को बहुत ज्यादा बढ़ावा मिलेगा। ऐसे फैसले चाहे लिव इन हो या विवाहेत्तर सम्बन्ध या अन्य उसका प्रभाव हम समाज पर देख रहे हैं। हर कोई खुलेआम इसको मान्यता दे रहा है। लड़के-लड़कियां इसी तरह के बंधन से मुक्त जीवन में ज्यादा सहज महसूस कर रहे है। अगर आपको याद होगा तो कुछ फिल्में जरूर ऐसी बनी हैं, जिनकी कहानी घरवाली बाहरवाली पर आधारित थी। ये गाना और गोविंदा आपको याद होगा, एक तरफ है घरवाली, एक तरफ बाहरवाली। पर यहां पर कोर्ट दोनों को ही एक घर में एक साथ रहने की इजाजत दे रहा है। कोर्ट ने यह भी कहा कि द्विविवाह का केस या दावा करने का अधिकार सिर्फ पहली पत्नी का है। हम यह मान लें की कोर्ट इस तरह के फैसले देकर समाज में एक तरह से अनैतिक परंपराओं को बढ़ावा दे रहा है। किसी भी समाज में उसका आधार उसकी सामाजिक मान्यता, रीति-नीति, नैतिक परंपराएं होती हैं । इन्हीं वजह से समाज में सुसंस्कृति, सुशासन स्थापित होता है। यदि उसे दरकिनार कर दिया जाए समाज में विकृति आ सकती है। न्यायालय, न्यायाधीश भी इस समाज का अंग है और वह बहुत अच्छी तरह जानते हैं कि इस तरह के फैसले बहुत गंभीर और प्रभावी परिणाम लेकर आते हैं। कानून, न्यायालय सामाजिक जीवन और समाज से कटे या अलग नहीं हैं, ये सामाजिक जीवन में अंतर्निहित हैं। इन्हीं का संदर्भ लेकर आगे भी इस तरह के अनेक मामले सामने आएंगे जब एक ही छत के नीचे विवाहित स्त्री के रहते हुए पति दूसरी प्रेमी का या गर्लफ्रेंड को भी साथ में रहने के लिए ले आएगा। इस तरह के फैसले देते हुए सामाजिक संरचना, मान्यताओं, नैतिकता का आधार होना बहुत जरूरी है। हम इसको पूरी तरह से दरकिनार नहीं कर सकते हैं वरना समाज का जो स्वरूप होगा वह भयानक होगा। इस तरह के निर्णयों से भविष्य में हमारा सामाजिक ताना-बाना बिगड़ जाएगा। इस प्रकार निर्मित समाज के लिए कहीं ना कहीं हम लोग ही जिम्मेदार होंगे। न्यायापालिका लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है। न्यायपालिका का निर्माण उस राष्ट्र के लोगों और समाज की चिंता के लिए, उनके हितों के लिए, वहां कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए, उसकी सुरक्षा के लिए हुआ है तो वह कैसे समाज और उसकी नैतिक मान्यताओं को दरकिनार कर सकती है? इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। एक स्वस्थ, सुसंकृत, सुशासित समाज के लिए समाज, उसकी स्वस्थ नैतिक मान्यताओं और न्यायालय के मध्य संतुलन, सद्भाव का होना आवश्यक है।

# पूरे देश में महिलाओं के प्रति जितने अपराध हो रहे हैं उसका 15 प्रतिशत अकेले यूपी में होते है: प्रहलाद पटेल

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी**




उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी तत्वावधान में प्रेस वार्ता का आयोजन शुक्रवार को 11=30 बजे काँग्रेस भवन पर आयोजित की गयी उक्त प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रहलाद पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विगत आठ साल के योगी शासनकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। अगर हम कहें कि उत्तर प्रदेश अपराध प्रदेश बन गया है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। एन0सी0आर0बी0 के ऑकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में महिलाओं और दलितों के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा हो रहे हैं। पूरे देश में महिलाओं के प्रति जितने अपराध हो रहे हैं उसका 15 प्रतिशत अकेले उत्तर प्रदेश में होते है। पूरे प्रदेश का शायद ही कोई जनपद होगा जहां आये दिन कोई जघन्य अपराध न होता हो। इतना ही नहीं जो सामाजिक अपराध खत्म से हो गये थे वह भाजपा के शासन काल में फिर से होने लेगे हैं, जैसे दलितों की बारातों पर हमला, उन्हें घोड़ी पर न चढ़ने देना और तो और अब दबंग उन्हें अपने इलाकों से निकलने देना भी नहीं चाहते। पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है अपराधियों में कानून का डर खत्म सा हो गया है। शर्मनाक स्थिति यह है कि मुख्यमंत्री जी जाति और धर्म देखकर अपराधियों की पहचान करते हैं।पिछले एक महीने की अगर बात करें तो हमारे जनपद लखीमपुर खीरी में निम्न बड़ी आपराधिक घटनाएँ जैसे-चोरी डकैती हत्या, अपहरण जैसी घटनायें आम हो गयी हैं। साथ ही जनपद-लखीमपुर खीरी में सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर हैं। कोतवाली लखीमपुर सदर में बनवारीपुर में 30 लाख रूपये की चोरी अब्दुल कलाम के घर से हुई। थाना हैदराबाद ग्राम अजान में 5 लाख रूपये की चोरी हुई। भीरा थाना ग्राम पड़रिया में चोरी घटनायें हुई। विगत दिनों फरधान थाने के क्षेत्र में महिला से 3500 रूपये की छिनौती हुई, कानून व्यवस्था का आलम यह है कि विगत दिन निघासन क्षेत्र सुक्खनपुरवा में एक युवक को पीट-पीट कर मार डाला गया। चोरी की घटनायें आम बात हो चुकी हैं। थाना निघासन ग्राम लुधौरी में एक महिला से लूटने का प्रयास हुआ, जिसके विरोध करने पर चाकू मारा गया।खीरी जिले में लगातार हो रहीं चोरी की घटनाओं से से दहशत का माहौल व्याप्त है, साथ ही पटेल ने यह भी कहा कि जनपद-खीरी में यूरिया खाद की मारा मारी चल रही है इस पर शासन व प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रही है। जिससे किसानों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। यूरिया की खुलेआम कालाबाजारी की जा रही है।उक्त घटनाएँ यह बात स्पष्ट करती हैं कि उ0प्र0 में कानून का राज खत्म हो चुका है तथा अपराध और अराजकता का राज कायम है। हम मुख्यमंत्री जी से नैतिकता के आधार पर उनके इस्तीफे की मांग करते हैं।

# आकांक्षात्मक ब्लॉकों में बेहतर प्रदर्शन पर बीडीओ सम्मानित, 10 लाभार्थियों को मिले इलेक्ट्रिक चाक

- आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने डॉक्टरों को सौंपे नियुक्ति पत्र, खिले चेहरे

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी**

लखनऊ मंडल की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल संग एनआरएलएम के तहत 10 लाभार्थियों को इलेक्ट्रिक चाक वितरित किए। आयुक्त ने आकांक्षात्मक ब्लॉक धौरहरा को छह पैरामीटर से संतृप्त किए जाने पर बीडीओ संदीप कुमार को गोल्ड मेडल और ब्लॉक बांकेगंज को तीन पैरामीटर पर संतृप्त करने पर बीडीओ ऋषिकांत अहिरवार को ब्रास मेडल से नवाजा। सीएम युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत धौरहरा ब्लॉक को जीरो पॉवर्टी के तहत चिन्हित लाभार्थियों संदीप कुमार, त्रिभुवन, वीरेंद्र कुमार, श्रीकांत गुप्ता व श्याम किशोर को योजना से लाभ प्रमाणपत्र भी प्रदान किए। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा चयनित आठ संविदा चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

### सीडीओ ने आयुक्त के सामने पेश किया 'ऑपरेशन राह' व तालाब निर्माण का रिकॉर्ड

आयुक्त डॉ. रोशन जैकब के समक्ष सीडीओ अभिषेक कुमार ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन में जिले में किए गए नवाचारों की प्रस्तुति दी। उन्होंने 'ऑपरेशन राह' और 'हर गांव महिम' अभियान के तहत कराए गए कार्यों की जानकारी साझा की। जिले में अब तक 1030 तालाबों का निर्माण कर एक नया रिकॉर्ड कायम किया गया है। इस पहल से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि ग्रामीण इलाकों में सिंचाई और भूजल रिचार्ज की बड़ी सुविधा भी सुनिश्चित होगी। आयुक्त ने इन नवाचारों की सराहना कर इसे अनुकरणीय पहल बताया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने भी जिले की इस उपलब्धि को सराहा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### स्वास्थ्य सेवाओं पर कमिश्नर का फोकस अस्पतालों की होगी सघन चेकिंग



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी।** आयुक्त डॉ. रोशन जैकब के समक्ष सीएमओ ने बताया कि 205 आशाओं की चयन प्रक्रिया जारी है, एमबीबीएस व आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। 70+ कैटिगरी में अब तक 20 हजार आयुष्मान कार्ड बने हैं। 1 से 15 सितंबर तक विलेज टू विलेज आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान चलेगा। आयुक्त ने अस्पतालों की सतत चेकिंग और पंजीकरण वेरीफाई करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने बताया कि जांच और कार्रवाई के लिए 16 टीमें गठित कर दी गई हैं, जो नियमित रूप से अभियान चलाएंगी।

### पंचायत चुनाव में प्रत्येक गांव से एक ईमानदार विकल्प लाने पर कार्य किया रहा: राघवेंद्र शुक्ला

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी।** शुक्रवार को जनपद लखीमपुर खीरी में लोग पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राघवेंद्र शुक्ला ने एक प्रेस वार्ता रखी पार्टी के विचार पर विस्तार से चर्चा की गई पंचायत चुनाव में प्रत्येक गांव से एक ईमानदार विकल्प लाने पर कार्य किया जा रहा है जनपद के लगभग सभी ग्राम पंचायत में बात हो गई है अधिकांश लोग पार्टी की विचारधारा से सहमत होकर एक ईमानदार राजनीतिक विकल्प लाने पर सहमत हुए हैं अपनी बात रखते हुए राष्ट्रीय सचिव राघवेंद्र जी ने कहा कि लोग पार्टी का नेतृत्व देश के जाने माने ईमानदार वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रहे।विजय शंकर पांडे जी पूर्व सचिव भारत सरकार व पूर्व जिलाधिकारी लखीमपुर कर रहे हैं अन्य बदहाली बेरोजगारी भ्रष्टाचार महंगाई गरीबी से गांव समाज परेशान है इसको एक ईमानदार राजनीतिक नेतृत्व ही दूर कर सकता है लोग पार्टी प्रतिबद्ध है सत्य पर आधारित राजनीति लाने के लिए एक ईमानदार राजनीतिक विकल्प के जरिए जन सामान्य की सभी समस्याओं का खात्मा किया जाएगा जन-जन को न्याय मिले इसके लिए एक ईमानदार राजनीतिक विकल्प को लाना ही हमारी प्राथमिकता है जनपद के सभी पत्रकार बंधुओ का साथ और समर्थन मिला कार्यक्रम में ब्लॉक धौरहरा प्रभारी अनिल कुमार पांडे व गोला ब्लॉक प्रभारी मुन्ना लाल पूर्व प्रधान व योगेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।

### नाबालिग को गायब करने का मामला का आरोपी गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** थाना मैलानी में एक नाबालिग लड़की के गायब होने का मामला सामने आया है। बुधवार शाम को लड़की बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रही थी, जब यह घटना हुई।पीड़िता के पिता ने थाना मैलानी थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी बृजेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। 29 अगस्त को पुलिस ने आरोपी इरशाद खान को गिरफ्तार कर लिया।थाना मैलानी में मुकदमा संख्या 350/2025 के तहत धारा 137(2)/87 बीएनएस में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। गिरफ्तारी में संसारपुर चौकी के उप-निरीक्षक ब्रज मोहन सैनी और हेड कांस्टेबल अमरीश कुमार पटेल की अहम भूमिका रही।

### बुलेट और नकदी न मिलने पर विवाहिता को मायके में पीटा,पुलिस ने आठ लोगों पर दर्ज की रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** दहेज में बुलेट और नकदी न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को प्रताड़ित किया। मायके में उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने पति सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नगर के मोहल्ला करीमगंज की रहने वाली शमा बी की शादी 17 फरवरी 2023 को वारिस अली पत्र लियाकत अली निवासी आनंदपुर उर्फ भगवंतापुर के साथ हुई थी। शादी में ससुराल वालों को मनमाफिक दहेज और उपहार दिए गए। इसके बावजूद ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए। वह दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और तीन लाख रुपए की डिमांड विवाहिता शमा बी से करने लगे। विवाहिता के मना करने पर ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की। विवाहिता के समझाने पर भी ससुराल वाले नहीं माने और गाली गलौज करते हुए लात घूंसे से उसकी पिटाई करने लगे। गर्भावस्था में ससुराल वालों ने विवाहिता को घर से निकाल दिया। बिना दहेज वापस लौटने पर जान से मारने की धमकी दी। मायके में विवाहिता ने एक पुत्री को जन्म दिया। उसके बाद विवाहिता और उसके घर वालों ने ससुराल वालों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। 18 जुलाई को ससुराल वाले मायके पहुंच गए और दहेज के लिए शमा के साथ फिर मारपीट की। विवाहिता की मां और मोहल्ले वालों ने बमुश्किल उसे बचाया। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर पति बारिस अली, सास मुनिसा,ससुर लियाकत अली, देवर राजिश उर्फ नन्हे, शोएब, आजम और ननद चमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### प्रेमी के घर से बरामद हुई कन्नौज की किशोरी युवती के साथ प्रेमी को भी ले गई पुलिस

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** एक पखवाड़ा पहले काम करने गया युवक कन्नौज से एक किशोरी को बहला फुसलाकर ले आया। उसके पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी। सेहरामऊ क्षेत्र के गांव से युवती बरामद हुई। पुलिस युवती और उसके प्रेमी को साथ ले गई। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव केसरपुर कलां का रहने वाला युवक एक पखवाड़ा पहले कन्नौज जनपद में काम करने गया था। कन्नौज के थाना इंदरगढ़ के एक गांव की रहने वाली नाबालिग युवती बीते 14 अगस्त को इंदरगढ़ में सिलाई सीखने गई थी। काम करने गया केसरपुर का युवक नाबालिक युवती को प्रेम जाल में फंसाकर अपने घर ले आया। युवती के गायब होने पर उसके पिता ने थाना इंदरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसके बाद पुलिस युवती की खोजबीन में जुट गई। जानकारी लगने पर शुक्रवार सुबह जनपद कन्नौज के थाना इंदरगढ़ की पुलिस गांव केसरपुर आ धमकी। पुलिस ने युवक के घर दबिश देकर से नाबालिक युवती को बरामद कर लिया। पूछताछ के बाद युवती के साथ ही उसके प्रेमी युवक को भी कन्नौज पुलिस अपने साथ ले गई। जानकारी लगते ही मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया।

# मलेरिया का मरीज मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने लगाया मेडिकल कैंप सैकड़ों मरीजों की हुई जांच

- मलेरिया मरीज को लखीमपुर-खीरी के पलिया में इलाज के लिए कराया भर्ती

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



**हजारा(पूरनपुर)।** ट्रांस शारदा क्षेत्र में एक ग्रामीण में मलेरिया के लक्षण मिलने पर क्षेत्र में फैली सनसनी स्वास्थ्य विभाग को लगा झटका। सीएमओ के निर्देश पर मेडिकल कैंप का आयोजन करते हुए सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जांच-पड़ताल कर दवाइयों का वितरण किया गया है।ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव शांति नगर में एक ग्रामीण में मलेरिया का लक्षण मिलने पर उसे इलाज के लिए पड़ोसी जिला लखीमपुर-खीरी के पलिया कलां में भर्ती कराया गया है।उधर क्षेत्र में मलेरिया का लक्षण मिलने की जानकारी पर पीलीभीत के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक कुमार शर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा एवं पूरनपुर सीएचसी से टीम बनाकर क्षेत्र में मेडिकल कैंप लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण का निर्देश दिया जिस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा की महिला प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रश्मि श्रीवास्तव के नेतृत्व में गांव शांति नगर में मेडिकल कैंप का आयोजन करते हुए 24 मरीजों के बुखार की जांच-पड़ताल की गई किसी में भी मलेरिया के लक्षण नहीं मिले हैं। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को मलेरिया के रोकथाम के उपाय बताते हुए कहा कि मच्छरदानी का प्रयोग करें और कहीं भी गंदा पानी या साफ पानी एकत्र न होने दें और अपने आसपास साफ सफाई का ध्यान रखें गंदगी न फैलने दें।उक्त मेडिकल कैंप में महिला प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रश्मि श्रीवास्तव के अलावा पूरनपुर से आई डाक्टरों की टीम में प्रमुख रूप से डा रंजीत रंजन,प्रियंका चतुर्वेदी, लैब टेक्नीशियन आरिफ,स्टाफ नर्स आरती वर्मा,शिखा सरन,एएनएम रानी,प्रतिभा,नीलम, सुधीर कुमार,शांति नगर ग्राम प्रधान रामकृपाल वर्मा,अवधेश कुमार राजभर सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे। उधर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा की महिला प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रश्मि श्रीवास्तव ने बताया है कि गांव शांति नगर में एक ग्रामीण में मलेरिया के लक्षण मिला था जिसका इलाज पलिया में हो रहा है। सीएमओ के निर्देश पर मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया और 126 मरीजों का परीक्षण किया गया है कोई भी मलेरिया या टाइफाइड का मरीज नहीं मिला हैं।

# जेई सिविल, जेई जलकल और सफाई निरीक्षक से पालिकाध्यक्ष ने मांगा स्पष्टीकरण

- अखबारों में छपी खबरों का लिया संज्ञान, तीन दिन में जवाब न देने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने शहर की अव्यवस्थित व्यवस्थाओं और हाल में प्रकाशित समाचारों का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ा रुख अपनाया है। अध्यक्ष ने अवर अभियंता जलकल, अवर अभियंता सिविल और सफाई एवं खाद्य निरीक्षक से तीन दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। समय पर जवाब न मिलने पर विभागीय कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है। अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को पत्र लिखकर कहा है कि समाचार पत्र में ÷4 घंटे में 5 मिलीमीटर बारिश, तालाब बनी सड़कें÷ शीर्षक से खबर प्रकाशित हुई है। इस खबर से नगर पालिका की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसलिए तीन दिन के भीतर वह स्पष्ट करें कि आखिर शहर की सफाई व्यवस्था और नालियों की देखरेख में चूक क्यों हुई।इसी क्रम में अवर अभियंता जलकल से ÷जल नहीं, जहर पिला रही है पालिका÷ शीर्षक से प्रकाशित समाचार के संदर्भ में जवाब मांगा गया है। अध्यक्ष ने इसे अत्यंत खेदजनक और आपराधिक लापरवाही करार दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जल आपूर्ति विभाग का दायित्व है कि नागरिकों को शुद्ध व सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। जेई जलकल से यह भी पूछा गया है कि भविष्य में नागरिकों को शुद्ध जल उपलब्ध कराने के लिए उनकी ठोस कार्ययोजना क्या है।वहीं, अवर अभियंता सिविल से उस समाचार को लेकर जवाब मांगा गया है जिसमें ÷बारिश में गिरी 36 लाख से बना रहे नाले की 20 मीटर लंबी दीवार÷ प्रकाशित हुई थी। अध्यक्ष ने कहा कि पहले ही निर्देश दिए गए थे कि वर्षा ऋतु में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न कराया जाए, बावजूद इसके आदेशों की अनदेखी कर निर्माण कार्य कराया गया। अध्यक्ष ने पूछा है कि उनके निर्देशों की अवहेलना क्यों की गई और भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे।पालिका अध्यक्ष ने तीनों अधिकारियों को चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होता है तो उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जारी पत्र की प्रतिलिपि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पीलीभीत को भी भेज दी गई है।

# पीलीभीत मुक्तिधाम को सुरक्षित व सुसज्जित बनाने की कवायद तेज

- देवहा नदी से हो रहे कटान को रोकने को बाढ़ खंड विभाग ने बनाई कार्य योजना
- विद्युत दाह संस्कार स्थल की व्यवस्था कराने की भी मांग

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



शहर के प्रमुख मुक्तिधाम को सुरक्षित व आधुनिक बनाने की दिशा में ठोस पहल शुरू हो गई है। मुक्तिधाम समिति के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश शासन के बाढ़ खंड मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद को पत्र लिखकर देवहा नदी से हो रहे कटान को रोकने के लिए पक्का तटबंध बनाने की मांग की थी।इस पहल पर संज्ञान लेते हुए बाढ़ खंड विभाग ने तटबंध निर्माण के लिए कार्य योजना तैयार कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। मुक्तिधाम समिति के पदाधिकारियों ने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से भेंटकर मुक्तिधाम परिसर में विद्युत दाह संस्कार स्थल स्थापित कराने का प्रार्थना पत्र भी सौंपा। इस दौरान क्रांतिकारी विचार मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संरक्षक देव स्वरुप पटेल भी समिति सदस्यों के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने मुक्तिधाम में उपयुक्त भूमि का निरीक्षण कर स्थान चयन में सहयोग दिया।

### वाटर कूलर की सुविधा से मिली राहत

पूर्व में केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा मुक्तिधाम पर वाटर कूलर की व्यवस्था कराई गई थी। इस सुविधा से आगंतुकों को काफी राहत मिल रही है। समिति अध्यक्ष संजय अग्रवाल व मनोज पटेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने इसके लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। यह पूरी कवायद मुक्तिधाम को सुरक्षित बनाने के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

# मुक्तिधाम सौन्दर्यीकरण कार्य का पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने निरीक्षण किया



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी**

मुक्तिधाम गोलागोकर्णनाथ में 33.40 लाख रुपये की लागत से छ्ह नये अंत्येष्टि स्थल, इंटरलॉक एक लकडी रखने का हाल,एक गर्वेज यार्ड तथा तीन स्नानागार के निर्माण का कार्य चल रहा है।शुक्रवार प्रातः 29/08/2025 को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, जूनियर इंजीनियर अनिल यादव के साथ कार्यों का निरीक्षण किया तथा कार्य की गुणवत्ता को भी परखा।इसके साथ ही मुक्तिधाम में झाड़ झंखड़ो,बरसाती घास की सफाई नगर पालिका द्वारा कराई जा रही है उसका भी निरीक्षण कर जरुरी दिशानिर्देश दिए। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि, *मुक्तिधाम के सौन्दर्यीकरण के साथ दो बाडी चिलर और उसको आने ले जाने के लिए ई रिक्शा तथा हाल में बैठने के लिए स्टील की बेंच भी डलवाई जायेगी। शोकाकुल परिवार को कोई दिक्कत न हो इसके लिए बाडी चिलर को घर तक पहुचाया जाएगा तथा मुक्तिधाम में बैठने से लेकर लकडी, सफाई, स्नान आदि अन्य व्यवस्थाए भी की जाएगी। मुक्तिधाम में 600/ कुंतल से लकडी की व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के अवसर पर खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, जे ई निर्माण अनिल यादव ,मोहित अवस्थी, विजय मिश्रा, रविन्द्र कटियार आदि मौजूद रहे।

# इंडिया गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने इंडिया गठबंधन के खिलाफ दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



**पूरनपुर।** इंडिया गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री और उनकी दिवगंत मां पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है। इससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने इंडिया गठबंधन के शीश नेतृत्व की मौजूदगी में टिप्पणी किए जाने पर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रफुल्ल मिश्रा कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली पहुंचे। उन्होंने कोतवाल सतेंद्र कुमार को दी तहरीर में बताया कि हाल ही में बिहार में इंडिया गठबंधन की रैली आयोजित की गई। इस रैली के मंच पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव जैसे प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में देश के प्रधानमंत्री और उनकी मां को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई। प्रधानमंत्री की मां इस दुनिया में नहीं है। इसके बावजूद इंडिया गठबंधन के इतने बड़े मंच से सार्वजनिक रूप से उनके खिलाफ टिप्पणी करना अशोभनीय नहीं है। इस टिप्पणी से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के अलावा देश के 140 करोड लोगों की भावनाएं आहत हुई है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कोतवाल से इंडिया गठबंधन और उनके प्रमुख नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। फिलहाल बिहार में प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर राजनीति गरमा गई है। भाजपा और इंडिया गठबंधन की ओर से आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं।



### शारदा में जलस्तर बढ़ने से बाढ़ के हालात नायब तहसीलदार ने किया मौका मुआयना

**जन एक्सप्रेस।पूरनपुर।** बनबसा बैराज से एक लाख क्यूसके से अधिक पानी डिस्चार्ज किए जाने से शारदा ने रौद्र रूप धारण कर लिया जिससे बाढ़ के हालात बन गए। नदी के आबादी की ओर बढ़ने से ग्रामीण भयभीत हैं। उन्होंने सामान समेटना शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हालात देखे। पहाड़ों पर लगातार बरसात हो रही है। इससे बनबसा बैराज भी उफना गया है। बनबसा बैराज से शुक्रवार को लगभग 1.37 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे शारदा नदी ने विकराल रूप ले लिया। नदी किनारे मौजूद गांव के लोगों को बाढ़ का डर सताने लगा है। गांव खिरकिया बरगदिया में ग्रामीणों द्वारा बनाया गया बंधा नदी में समा गया। नदी अब गांव की ओर तेजी के साथ बढ़ने लगी है। अब तक नदी कई एकड़ गन्ने की फसल निगल चुकी है। राहुल नगर और शास्त्री नगर में भी बाढ़ का पानी पहुंच गया है। ग्रामीण सामान सुरक्षित जुटाने में लग गए हैं। शुक्रवार को नायब अभिषेक त्रिपाठी ने टीम के साथ गांव राहुल नगर और खिरकिया बरगदिया गांव पहुंचे और कटान स्थल का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत भी की। नदी में लगातार जलस्तर बढ़ाते हुए देखकर नायब तहसीलदार ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की बात कही। वहीं राजस्व कर्मचारियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं।




# पूरनपुर में बढ़ रहे आवार कुत्तों के हमले

- रोजाना सौ से अधिक मरीजों को लग रही वैक्सीन

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** आवारा कुत्तों की आक्रमकता लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। सीएचसी में रोजाना सौ से अधिक मरीज वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं। आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की जा रही है।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यह कुत्ते लोगों पर हमलावर भी हो रहे हैं। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोजाना लगभग सौ से एक सौ बीस मरीज एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को गांव तकिया दीनारपुर के रहने वाले भूपेंद्र शौच के लिए जा रहे थे। इस दौरान गांव के एक आवारा कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया। बमुश्किल लोगों ने उन्हें बचाया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। भूपेंद्र के परिजनों ने बताया इससे पहले भी कुत्ते गांव में कई लोगों को हमला कर चुके हैं। कस्बे के अलावा अन्य गांवों में भी बढ़ती आवारा कुत्तों की संख्या से लोग परेशान है। सीएचसी में एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने के लिए मरीजों की भीड़ उमड़ रही है।इसको लेकर ग्रामीण परेशान हैं। गांव के रहने वाले अधिवक्ता जागन सिंह इसकी शिकायत भी कर चुके हैं। ग्रामीणों ने आवारा कुत्ते पकड़वाने की मांग की है।

## मिर्जापुर में मुठभेड़: बदमाश को गोली मारकर पकड़ा

**जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर**

मिर्जापुर के लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर में पिछले दिनों में सर्राफा की दुकान में चोरी सहित कई चोरी की घटनाओं में शामिल बदमाश से शुक्रवार को शाम चितांग मोड़ के पास पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। बदमाश के पास से एक तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद हुई है। बदमाश को घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चितांग तिराहा के पास शुक्रवार की शाम वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस संदिग्ध पल्सर बाइक सवार को रोकने की कोशिश की तो वह तमंचा से फायर कर चितांग मोड़ से जंगल की तरफ सड़क पर भागने लगा। पुलिस पीछा कर घेराबंदी की।

# गडौरा समिति खाद घोटाले का पर्दाफाश, सचिव निलंबित

- ग्रामीणों की सतर्कता से पुलिस ने पकड़ा खाद लदी ट्रैक्टर ट्रॉली
- खाद तस्करों के साथ समिति के सचिव पर लगाया सांठगांठ का आरोप
- यूरिया वितरण की जांच-पड़ताल का दायरा बढ़ा तो बेनकाब होंगे कई सचिव

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

निचलौल विकास खंड के गड़ौरा स्थित बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति पर रोस्टर को दरकिनार कर दिन के उजियाले में घोटाले बाजी का बड़ा मामला सामने आया है। कृभको की 400 बोरी यूरिया पीसीएफ की ओर से गडौरा समिति को भेजी गई थी। ट्रक से लाए गए खाद को गोदाम में डंप करने के बाद खाद की बोरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लोड किया जा रहा था।

संदेह होने पर किसानों ने खाद लदी ट्रैक्टर को रोककर पूछताछ की। आरोप है की समिति के सचिव विक्की यादव की द्वारा अनधिकृत तरीके से खाद की बड़ी खेप को कालाबाजारी करने के उद्देश्य से चोरी-छिपे बाहर निकाली जा रही थी।

बताया गया कि समिति के अध्यक्ष सुभाष पटेल बिना फिंगर लगाए अपने निजी उपयोग के लिए ट्रैक्टर-ट्राली से 25 बोरी यूरिया ले जा रहे थे। इसको लेकर कई तरह के प्रश्न चिन्ह उठने लगे है।

जबकि स्थानीय लोगों की सतर्कता और विरोध की सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने खाद लदी ट्रैक्टर ट्रॉली कब्जे में ले लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता), विकास खंड निचलौल को तत्काल जांच के आदेश दिए गए। प्रारंभिक जांच के आधार पर साधन सहकारी समिति गड़ौरा के सचिव विक्की यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है, ताकि सभी तथ्यों का खुलासा हो सके। ऐसी अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### खाद वितरण पर मंडरा रहा सवालिया निशान

गडौरा क्षेत्र के ग्रामीणों ने साफआरोप लगाया है कि समिति जिम्मेदार सचिव ही इस पूरे खेल में शामिल हैं। यदि किसानों की तत्परता न होती तो खाद की यह खेप चुपचाप बाहर निकाल दी जाती। किसानों का कहना है कि यदि इसी तरह जिम्मेदार लोग मिलीभगत कर खाद की कालाबाजारी करेंगे तो किसानों तक समय से खाद कैसे पहुंचेगी। हालांकि पुलिस प्रशासन और कॉपरेटिव विभाग की जांच के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आएगी, लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता से समिति में व्याप्त भ्रष्टाचार का एक बड़ा चेहरा जरूर उजागर हो गया




### सचिव पर किसानों ने लगाए गंभीर आरोप

सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित गड़ौरा समिति और साधन सहकारी समिति ढूठीबारी में सचिव पद पर विक्की यादव नियुक्त हैं। किसानों का आरोप है कि खाद तस्करों के साथ समिति के सचिव की मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखकर खाद को अवैध तरीके से बाहर निकाला जा रहा था। किसानों का कहना है कि सचिव ने समिति की पूरी व्यवस्था को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। सचिव के अभी तक किए गए खाद वितरण की जांच हो तो कई परतों से रहस्य खुल सकता है।

---

मनोकामना हनुमान मंदिर का जमीन प्रकरण

# एसडीएम ने राजस्व टीम के साथ चारों तरफ की जमीन की कराई पैमाइश

जन एक्सप्रेस । देवरिया



एसडीएम श्रुति शर्मा ने राजस्व विभाग की दो टीमों के साथ मंदिर की चारों तरफ की जमीन की पैमाइश कराई। इस दौरान मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर आसपास के इलाकों में भारी संख्या में महिला और पुरुष बल तैनात रहा। देवरिया जिले के चर्चित मनोकामना हनुमान मंदिर जमीन विवाद को लेकर शुक्रवार को प्रशासनिक अमला एक्शन मोड में दिखा। सुबह छह बजे से ही मंदिर के चारों तरफ पुलिस-फोर्स की चाक-चौबंद तैनाती कर मंदिर परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। इस दौरान एसडीएम श्रुति शर्मा ने राजस्व विभाग की दो टीमों के साथ मंदिर की चारों तरफ की जमीन की पैमाइश कराई। मापन कार्य के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए एएसपी दक्षिणी, सीओ सदर, सीओ बरहज, सीओ भाटपार समेत कोतवाल और थानेदारों की पूरी फौज मौके पर मौजूद रही। पैमाइश के दौरान मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर आसपास के इलाकों में भारी संख्या में महिला और पुरुष बल तैनात रहा। प्रशासनिक सतर्कता का आलम यह था कि स्थानीय लोग मंदिर परिसर के अंदर और बाहर आने-जाने में पुलिस निगरानी में ही गुजरते रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश सरकार के स्तर पर भी पूरी निगरानी रही। राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम के प्रतिनिधि मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने प्रशासनिक अमले के साथ लगातार संवाद बनाए रखा। वहीं, हनुमान मंदिर के उत्तराधिकारी महंत भी पूरे समय मौके पर डटे रहे। पैमाइश की हर प्रक्रिया महंत और मंदिर समिति की मौजूदगी में की गई, जिससे भविष्य में विवाद की स्थिति न पैदा हो। ज्ञात हो कि मनोकामना हनुमान मंदिर की जमीन को लेकर पिछले कई वर्षों से विवाद चल रहा है। प्रशासनिक आदेश के बाद शुक्रवार को कराई गई पैमाइश को विवाद सुलझाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

मंदिर के आसपास स्थानीय लोगों की भारी भीड़ रही, लेकिन पुलिस की सख्त व्यवस्था के कारण किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं हुई। सुबह से दोपहर तक चला यह मापन कार्य शांति और सुरक्षा के बीच संपन्न हुआ।

---

# प्रेमजाल में फंसाकर कराया धर्मांतरण, फिर की शादी, अब कर रहा पिटाई

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कोतवाली क्षेत्र की एक युवती को उसी के गांव के रहने वाले दूसरे समुदाय के एक युवक ने प्रेमजाल में फंसाया और फिर तीन माह पहले भगाकर उसका धर्म परिवर्तन करा दिया। इसके बाद युवती से शादी कर ली। चेन्नई ले जाकर उसकी पिटाई कर रहा है। लड़की ने अपने पिता को मोबाइल फोन पर खून से लथपथ फोटो भेजा है। पिता ने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। युवती के पिता का आरोप है कि अगर पुलिस तीन माह पूर्व समय सक्रिय हुई होती तो आज यह दिन नहीं देखना पड़ता।

हाटा कोतवाली क्षेत्र का यह मामला तीन माह पुराना है, लेकिन अब लड़की के साथ उसका प्रेमी मारपीट कर रहा है। उसे जान से मारने की भी धमकी दे रहा है। वह युवती को लेकर चेन्नई में रहता है। प्रेमी की प्रताड़ना से परेशान होकर लड़की ने दो दिन पहले अपने पिता को फोन कर मदद की गुहार लगाई। लड़की ने अपने पिता के मोबाइल फोन पर जो तस्वीरें भेजी हैं उसमें उसके नाक और चेहरे से खून निकलता दिखाई दे रहा है। बेटी की तस्वीर देख कर परिवार के लोग परेशान हैं। पिता ने हाटा कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर सौंपकर बेटी के सुरक्षा की मांग की है। पिता ने बताया कि बेटी को अब अपनी गलती का एहसास हुआ है। अब वह अपने प्रेमी से बचाने की गुहार लगा रही है। उनका आरोप है कि जान बूझकर दूसरे समुदाय युवक, लड़कियों को निशाना बनाते हैं। प्रेमजाल में फंसा कर पहले उनका धर्म परिवर्तन कराते हैं और बाद में उनके धर्म के अनुसार नहीं रहने पर मारपीट करते हैं।

पिता ने हाटा कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर सौंपकर बेटी के सुरक्षा की मांग की है। पिता ने बताया कि बेटी को अब अपनी गलती का एहसास हुआ है। अब वह अपने प्रेमी से बचाने की गुहार लगा रही है। उनका आरोप है कि जान बूझकर दूसरे समुदाय युवक, लड़कियों को निशाना बनाते हैं। प्रेमजाल में फंसा कर पहले उनका धर्म परिवर्तन कराते हैं और बाद में उनके धर्म के अनुसार नहीं रहने पर मारपीट करते हैं।

पिता का कहना है कि यही हाल मेरी बेटी के साथ भी हो रहा है। तीन माह पूर्व शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर शांत हो गई थी। कोतवाल राम सहाय चौहान ने बताया कि इस मामले में पहले से मुकदमा दर्ज है। लड़की से संपर्क किया गया है, दो-तीन दिनों में वह वापस आ रही है। उसके आने के बाद जांच आगे बढ़ेगी और युवक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

---

# नशीली दवा के साथ एक युवक गिरफ्तार

- अवैध नशा कारोबार पर कसा शिकंजा, आरोपित से पूछताछ के दौरान मिली कई अहम जानकारी
- अवैध नशे कारोबार में संलिप्त ड्रग्स तस्करों को चिन्हित करने में जुटा पुलिस प्रशासन

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

महराजगंज जनपद में नशा और मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बरगदवा पुलिस व 22वी वाहिनी एसएसबी की संयुक्त टीम को एक बड़ी सफलता मिली है। बीती रात नौतनवा-ठूठीबारी मार्ग पर स्थित पड़ियाताल मंदिर के पास एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया।

तलाशी के दौरान उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध नशीली दवाओं की बड़ी खेप बरामद हुई है। जिनमें 37 बोतल नशीला सिरप, 179 एम्पुल इंजेक्शन और लगभग 2500 नशीली टेबलेट सहित एक मोबाइल फोन बरामद हुई। इतनी बड़ी मात्रा में नशे की दवाओं की बरामदगी से प्रतीत हो था है आरोपित शख्स किसी बड़े नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। वही गिरफ्तार आरोपी की पहचान बरगदवा निवासी आशीष चौधरी के रूप में हुई है।

पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपित आशीष चौधरी से गहन पूछताछ के बाद उससे कई अहम जानकारियां मिली होगी। प्राथमिक पूछताछ में संकेत मिले हैं कि यह नेटवर्क सीमावर्ती इलाकों तक फैला हो सकता है। अधिकारियों का कहना है कि इस अवैध कारोबार में और भी लोग शामिल हो सकते हैं, जिन्हें जल्द बेनकाब किया जाएगा। बरामद किए गए नशीले पदार्थों को कब्जे में लेकर सील कर दिया गया है।




### नशे के खिलाफलगातार अभियान जारी

बार्डर एरिया में एसएसबी और पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों का कहना है कि नशे का कारोबार युवाओं को बर्बादी की ओर धकेल रहा है, जिस पर अब लगाम लगने की उम्मीद है। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ष्नशे के सौदागरोंष् के खिलाफलगातार अभियान जारी रहेगा।

### न्यायालय भेजने की प्रक्रिया

पुलिस प्रशासन ने साफकिया है कि नशे के खिलाफअभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे कारोबार में शामिल लोगों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। वहीं गिरफ्तार आरोपी आशीष चौधरी के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय चालान करने की अग्रिम प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने मांग की कि ऐसे अभियान गांव-गांव और स्कूल-कॉलेज स्तर तक चलाए जाएं, ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाया जा सके।

### बरामदगी व गिरफ्तारी करने वाली संयुक्त टीम में

बरगदवा थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार, एसआई विवेक सिंह, विशाल मिश्रा, अजीत कुमार भारती, शिक्षितानंद गौतम, कास्टेबल अतीक अहमद, पवन कुमार व एसएसबी के इंस्पेक्टर विशाल कुमार, अमरजीत उरांव, मिंटू साहा धर्मेंद्र कुमार शामिल रहे है।

---

# लापता मासूम का मिला शव, परिजनों ने किया हंगामा

- मृतक बालक रविवार से ही लापता था, पुलिस पर लगा लापरवाही का बरतने का आरोप
- आक्रोशित लोगों ने जाम कर किया हंगामा, पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत का सामन

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जनपद के नगर पालिका परिषद महराजगंज के चिऊरहा वार्ड निवासी हिमांशु चौधरी (उम्र लगभग 11 वर्ष) पुत्र गणेश चौधरी, बीते रविवार से रहस्यमयी तरीके से गायब था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी, लेकिन पांच दिनों तक मासूम का कोई पता नहीं चला। बीते गुरुवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के दूबौली गांव स्थित एक पोखरे के पास उसका शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलते ही परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फूट पड़ा। परिजनों ने आरोप लगाया कि बच्चे की हत्या की गई है और पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण समय रहते उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। ऐसे में आक्रोशित भीड़ ने महराजगंज-फरेंदा हाइवे को जाम कर दिया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी तथा उनके घर गिराने की मांग पर अड़ गए। इस दौरान सैकड़ों लोगों की भीड़ हाइवे एकत्रित हो गई। जिसके चलते घंटे तक यातायात व्यवस्था बाधित हो गया। आने जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। सूचना पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच कर प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश कर रहे। लेकिन गुस्साई भीड़ ने पुलिस और प्रशासन की लाख कोशिशों के बाद भी मानने को तैयार नहीं। जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया, लेकिन परिजन तब तक आंदोलन पर डटे रहे जब तक सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने और कठोर कार्रवाई की घोषणा नहीं हो जाती। हालांकि प्रशासनिक अधिकारी के लगातार लोगों से बातचीत और कड़ी मशक्कत के बाद सड़क से प्रदर्शनकारियों को हटवाया गया। वहीं परिजन न्याय की मांग पर अड़े हैं। इस संबंध एएसपी सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि गुमशुदा बालक का शव नटवा नहर में मिलने पर पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। मामले की जांच तेज कर दी गई है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

---

# मेडिकल कॉलेज में नहीं हो रहीं सभी जांचें, करानी पड़ रही बाहर

जन एक्सप्रेस । देवरिया



मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, सीटी स्कैन की सहित कई स्पेशल जांच की सुविधाएं उपलब्ध है। कलर डाप्लर, लेवल टू अल्ट्रासाउंड, मेमोग्राफी फेस्टूला, आईवीपी के अलावा हार्ट से संबंधित खून की जांच मरीजों को बाहर करानी पड़ती है। ऐसे में मरीजों की जेब ढीली होती है और उन पर आर्थिक बोझ पड़ता है। इसके अलावा अस्पताल में अधिकतर जांच की निशुल्क सुविधा है तो कुछ का मामूली चार्ज भी लिया जाता है।

मेडिकल कॉलेज में शहर से ग्रामीणांचल के अलावा बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग अच्छी सुविधा की उम्मीद लेकर आते हैं। रोजाना करीब ढाई हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। डॉक्टर मरीजों को पैथोलॉजी, एक्स-रे, सीटी स्कैन जांच लिखते हैं। करीब छह सौ मरीजों का रजिस्ट्रेशन होता है। अधिकतर पैथोलॉजी जांच की निशुल्क सुविधा है। इसमें सीबीसी, ईएसआर, ब्लड ग्रुप, यूरीन, एलएफटी, केएफटी, इलेक्ट्रोलाइट, सीआरपी, लिपिड, शुगर रेंडम, फास्टिंग, पीपीटी3, टी4, टीएसएच, एफटी 3, एफटी 4, प्रोलैक्टीन, एचबीएसएजी, एचसीवी, डेंगू, विडाल सहित अन्य जांच शामिल है।

पीटीआईएनआर, एपीटीटी, एचआईवी एलाइजा, हार्मोनल, एफएनएसी, सीएसएफ सहित कई जांच के लिए मामूली चार्ज देना पड़ता है। इसके अलावा करीब सौ मरीजों को स्पेशल जांच लिखी जाती है। इसके लिए मरीजों को बाहर जाना पड़ता है, जहां 15 सौ से पांच हजार रुपये देने पड़ते हैं। गर्भवती को लेबल टू अल्ट्रासाउंड जांच के लिए बाहर जाना पड़ता है। इसी तरह कलर डाप्लर, पैर के घुटने सहित स्पेशल अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा मेडिकल कॉलेज में नहीं है।

---

# अनाथ बच्चों के लिए पटवा समाज ने बढ़ाया मदद का हाथ

जन एक्सप्रेस । सोनौली/महराजगंज।

आर्थिक तंगी के कारण श्मशान घाट में लकड़ी न मिलने की पीड़ा झेल चुके नगर पालिका परिषद नौतनवां के मासूम बच्चों की मदद के लिए अब पटवा समाज आगे आया है। दो दिन तक ठेले पर पिता का शव लेकर भटकते रहे इन बच्चों की स्थिति ने समाज को झकझोर कर रख दिया। इसी क्रम में पटवा समाज कल्याण समिति (रजि.) मंडल गोरखपुर का एक प्रतिनिधि मंडल आगामी रविवार को नौतनवां पहुंचेगा। जहां मृतक लव कुमार पटवा के पीड़ित परिवार को 21 हजार रुपये की त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान करेगा। समिति के लोगों ने बताया कि बच्चों को अब तक जनप्रतिनिधियों और शासन व तहसील प्रशासन की ओर से जो भी सहायता घोषित की गई है, उसकी स्थिति की जानकारी समाज द्वारा ली जाएगी। वही समिति के संरक्षक व नौतनवा नगर के निवासी शिवाजी प्रसाद पटवा ने पीड़ित बच्चों को अपने आवास पर लाकर कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। उन्होंने सबसे छोटे बालक की पढ़ाई की जिम्मेदारी स्वयं ली है, वहीं अन्य दोनों बच्चों के लिए रोजगार की व्यवस्था कराने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि जिलाधिकारी और नौतनवा तहसील प्रशासन से संपर्क कर बच्चों के नाम मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत आवेदन की प्रगति, आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड जैसी सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली जाएगी। यह पूरी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को भी भेजी जाएगी। उक्त आशय की जानकारी पटवा समाज रजि मंडल गोरखपुर के अध्यक्ष विजय पटवा ने दी है।

---

# नेपाली शराब के साथ युवक गिरफ्तार

## अवैध तस्करी को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता बार्डर का सीमावर्ती क्षेत्र, धड़ल्ले से चल रहा तस्करी का खेल

जन एक्सप्रेस । महराजगंज




निचलौल थाना अंतर्गत भारत नेपाल बार्डर से सटे बहुआर चौकी क्षेत्र में आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर वैभव कुमार यादव के नेतृत्व में 22वी वाहिनी एसएसबी जवानों की संयुक्त रुप से बीती रात पेट्रोलिंग पर थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम ने झुलनीपुर कैम्प के पीछे से नेपाल निर्मित शराब की बड़ी खेप की तस्करी करते एक नेपाली युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान करन चौधरी पुत्र जितेंद्र चौधरी, निवासी ग्राम अठिलही, गाऊँपालिका प्रतापपुर, थाना बेलाटारी, जनपद नवलपरासी नेपाल राष्ट्र के रूप में हुई। उसके कब्जे 12 पेटी यानी 360 शीशी अवैध नेपाली शराब बरामद हुई। बताया गया उपरोक्त नेपाली शराब सस्ती होने के चलते भारत सीमावर्ती गांवों बेचने की योजना थी। इस संबंध में आबकारी निरीक्षक वैभव कुमार यादव ने बताया कि निचलौल थाने पर नेपाली युवक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

बार्डर पर तस्करी नहीं तो बरामदगी कैसेरू सूत्रों की माने तो निचलौल थाना क्षेत्र के बार्डर एरिया शीतलापुर, रेंगहिया, बहुआर चौकी क्षेत्र के रास्ते इन दिनों नेपाली शराब, ब्रान, काफी सहित अन्य सामानों की तस्करी का परवान चढ़ गया है। एसएसबी, आबकारी और पुलिस विभाग समय समय पर छिटपुट सामानों को बरामदगी कर लेती है। हालांकि उपरोक्त शराब बरामदगी से तस्करी का पोल भी खुल रहा है। लेकिन चर्चाओं में रहना वाला निचलौल कस्टम विभाग के हाथ खाली पड़े रहते है। कही ऐसा तो नहीं कस्टम विभाग सक्रिय तस्करों पर मेहरबान है। बताते चले कि निचलौल कस्टम विभाग में पूर्व में तैनात स्वच्छ और ईमानदार छवि के कस्टम अधीक्षक केएन सिंह ने तस्करी और तस्करों विरुद्ध कस्टम अधिनियम के तहत कार्रवाई भी किया था।

---

# महुअवा बुजुर्ग पहुंचा प्रशासनिक अमला, घर खाली करने लगे ग्रामीण

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

**तुर्कपट्टी।** तमकुहीराज तहसील के महुअवा बुजुर्ग गांव में सार्वजनिक भूमि का अतिक्रमण किए कुछ ग्रामीण बृहस्पतिवार को जमीन खाली करते दिखे। मौके पर पहुंची एसडीएम आकांक्षा मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि सभी अतिक्रमणकारी संबंधित गाटा संख्या की भूमि को तुरंत खाली कर दें अन्यथा की स्थिति में शुक्रवार को प्रशासन बल पूर्वक अतिक्रमण हटाएगा। बताते चलें कि उक्त ग्रामसभा निवासी अहमद अंसारी द्वारा चार वर्ष पूर्व उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दाखिल करते हुए अपने गांव के 74 ग्रामीणों पर ग्राम पंचायत की सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण का आरोप लगाया था। मामले में फरवरी 2024 में उच्च न्यायालय ने स्थानीय प्रशासन को आदेश देते सभी 74 ग्रामीणों को संबंधित गाटा संख्या से बेदखल करने का आदेश दिया। कोई कार्रवाई नहीं होता देख वादी अहमद अंसारी पुनः न्यायालय पहुंचकर अतिक्रण की गई भूमि पर कोई कार्रवाई नहीं होने की सूचना दी। इस पर 22 अगस्त 2025 को न्यायालय की ओर से उक्त आदेश का सख्ती से पालन कराते हुए डीएम को दो सितंबर तक स्वयं आख्या सहित न्यायालय में उपस्थित होने को आदेश दिया। जिसके क्रम में डीएम के आदेश पर तहसील प्रशासन को अतिक्रमणकारियों के घर पर नोटिस चस्पा कर 28 अगस्त तक भूमि को खाली करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में बृहस्पतिवार की दोपहर बाद एसडीएम आकांक्षा मिश्रा गांव पहुंच ग्रामीणों से अतिक्रमण वाले भूमि को खाली करने का निर्देश दिया हालांकि कई ग्रामीण अपना घर खाली करते दिखे।

# जिले के भ्रमण पर पहुंचे प्रमुख सचिव उद्यम विभाग, किया विकास कार्यों का समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जिले के नोडल अधिकारी और प्रमुख सचिव ग्राम उद्योग जनपद के भ्रमण पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार डीएम पवन अग्रवाल की उपस्थिति में विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने पं0 दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, पीएम सूर्य घर बिजली योजना, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, एकीकृत बागवानी, पर ड्रॉप मोर क्रॉप, विद्युत आपूर्ति, किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना, पीएम आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, नई सड़क निर्माण की प्रगति, एम्बुलेंस की पहुंच, टेलीमेडिसिन, जल जीवन मिशन की प्रगति, 15 वा वित्त आयोग, 05वां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन फेज 2, ऑपरेशन कायाकल्प, गोवंश संरक्षण, कन्या सुमंगला योजना, ओडीओपी, सीएम युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, सामूहिक विवाह योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण निर्माणधीन परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की।

उन्होंने फसल बीमा योजना के तहत अधिक से अधिक कृषकों को अच्छादित किए जाने , जल जीवन मिशन के तहत निर्माणधीन पेयजल परियोजना के कार्य में तेजी लाए जाने , पीएम सूर्य घर योजना में प्रगति लाए, कन्या सुमंगला योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या बढ़ाए जाने के निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें एवं पात्रों को योजना का लाभ प्रदान करें।

इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## वनस्पति विज्ञान विभाग मे विभागीय बैठक का आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में शुक्रवार को महत्वपूर्ण विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने की।

जानकारी के अनुसार 29 अगस्त को वनस्पति विज्ञान विभाग में आयोजित बैठक का मुख्य एजेंडा बीएससी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक कक्षाओं का सुचारु रूप से संचालन, नये सत्र में लागू प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम का निर्धारण तथा आगामी राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारियों पर केंद्रित रहा। विभागाध्यक्ष ने कहा कि प्रयोगात्मक कक्षाओं में समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना विभाग की पहली प्राथमिकता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार प्रायोगिक पाठ्यक्रम को और अधिक व्यावहारिक एवं शोधोन्मुख बनाया जाएगा, ताकि छात्र न केवल परीक्षा की दृष्टि से बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी समृद्ध हो सकें। राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि इसमें देश के लगभग पाँच राज्यों से कई ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों को आमंत्रित किया जाएगा। यह सेमिनार छात्रों और शोधार्थियों के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगा । जहां वे आधुनिक शोध प्रवृत्तियों और तकनीकी नवाचारों से परिचित हो सकेंगे। सभी प्राध्यापकों की सहमति से सेमिनार की तिथि 28 फ़रवरी से 1 मार्च निर्धारित की गई। बैठक में विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. मो अकमल, डॉ. शिव महेन्द्र सिंह, श्रवण कुमार, राहुल यादव, राहुल कुमार एवं डॉ. वीर प्रताप सिंह शामिल थे।

# सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर धीरेंद्र तिवारी ने किया नाम रोशन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के छोटे से गाँव देवरिया के निवासी धीरेंद्र तिवारी ने चार्टेड एकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर मिशाल पेश किया है। साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले धीरेंद्र ने देश की कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।

जानकारी के अनुसार धीरेंद्र तिवारी देवरिया गांव के निवासी राम सलोने तिवारी के सुपुत्र हैं। उनकी सफलता यह साबित करती है कि संसाधनों की कमी कभी भी किसी सपने के सामने बाधा नहीं बन सकती, अगर मेहनत और लगन सच्ची हो। गाँव के साधारण माहौल और सीमित सुविधाओं के बावजूद धीरेंद्र ने अपनी पढ़ाई जारी रखी और निरंतर परिश्रम से वह मुकाम हासिल किया, जिसका सपना देशभर के लाखों विद्यार्थी देखते हैं। धीरेंद्र की सफलता ने न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे गाँव और जिले का गौरव बढ़ा दिया है। देवरिया गाँव में इस उपलब्धि के बाद से हर्षोल्लास का माहौल है। लोग उन्हें बधाई देने उनके घर पहुँच रहे हैं। शिक्षकों और ग्रामीणों का कहना है कि धीरेंद्र ने साबित किया है कि मेहनत और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजन गर्व से भावुक हैं। पिता राम सलोने तिवारी ने कहा कि धीरेंद्र ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद हमेशा पढ़ाई को प्राथमिकता दी और कभी हार नहीं मानी। वहीं मित्रों और शुभचिंतकों का कहना है कि उनकी यह कामयाबी बलरामपुर के उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है, जो बड़े सपने देखते हैं लेकिन संसाधनों की कमी से निराश हो जाते हैं। धीरेंद्र तिवारी की यह सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि उन तमाम माता-पिताओं के संघर्ष का भी सम्मान है, जो अपने बच्चों को बेहतर भविष्य देने के लिए हरसंभव प्रयास करते हैं। उनकी मेहनत संदेश देती है कि छोटे गाँवों से भी बड़े सपने निकल सकते हैं और कड़ी मेहनत से उन्हें हकीकत में बदला जा सकता है।

## मन की बात कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई बैठक



**जन एक्सप्रेस । महोबा**

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आगामी 31 अगस्त को होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने की तथा कार्यक्रम का संचालन मन की बात कार्यक्रम के संयोजक रोशन सिंह ने किया। बैठक में जिले के सभी मंडल अध्यक्ष, संयोजक एवं मंडल प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। सभी मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिए गए कि मतदाता सूची प्रत्येक बूथ तक पहुँचाई जाए तथा कार्यकर्ता उसे ध्यानपूर्वक जाँचें। बैठक में यह संदेश दिया गया कि कार्यकर्ताओं का समर्पण और संगठन की एकजुटता ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति है।

# फर्जी रॉयल्टी गिरोह का भंडाफोड़ कर पुलिस टीमों ने तीन जालसाजों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस ने अवैध खनन एवं फर्जी रॉयल्टी प्रकरण में एक बड़ी कार्यवाही करते हुए तीन जालसाज अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में फर्जी रॉयल्टी प्रपत्र, नकदी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व अन्य आपराधिक सामग्री बरामद की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से प्रदेश सरकार को हो रही राजस्व क्षति पर रोक लगी है। खनिज विभाग की अधिकृत वेबसाइट upmines.updsc.gov.in के नाम से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट बनाकर लंबे समय से अवैध ई ट्रांसईट पास जारी किए जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा उक्त प्रकरण संज्ञान में आने पर कराई गई जांच में यह तथ्य प्रमाणित हुआ कि उक्त वेबसाइट फर्जी है और इसके माध्यम से राज्य सरकार को राजस्व की भारी क्षति पहुँचाई जा रही थी। इस संबंध में थाना कबरई पर धारा 305/318(4)/338/336 (3)/ 340 (2) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 317(2)/3(5) बीएनएस तथा थाना कोतवाली नगर में धारा 318 (4) बीएनएस व 66 सी आईटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त फर्जी रॉयल्टी प्रकरण का भंडाफोड़ किये जाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कबरई, जनपदीय स्वॉट एवं सर्विलांश तथा साइबर थाने की संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। अभियुक्तगणों द्वारा पट्टाधारक के आई.डी. पासवर्ड एवं सिक्योरिटी पेपर मुनीमों से साठगाठ कर प्राप्त कर खनन विभाग की साइट से बारकोड स्कैन कर लिंक प्राप्त कर उसमें छेडछाड कर फर्जी रोयल्टी पेपर तैयार करते थे तथा उनको ठेकेदारों एवं बिचौलियों के माध्यम से कार्यदायी संस्थाओं में बिल भुगतान के लिए प्रयोग करते थे, साथ ही खनन विभाग से मिलती जुलती फर्जी साइट बनाकर उसपर गाडी नम्बर उनकी फोटो व अन्य सूचनाएं भरकर अपलोड की जाती थी तथा बारकोड जनरेट कर फर्जी रोयल्टी तैयार की जा रही थी। जिससे सरकारी राजस्व को भारी क्षति हो रही थी। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम थाना कबरई, स्वॉट, सर्विलांस व साइबर थाना द्वारा दबिश देकर तीन अभियुक्तों को चन्द्रावल रोड शमसान घाट के पास कबरई के पास से गिरफ्तार किया है।



## मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत एक परिवार को बिखरने से बचाकर लौटाई खुशियां

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी महिला थाना की अध्यक्षता में समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया जिसमें पति-पत्नी के 4 ऐसे जोड़े जिनके बीच पारस्परिक परिवारिक विवाद चल रहा था, उनकी काउंसिलिंग की गयी एवं उनके मध्य संबंधित समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के निदान हेतु काउंसिलिंग एवं परामर्श कर उनकी समस्याओं को सुलझाया गया, जिसके परिणामस्वरुप पति-पत्नी का 1 जोड़ा आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हुए है शेष को अगली तिथि में बुलाया गया है द्य पुलिस एवं परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों के द्वारा किये गये सफल प्रयासों की सभी के परिवारीजनों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है द्य परिवार परामर्श के दौरान उ0नि0 गयास अहमद, म0कां0 रेखा देवी सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर क्रमशः शिवकुमार गोस्वामी, नीतू पालीवाल, रामजी गुप्ता, अंशू शिवहरे आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।

# पूजन अर्चन के साथ मनाई गई महर्षि कश्यप की जयंती

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में श्री ठाकुरद्वारा कसौंधन परिवार श्री राम जानकी मंदिर सेखुवा परमेश्वरी मंदिर के हाल में महर्षि कश्यप की जयंती धूमधाम से मनाई गई । मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर वाई पी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी देवीपाटन मंडल अध्यक्ष वैश्य समाज, कृष्ण गोपाल गुप्ता अध्यक्ष कसौंधन परिवार ने महर्षि कश्यप जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। मंदिर के पुजारी रघुनाथ प्रसाद शुक्ला ने महर्षि कश्यप जयंती पर पूजा अर्चना व हवन सभी लोगों के साथ संपन्न कराया।

कार्यक्रम में रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी ने कहा कि ऋषि कश्यप ब्रह्माजी के मानस-पुत्र मरीची के विद्वान पुत्र थे। मान्यता के अनुसार उन्हें अनिष्टनेमी के नाम से भी जाना जाता है। इनकी माता कला कर्दम ऋषि की पुत्री और कपिल देव की बहन थी। कश्यप को ऋषि-मुनियों में श्रेष्ठ माना गया है। कृष्ण गोपाल गुप्ता ने कहा कि श्री नरसिंह पुराण के अनुसार मरीचि ऋषि ब्रह्मा जी के मानस पुत्र थे। मरीचि ऋषि की पत्नी थीं संभूति। इन्हीं की कोख से महर्षि कश्यप का जन्म हुआ।

इस अवसर रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी, कृष्ण गोपाल गुप्ता नगर अध्यक्ष वैश्य समाज, श्याम किशोर गुप्ता, आनंद कुमार गुप्ता, अभय कुमार कसेरा,प्रेम मोदनवाल गिरधारी लाल गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, राम कुमार गुप्ता, घनश्याम चौहान वैष्णो गुप्ता, अंकुर गुप्ता मंदिर का सेवक, झूमा सिंह क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य भाजपा, भाजपा नेत्री गुड़िया गुप्ता कमलापुरी, सुशीला देवी, नंदिनी गुप्ता, साधना श्रीवास्तव, श्वेता गुप्ता व शालिनी गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## कश्यप कश्यप जयंती पर रक्तदान शिविर आयोजित, 23 रक्तदाताओं ने रक्तदान

**जन एक्सप्रेस/तुलसीपुर बलरामपुर।** महर्षि कश्यप ऋषि की जयंती पर कसौधन समिति तुलसीपुर द्वारा पैसिफिक ब्लड डोनेशन सेंटर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 23 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने महर्षि कश्यप जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि फ्दुनिया में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। हर चीज का विकल्प मिल सकता है, लेकिन रक्त का कोई विकल्प नहीं है। किसी का जन्मदिन मनाने का इससे श्रेष्ठ तरीका और कोई नहीं हो सकता।फ्समिति के पदाधिकारी ने विधायक कैलाश नाथ शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि रामशरण गुप्ता को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। वहीं ब्लड सेंटर के संचालक अखिलेश आर्य ने आगंतुकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रभाकर कसौधन,आलोक कसौधन,अमित कसौधन,संदीप कसौधन, हरबिंदर सिंह,अमन कसौधन,अभय देवआर्य, अवधेश,राजू कसौधन, अनूप कसौधन सहित 23 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया । खेल दिवस के अवसर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 29 अगस्त को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस पर एक घंटा खेल के मैदान में और खेलेगा देश- खिलेगा देश ध्येय वाक्य के अंतर्गत जनपद बलरामपुर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विभिन्न प्रकार के खेलों के साथ-साथ एक साइकिल रेस का आयोजन भी किया गया। विद्यालय में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के सम्मान में विगत दो दिवसों से विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें उनके बचपन से लेकर ओलंपिक की स्मृतियों को विद्यालय प्रधानाचार्य आसिम रूमी जी के द्वारा बच्चों से साझा किया गया। इसी क्रम में सीबीएसई द्वारा निर्देशित की गई विभिन्न गतिविधियों को विद्यालय में करवाया गया। जिसके अंतर्गत हॉकी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं चालू है जो आगामी दो दिनों तक चलती रहेगी।

प्रातःकाल विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा के बाद एक साइकिल रेस का आयोजन किया गया जो विद्यालय से शुरू होकर माया होटल होते हुए पुनः विद्यालय पर समाप्त हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अब्दुल कय्यूम, विद्यालय प्रबंध समिति की संयुक्त निदेशिका सुजाता आनंद एवं विद्यालय प्राचार्य आसिम रूमी ने साइकिल प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में क्लास 6 से लेकर 12th तक के 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में 7th D के ऋषभ सिंह ने प्रथम स्थान क्लास 7th B के निर्मल जायसवाल ने द्वितीय स्थान तथा क्लास 8ह्लद्ध क्क के सूरज वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में चौथे पांचवें व छठे स्थान पर अविरल, आयुष प्रजापति एवं ऋषभ मिश्रा रहे। विजेता बच्चों को मुख्य अतिथि डॉ अब्दुल कय्यूम, प्रबंध समिति की संयुक्त निर्देशिका सुजाता आनंद एवं प्राचार्य आसिम रूमी द्वारा मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। प्राचार्य आसिम रूमी ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को इसलिए मनाया जाता है क्योंकि यह दिन महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन है, जिन्हें **हॉकी का जादूगर** कहा जाता है। उन्होंने 1928, 1932 और 1936 के ओलंपिक खेलों में भारतीय हॉकी टीम को स्वर्ण पदक जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए विजेताओं को बधाई दी। इसी क्रम में सुजाता आनंद ने अपने अभिभाषण में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल दिवस खेलों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करता है, शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है और टीम खेलों में भागीदारी छात्रों को टीम वर्क, सहयोग और एकता सिखाती है, जो कौशल शिक्षा और भविष्य के करियर में भी उपयोगी साबित हो सकते हैं। बच्चों को संबोधित करते हुए जनपद की प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अब्दुल कय्यूम ने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास हो सकता है इसलिए खेल गतिविधियां हमारे लिए अत्यंत जरूरी हैं।

यह शारीरिक मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ हमें मानसिक मजबूती भी प्रदान करती हैं। ऐसी गतिविधियां हमें मोटापे व निष्क्रिय आदतों जैसी समस्याओं से निपटने में मदद भी करती है।

## विनसॉफ्ट कॉलेज ऑफ एजूकेशन में अव्यवस्थाओं का मकड़जाल, धूल फांक रही है कक्षाएं

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से संबंधित विकासखंड पनवाड़ी अंतर्गत निसवारा रोड पर स्थित विनसॉफ्ट कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में अव्यवस्थाओं का मकड़जाल फैला हुआ है। कॉलेज परिसर में पांच फीट ऊंची खड़ी घास और कई वर्षों से टूटी बाउंड्रीवॉल इस बात की पूर्ण गवाही दे रही है। कॉलेज की हालत यह है कि न तो पीने के लिए पानी की कोई सुविधा है और न ही सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए सीसीटीवी कैमरा चालू है। यहां तक कि मैन गेट पर कॉलेज का बोर्ड भी नहीं लगा हुआ है। चारों तरफ देखने पर सिर्फ बड़ा-बड़ा चारा ही नजर आता है। जिससे जहरीले कीड़ो का खतरा भी बना हुआ है। जानकारी लेने पर पता चला कि कॉलेज में बीटीसी एवं बीएड कोर्स संचालित है। कॉलेज में छात्र-छात्राओं के एडमिशन तो है, लेकिन कक्षाएं धूल फांक रही हैं। गुरुवार को जब मीडिया की टीम विद्यालय में पहुंची तो केवल चार अध्यापक मिले जो ऑफिस में बैठे हुए थे। जब विद्यालय की अवस्थाओं के संबंध में उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं नहीं आए हैं। बाकी बह कुछ नहीं कह सकते। कॉलेज के प्रबंधक डॉ कमलेश वर्मा से जब दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि बारिश की वजह से घास हो गई है तथा अन्य समस्याएं सही करवाते हैं। कॉलेज की अवस्थाओं के संबंध में जब डायट के प्रभारी प्राचार्य राहुल मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस संबंध में जानकारी प्राप्त हुई है। संबंधित कॉलेज को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा। इस तरह की अवस्थाओं को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बीएलओ का पिछला मानदेय न मिलने से वीडीओ के नाम सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । महोबा**




पनवाड़ी विकासखंड क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2021-22 के दौरान तैनात बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) को अब तक मानदेय का भुगतान न मिलने से नाराजगी गहराती जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर गुरुवार को विकासखंड पनवाड़ी के दर्जनों बीएलओ ने सामूहिक रूप से खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि जब तक उनका बकाया मानदेय भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक वे आगे कोई भी बीएलओ कार्य नहीं करेंगे।

बीएलओ का कहना है कि 2021-22 में पंचायत चुनाव के दौरान उन्होंने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया था, लेकिन आज तक उन्हें उस कार्य का मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। इसके बावजूद एक बार फिर से उन्हें बीएलओ की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, जो उनके साथ सरासर अन्याय है। बीएलओ प्रतिनिधियों ने दो टूक कहा कि यदि जल्द ही मानदेय का भुगतान नहीं होता है तो वे सभी बीएलओ बस्ता रखकर कार्य का बहिष्कार करेंगे और इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ज्ञापन में बीएलओ ने कहा कि चुनावी कार्यभार बेहद संवेदनशील और जिम्मेदारी भरा होता है। ऐसे में सरकार और प्रशासन को चाहिए कि समय पर मानदेय उपलब्ध कराए, ताकि कर्मचारियों का मनोबल बना रहे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक उनका बकाया मानदेय उन्हें प्राप्त नहीं होगा, तब तक वे किसी भी प्रकार की चुनावी ड्यूटी या बीएलओ कार्य में सहयोग नहीं देंगे।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामबाबू राठौर, मनोज पाठक, रामसिंह राजपूत, जयपाल अहिरवार, रामकिशोर, जयप्रकाश, संतोष रिछारिया, ऋतुराज, धर्मेंद्र राजपूत, राजकुमार अहिरवार, अजय सक्सेना, राजेश, संध्या कौशिक, संतराम, देवेंद्र कुमार, थान सिंह, मानसिंह, राकेश कौशिक, मनोज बाजपेई, रविंद्र, बालचंद, मनोज तिवारी, आशुतोष सक्सेना, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में बीएलओ मौजूद रहे। बीएलओ प्रतिनिधियों ने खंड विकास अधिकारी को यह भी अवगत कराया कि उनकी यह मांग पूरी तरह जायज़ है और यदि प्रशासन उनकी समस्याओं पर सकारात्मक रुख अपनाए तो वे हर जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हैं। लेकिन पिछला मानदेय दिए बिना आगे का कार्य सौंपना अन्याय होगा।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बीएलओ का मानदेय भुगतान न होने का मामला लंबे समय से लटका हुआ है, जिसके चलते शिक्षकों और बीएलओ में आक्रोश बढ़ रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब तक ठोस कदम उठाता है।

## एक ही पल्सर, सवारी के दो अंदाज आपका अंदाज़ कौन-सा है?

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

लखनऊ की भीड़भाड़ वाली गलियों से लेकर पटना की खुली सड़कों तक, पल्सर एन160 बिहार और उत्तर प्रदेश के राइडर्स की पसंदीदा बाइक बनती जा रही है। इसकी खासियत सिर्फ ताक़त या लुक में नहीं है, बल्कि इस बात में है कि यह ज़रूरत से सवारी करने वालों और शौक से चलाने वालों दोनों के बीच समान रूप से लोकप्रिय है।

पल्सर की एन सीरीज़, बजाज ऑटो के उस विज़न को दर्शाती है जिसमें हर राइडर की जीवनशैली के अनुसार ढलने वाली मोटरसाइकिलें देने का लक्ष्य है। चाहे एन160 हो, एन150 या इस रेंज के अन्य मॉडल, हर बाइक में स्टाइल, परफॉर्मेंस और आराम का ऐसा संतुलन है जो रोज़मर्रा की राइडिंग में पूरी तरह फिट बैठता है। कम ईंधन खपत वाली कम्यूटर बाइक से लेकर बेहतरीन फीचर्स से भरपूर तेज रफ्तार विकल्पों तक, एन सीरीज़ में हर किसी के लिए कुछ न कुछ मौजूद है। यही वजह है कि यह उन राइडर्स की पसंद बन चुकी है जो चाहते हैं कि उनकी बाइक उतनी ही बहुपयोगी हो जितनी उनकी रोज़ की ज़िंदगी। कई परिवारों के लिए बाइक सिर्फ एक सवारी नहीं होती, बल्कि रोज़मर्रा की ज़िंदगी की एक भरोसेमंद साथी होती है। पल्सर एन160 का सिंगल सीट (लॉन्ग सीट) वेरिएंट इसी ज़रूरत को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। आराम और उपयोगिता पर केंद्रित यह वेरिएंट इस क्षेत्र की सबसे ज़्यादा बिकने वाली बाइक्स में शामिल हो चुका है। चाहे सुबह ऑफिस जाना हो, हफ्ते की खरीदारी करनी हो या बच्चों को स्कूल छोड़ना हो-इसकी लंबी सीट बेहतरीन आराम और पर्याप्त जगह देती है।

# व्यापार

सेंसेक्स 80786.54 पर बंद
निफ्टी 24712.05 पर बंद

सोना 98,910
चांदी 1,17,000

## ट्रंप टैरिफ से भारत की अर्थव्यवस्था को तगड़ा झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेफरीज के ग्लोबल स्ट्रैटेजिस्ट क्रिस वुड ने चेतावनी दी है कि डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए कड़े टैरिफ (शुल्क) भारत की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर डाल सकते हैं। वुड का कहना है कि अगर ये ड्रेकोनियन टैरिफ लंबे समय तक जारी रहते हैं, तो भारतीय अर्थव्यवस्था को लगभग 55 से 60 अरब डॉलर तक का झटका लग सकता है। इसका सीधा असर भारत के निर्यात, रोजगार और विदेशी निवेश पर पड़ सकता है, जिससे कई सेक्टर्स को नुकसान उठाना पड़ सकता है। वुड ने अनुमान लगाया है कि यह नुकसान खासकर उन क्षेत्रों को होगा, जो अमेरिका को निर्यात पर निर्भर हैं। जैसे कि- टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वेलरी और इंजीनियरिंग गुड्स। उन्होंने यह भी कहा कि टैरिफ बढ़ने से भारतीय कंपनियों की प्रतिस्पर्धा क्षमता घट जाएगी। जहां पहले भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में सस्ते और आकर्षक माने जाते थे। वहीं अब बढ़े हुए शुल्क के कारण इनकी कीमतें बढ़ जाएंगी। इससे अमेरिकी खरीदार अन्य देशों से सामान आयात करना पसंद कर सकते हैं। इसके अलावा, यह कदम भारत में निवेश और रोजगार दोनों पर दबाव डाल सकता है। निर्यात घटने से कई उद्योगों में नौकरियों पर असर पड़ेगा और विदेशी निवेशक भी भारत में निवेश करने से हिचक सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार को ऐसे हालात में नई नीतियां और राहत पैकेज लाने होंगे, ताकि नुकसान को कम किया जा सके और उद्योगों को सपोर्ट मिल सके।

## अब बिना पैसे दिए करा सकेंगे बीमा से इलाज, वापस लिया गया नो कैशलेस क्लेम का फैसला

**मुंबई, एजेंसी।** देशभर के मरीजों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अस्पतालों की संस्था एएचपीआई ने बजाज आलियांज और केयर हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसीधारकों के लिए लगाई गई कैशलेस इलाज सुविधा पर रोक को वापस ले लिया है। यानी अब मरीजों को पहले की तरह अस्पतालों में बिना पैसे दिए सीधे बीमा से इलाज मिल सकेगा। बता दें कि हाल ही में यह खबर आई थी कि कुछ बड़े इंश्योरेंस कंपनियों जैसे कि बजाज आलियांज और केयर हेल्थ इंश्योरेंस - के पॉलिसीधारकों के लिए कैशलेस क्लेम सुविधा पर रोक लगा दी है। इससे लाखों पॉलिसीधारकों में चिंता फैल गई थी, क्योंकि अस्पतालों में कैशलेस इलाज न मिलने की स्थिति में उन्हें इलाज के दौरान सीधे जेब से पैसे खर्च करने पड़ते।

## 44000 से ज्यादा रिटर्न दे चुका शेयर, अब डिविडेंड बांटेगी कंपनी, 45 से कम है भाव

**मुंबई, एजेंसी।** स्मॉलकैप स्टॉक हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स ने अपने निवेशकों को लॉन्ग टर्म में 44000 पर्सेंट से ज्यादा का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। अब कंपनी अपने निवेशकों को डिविडेंड देने वाली है। कंपनी ने अंतिम डिविडेंड भुगतान को शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए 22 सितंबर, 2025 को रिकॉर्ड तिथि घोषित की है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स के बोर्ड ने 1 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 0.20 रुपये के फाइनल डिविडेंड की सिफारिश की है, जो 20 प्रतिशत के बराबर है। प्रस्तावित डिविडेंड हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स की आगामी 33वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों द्वारा मंजूरी के अधीन है। एजीएम 29 सितंबर, 2025 को निर्धारित है। अपने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने कहा- मंजूरी के बाद डिविडेंड का अधिकार उन सभी लाभकारी मालिकों को होगा, जो नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड द्वारा सोमवार, 22 सितंबर, 2025 को दिए गए विवरण के अनुसार होंगे।

### ओरिएंटल यूनिवर्सिटी दीक्षारम्भ 2025

# देशभक्ति, प्रेरणा से भरी नई शुरुआत

**इंदौर, एजेंसी।**
ओरिएंटल यूनिवर्सिटी, इंदौर में दीक्षारम्भ - छात्र नव प्रवेशित कार्यक्रम 2025 बड़े उत्साह, गर्व और देशभक्ति के माहौल में आयोजित किया गया। पूरा सभागार छात्रों से खचाखच भरा हुआ था, जहाँ नव प्रवेशित विद्यार्थियों ने अतिथियों का स्वागत गगनभेदी नारों भारत माता की जय और वंदे मातरम् से किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे पूर्व मार्कोस कमांडो श्री प्रवीण कुमार तेवतिया जी (शौर्य चक्र विजेता एवं मोटिवेशनल स्पीकर) और आर.जे. नवनीत (एवार्ड-विनिंग आरजे एवं मोटिवेशनल स्पीकर)। दोनों ने मिलकर कार्यक्रम को प्रेरणादायी और साथ ही छात्रों के लिए सहज एवं रोचक बना दिया।

26/11 मुंबई आतंकी हमले के जांबाज़ योद्धा श्री प्रवीण तेवतिया ने उस कठिन ऑपरेशन और बंधक परिस्थितियों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन अनिश्चित है, पर साहस और अनुशासन ही असली ताक़त है। उन्होंने अपने जीवन के संघर्ष और आत्मपरिवर्तन की कहानी सुनाते हुए बताया कि कैसे उन्होंने हमले से बचने के बाद खुद को नई चुनौतियों के लिए तैयार किया और दौड़, तैराकी और साइक्लिंग में विश्वप्रसिद्ध आयरनमैन की 4 उपाधियाँ प्राप्त कीं। आज वे एक कमांडो टैक्टिकल ट्रेनर के रूप में कार्यरत हैं।

उन्होंने छात्रों को संदेश दिया- कम से शुरू करो,



एक दिन वही महान बन जाएगा। अपने लक्ष्य को साधते रहो।

वहीं, आर.जे. नवनीत ने अपने उत्साह और ऊर्जावान संवाद से सत्र को हल्का-फुल्का और विद्यार्थियों के लिए और अधिक दोस्ताना बना दिया।

इस अवसर पर माननीय प्रो चांसलर प्रो. (डॉ.) ध्रुव घई ने कहा, ओरिएंटल में हम मानते हैं कि देशभक्ति और अनुशासन वे प्रथम मूल्य हैं जिन्हें हम अपने विद्यार्थियों में पहले दिन से ही स्थापित करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी असली हीरो बनें, न कि केवल रील हीरो।

माननीय प्रो चांसलर श्री गौरव ठकराल ने कहा, विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता सीखनी चाहिए। मैं सभी नए छात्रों को 30 वर्षों की गौरवशाली ओजीआई (ओरिएंटल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स) की विरासत का हिस्सा बनने पर बधाई देता हूँ।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए रजिस्ट्रार डॉ. प्रद्युम्न यादव ने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए और उन्हें विश्वविद्यालय की संस्कृति से परिचित कराया। विश्वविद्यालय के हरित-आवरण वाले परिसर और आधुनिक सुविधाओं ने छात्रों को गुरुकुल जैसी अनुभूति कराई।

डीन अकादमिक्स डॉ.गरिमा घई ने कहा कि, हम सामाजिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ रहे हैं और विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट-रेडी बनाने की विचारधारा पर काम कर रहे हैं।

कार्यक्रम और पूरे विश्वविद्यालय टीम के प्रयासों की सराहना छात्रों और अभिभावकों ने दिल से की। कार्यक्रम को और समृद्ध करते हुए, माननीय कुलाधिपति श्री प्रवीण ठकराल एवं विधि संकाय की निदेशक श्रीमती सोनिया ठकराल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। कुलगुरू डॉ. अमोल गोरे ने ओरिएंटल यूनिवर्सिटी की सशक्त शैक्षणिक संस्कृति, प्रौद्योगिकी-सक्षम शिक्षण, उदार शिक्षण पद्धति एवं जीवंत कैंपस जीवन की विशेषताओं को साझा किया।

विभिन्न संकायों के सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे, जिससे 'दीक्षारम्भ 2025' कार्यक्रम मूल्यों, ज्ञान और प्रेरणा से परिपूर्ण एक भव्य सफलता बना।

## उज्जीवन एसएफबी ने अपने मैक्सिमा करंट अकाउंट होल्डर्स के लिए लांच किया उज्जीवन स्वीप स्मार्ट


**मुंबई, एजेंसी।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी) ने अपने मैक्सिमा करंट अकाउंट कस्टमर्स के लिए उज्जीवन स्वीप स्मार्ट नामक एक नया ऑटो-स्वीप फीचर लॉन्च किया है। यह खास सुविधा कारोबारियों और प्रोफेशनल्स को उनके सरप्लस पैसों पर ज्यादा लाभ दिलाने के साथ-साथ रोज़ाना के लेन-देन के लिए पूरी लिक्विडिटी की सुविधा भी सुनिश्चित करेगी। उज्जीवन स्वीप स्मार्ट के साथ, मैक्सिमा करंट अकाउंट में बचा हुआ सरप्लस बैलेंस अपने आप शॉर्ट-टर्म फिक्स्ड डिपॉज़िट में ट्रांसफर हो जाएगा। इससे कस्टमर्स को अपने सरप्लस फंड पर ब्याज का फायदा मिलेगा। यह स्वीप-आउट प्रोसेस हर सोमवार को शुरू होता है, जब खाते में 4 लाख से ज्यादा बैलेंस हो। 4 लाख से ऊपर का अकाउंट बैलेंस (10,000 के गुणक में) अपने आप 180 दिनों की एफडी में ट्रांसफर हो जाता है। साथ ही कस्टमर्स को यह सुविधा भी मिलेगी कि वे अपने बिज़नेस की ज़रूरत के अनुसार 4 लाख से शुरू होकर अपनी मनचाही लिमिट सेट कर सकें। उज्जीवन स्वीप स्मार्ट की सबसे खास बात इसका इंटेलिजेंट स्वीप-इन मैकेनिज़्म है। अगर खाते में बैलेंस कम पड़ जाता है, तो उससे जुड़े डिपॉज़िट अपने आप 10,000 के गुणक में आंशिक रूप से टूट जाते हैं। यह प्रक्रिया लास्ट-इन, फर्स्ट-आउट आधार पर होती है और इस पर कोई पेनल्टी नहीं लगता। इस सुविधा के तहत बनाई गई एफडी पर 180 दिनों के लिए सालाना 6त्न ब्याज मिलता है। हालांकि, भविष्य में इस ब्याज दर में बदलाव हो सकता है। यह सुविधा भारतीय रिज़र्व बैंक के नियमों के अनुरूप है, जिनमें एफडी का ऑटो-रिन्यू नहीं होता, जिससे कस्टमर्स को अपने कैश फ्लो पर पूरा नियंत्रण मिलता है। इन डिपॉज़िट्स पर मानक नियम, जैसे कि टीडीएस भी लागू होंगे। उज्जीवन एसएफबी के टीएएससी, टीपीपी और रिटेल लाइबिलिटीज़ हेड, हितेंद्र झा ने कहा, ÷उज्जीवन स्वीप स्मार्ट के जरिए हम अपने कस्टमर्स को उनके बेकार पड़े बैलेंस पर अधिक कमाई करने का मौका दे रहे हैं।

# रॉकेट की रफ्तार से बढ़ रहे ओला इलेक्ट्रिक के शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओला इलेक्ट्रिक के शेयर इन दिनों लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर में आज शुक्रवार को भी 5 तक की तेजी दर्ज की गई है। कंपनी के शेयर 57.50 रुपये पर आ गए थे। पूरे हफ्ते में इसमें करीब 20 की तेजी दर्ज हुई। निवेशकों की इस दिलचस्पी के पीछे कई बड़े कारण हैं, जिनमें मजबूत डिलीवरी आंकड़े, सरकारी नीतियों से मिल रहा समर्थन और इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर में बढ़ती मांग शामिल हैं। ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में आई इस तेजी की मुख्य वजह कंपनी की मजबूत बिक्री और डिलीवरी के आंकड़े हैं। इलेक्ट्रिक व्हीकल की बढ़ती मांग और ग्राहकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया से कंपनी का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। इससे निवेशकों का भरोसा और बढ़ा है।

## सोना जीएसटी समेत 105150 के पार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने के भाव आज पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़कर बिना जीएसटी 102089 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जीएसटी समेत 10 ग्राम सोना अब 105151 रुपये का हो गया है। सर्राफा बाजारों में आज चांदी के भाव में भी 146 रुपये की मामूली तेजी है। चांदी बिना जीएसटी के 117256 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है। जीएसटी के साथ सर्राफा मार्केट में चांदी 120773 रुपये किलो हो गई है। आइबीजेए के मुताबिक गुरुवार को चांदी बिना जीएसटी 117110 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। जबकि, सोना 101506 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। आज 23 कैरेट गोल्ड भी 580 रुपये चढ़कर 101680 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। जीएसटी संग इसकी कीमत अब 104730 रुपये हो गई है। अभी इसमें मेकिंग चार्ज नहीं जुड़ा है।

22 कैरेट गोल्ड की कीमत 534 रुपये तेज होकर 93514 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। जीएसटी संग यह 96319 रुपये है। आज 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 437 रुपये बढ़कर 76567 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुली और जीएसटी के साथ यह 78864 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है।

### वायरों की नई सीरीज जो आने वाले दिनों में घरों को देगी पावर

# आरआर काबेल ने लॉन्च की भविष्य के लिए तैयार

**भोपाल।** भारत में वायर व केबल बनाने वाली अग्रणी कंपनी आरआर काबेल ने वायरों की एक नई रेंज लॉन्च की है। आज के दौर में खासकर जब तापमान बढ़ रहा है और बिजली की खपत भीऐसे में ये वायरें बदलते वक्त की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाई गई हैं। इस नई सीरीज में फ्लेमक्स एचआर+एफआर और फायरेक्स एलएसओएच-इबीएक्सएल जैसे प्रोडक्ट शामिल हैं जो सुरक्षा, परफॉर्मेंस और पर्यावरण की रक्षा- तीनों में बेहतर हैं।

लॉन्च के इस मौके पर आरआर काबेल के कार्यकारीनिदेशक श्री राजेश काबरा ने कहा, जब घर स्मार्ट हो रहे हैं और तापमान बढ़ रहा है, तो वायरों को भी बदलना होगा। हमारी नई रेंज आज की ही नहीं, बल्कि आने वाले समय की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार की




गई है- चाहे वो बढ़ता तापमान हो या ज्यादा बिजली का दबाव या फिर सुरक्षा और पर्यावरण की जिम्मेदारी। यह वायर बहुत ज्यादा गर्म जगहों के लिए खासतौर पर बनाई गई है। ये 20 प्रतिशत ज्यादा करंट ले सकती है और 85 डिग्री से. तक के तापमान पर भी सुरक्षित रहती है, जो कि आम एफआर वायरों से 15 डिग्री से. ज्यादा है। इसमें हीट रेसिस्टेंस और फ्लेम रिटार्डेंसी दोनों होते हैं, जिससे ये ज्यादा सुरक्षित बन जाती है। साथ ही, ये वायर लचीली होती हैं जिससे इसे लगाना आसान होता है। इसमें चूहे और दीमक से सुरक्षा देने वाली खास परत भी होती है, जिससे यह उन जगहों के लिए बेहतर बन जाती है जहां वायर की मजबूती और सुरक्षा दोनों जरूरी होती हैं- जैसे बिजली पैनल जैसा कोई यूटिलिटी स्पेस। यह वायर सबसे कठिन परिस्थितियों में भी बेहतर काम करती है। यह आम पीवीसी वायरों से 2 गुना ज्यादा बिजली का भार सह सकती है और 900डिग्री से.तक पिघले बिना टिक सकती है। ये मुमकिन हुआ है इलेक्ट्रॉन बीम क्रॉस लिंकिंग तकनीक और लो स्मोक ज़ीरो हैलोजन इंसुलेशन की वजह से। अगर आग लग जाए तो यह वायर सिर्फ पारदर्शी और ज़हरीले गैसों से मुक्त धुआं छोड़ती है, जिससे लोगों को बाहर निकलने में आसानी होती है।

# यस बैंक में जापानी कंपनी का बड़ा दांव




**मुंबई, एजेंसी।** पीएम मोदी के जापान दौरे के बीच एक बड़ी खबर आ रही है। जापान की एक बहुत बड़ी वित्तीय कंपनी, सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्प , यस बैंक में 16,000 करोड़ रुपये (1.83 अरब डॉलर) का निवेश करने वाली है। यह निवेश हिस्सेदारी (इक्विटी) और कर्ज (डेट) दोनों के रूप में किया जाएगा। इस खबर के बाद यस बैंक के शेयरों में 2.62 पर्सेंट की तेजी है और यह बीएसई पर 19.17 रुपये पर पहुंच गया है। ईटी की खबर के मुताबिक यह 16,000 करोड़ रुपये यस बैंक की अपनी बैलेंस शीट में जमा किया जाएगा ताकि बैंक की वित्तीय ताकत बढ़े। इसके अलावा, एसएमबीसी बैंक के मौजूदा शेयरधारकों, जिनका नेतृत्व भारतीय स्टेट बैंक कर रहा है, को 13,500 करोड़ रुपये देगा। इसके बदले में एसएमबीसी बैंक में 20 हिस्सेदारी हासिल कर लेगा। इसमें से 8,500 करोड़ रुपये जापानी येन में जारी किए गए बॉन्ड के रूप में दिए जाएंगे, जिस पर ब्याज की दर 2 से भी कम होगी। इससे यस बैंक का कर्ज लेने का खर्च काफी कम हो जाएगा। बाकी के 7,500 करोड़ रुपये हिस्सेदारी के रूप में लगाए जाएंगे, जो शायद विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बॉन्ड के रूप में होंगे। इससे बैंक की पूंजी बढ़ेगी। एसएमबीसी और यस बैंक इस एफसीसीबी को जारी करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से मंजूरी मांग रहे हैं। हाल ही में, यस बैंक के शेयरधारकों ने इस निवेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। आरबीआई ने एसएमबीसी को यस बैंक में 24.99 तक की हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दे दी है। इसमें से 20 हिस्सेदारी वह देश के अन्य बैंकों से खरीदेगा। बाकी की 4.99 हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए, एसएमबीसी निजी इन्वेस्टमेंट कंपनियों एडवेंट और कार्लाइल से बातचीत कर सकता है या बैंक द्वारा जारी किए गए नए शेयर खरीद सकता है। हालांकि, आरबीआई ने एसएमबीसी को 24.99 हिस्सेदारी की इजाजत दे दी है,।

## मुकेश अंबानी ने किया नई कंपनी का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मुकेश अंबानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में नई कंपनी का ऐलान किया है। मुकेश अंबानी ने रिलायंस इंटेलिजेंस नामक एक पूरी तरह से रिलायंस की स्वामित्व वाली नई सब्सिडियरी की घोषणा की। इसका लक्ष्य है भारत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व के केंद्र में स्थापित करना है।

**मुकेश अंबानी ने क्या कहा:** रिलायंस देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडियरी कंपनी 'रिलायंस इंटेलिजेंस' स्थापित करेगी। मुकेश अंबानी ने कहा, मुझे गर्व है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पहले से ही रिलायंस के डीप-टेक बिजनेस में बदलने की ओर है। इस एजेंडे को



और भी अधिक फोकस और गति प्रदान करने के लिए आज मुझे रिलायंस इंटेलिजेंस नामक एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के गठन की घोषणा करते हुए अधिक खुशी और सम्मान का अनुभव हो रहा है।

### मारुति सुजुकी के चेयरमैन आरसी भार्गव ने बताया फॉर्मूला

# रोजगार भी बढ़ेगा और रिस्क भी कम होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आरसी भार्गव ने गुरुवार को कहा कि छोटी कारों को लाने की जरूरत है जिन पर कम टैक्स लगे। ऐसा करने से आबादी के एक बड़ा हिस्से को एक विकल्प मिल पाएगा। इससे वे रिस्की दोपहिया वाहनों से पैसेंजर वीइकल (कारों) की ओर शिफ्ट हो सकेंगे। मारुति सुजुकी की 44वीं एनुअल जनरल मीटिंग में बोलते हुए भार्गव ने बताया कि समय के साथ एमिशन और सेफ्टी के नियमों में बदलाव आने से एंट्री-लेवल कारों की कीमत बढ़ गई हैं। इससे कई संभावित खरीदारों के लिए वे महंगी हो गई हैं। भार्गव ने कहा कि यह देखते हुए कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा पर्सनल ट्रांसपोर्टेशन के लिए दोपहिया वाहनों पर निर्भर है। इन वाहनों में ज्यादा रिस्क और असुविधा है। ऐसे में उन कारों को लाने पर विचार करने की जरूरत है जो स्कूटर मालिकों को एक विकल्प दे सकें। उन्होंने बताया कि 1950 के दशक में जापान ने केई कारों को लाकर ऐसी ही समस्या का हल निकाला था। मारुति इंडिया के चेयरमैन ने कहा कि 2018-19 में यह तय किया गया था कि भारत में यूरोपीय सेफ्टी और एमिशन स्टैंडर्ड्स लागू किए जाएं। उन्होंने कहा कि यही वजह रही कि छोटी कारों में गिरावट और कार इंडस्ट्री में ओवरऑल धीमापन आया। उन्होंने कहा कि निचले तबके के कई लोग, जो दोपहिया वाहन खरीद रहे हैं और उनका उपयोग कर रहे हैं, वे अधिक कीमत वाली सुरक्षित कारें खरीदने में असमर्थ हैं। भार्गव ने कहा, हमारा मानना है कि हमें इस स्थिति को इस तरह संतुलित करने की जरूरत है कि दोपहिया वाहन चलाने वाले लोग सुरक्षित कारों की तरफ जा सकें, क्योंकि सुरक्षा की दृष्टि से दोपहिया वाहन सबसे अधिक जोखिम भरे होते हैं। उन्होंने कहा कि स्मॉल कार कैटगरी के रिवाइवल से कार उद्योग की समग्र वृद्धि तेजी से हो सकती है।

### रोजगार के मौके

उन्होंने कहा, छोटी कारों को बढ़ावा देने पर ज्यादा उद्योग लगेंगे और रोजगार के ज्यादा मौके बनेंगे। मुझे लगता है कि इन सब की जरूरत है, खासकर ऐसे समय में जब बाकी क्षेत्रों में हुनरमंद लोगों की कमी जैसी परेशानियां सामने आ रही हैं।

# अडानी-अंबानी अब आसमान में दिखा रहे अपनी रुतबा और दौलत का जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दो बड़े उद्योगपति गौतम अडानी और मुकेश अंबानी अब आसमान में भी अपनी रुतबा और दौलत का जलवा दिखा रहे हैं। अडानी ने 1000 करोड़ रुपये का बोइंग 737 मैक्स 8 बीबीजे बिजनेस जेट खरीदा है, जबकि अंबानी पहले से ही इसी सीरीज का मैक्स 9 जेट रखते हैं। दोनों जेट अपनी-अपनी खूबियों के साथ न सिर्फ हवाई सफर को 5 स्टार होटल का अनुभव देते हैं , बल्कि कारोबार की दुनिया में इन दिग्गजों की शान का प्रतीक भी बन चुके हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, अडानी के पास जितने जेट हैं, उसमे यह सबसे महंगा है। यह भारत से लंदन तक बिना रुके जा सकता है। इसके साथ ही अमेरिका और कनाडा तक एक बार ईंधन भरने के बाद पहुंचने में सक्षम है। यह जेट अहमदाबाद आ चुका है। उनके पास कनाडा, ब्राजील और स्विस सीरीज के भी जेट मौजूद हैं।

**स्विट्जरलैंड में कराया इंटीरियर:** अडानी ने बोइंग से 737 मैक्स 8-बीबीजे सीरीज के जेट का इंटीरियर का काम स्विट्जरलैंड में कराया। यानी जेट के अंदर की सजावट पर ही 35 करोड़ रुपये खर्च कर दिए हैं। इंटीरियर के काम करने पर दो साल का समय लग गया। इसमें प्रीमियम लाउंज, कॉन्फ्रेंस रूम, सुइट बेडरूम, लग्जरी बाथरूम जैसी सुविधाएं हैं।

**मुकेश अंबानी के पास पहले से मौजूद:** रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी के पास 737 बीबीजे सीरीज का ही मैक्स 9 जेट हैं। उन्होंने यह 24 अगस्त 2024 को खरीदा। *(साभार- एजेंसी)*

# सीएम नीतीश कुमार ने किया ट्रॉफी का अनावरण

## भारत का चीन से पहले मैच में सामना



**राजगीर, एजेंसी।** बिहार के राजगीर में हॉकी एशिया कप का शानदार आगाज हो चुका है। भारतीय हॉकी टीम का सामना पहले मैच में चीन से हो रहा है। बिहार के राजगीर में हॉकी एशिया कप का शानदार आगाज हो चुका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ट्रॉफी का अनावरण किया। भारतीय हॉकी टीम का सामना पहले मैच में चीन से हो रहा है। भारत और चीन को पूल ए में जापान और कजाखस्तान के साथ रखा गया है जबकि पूल बी में पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया, मलेशिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै हैं। भारतीय टीम

**गोलकीपर** – सूरज करकेरा, कृशन बी पाठक।
**डिफेंडर** -हरमनप्रीत सिंह (कप्तान) , अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह।
**मिडफील्डर** – मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह।
**फॉरवर्ड** – मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह।

### चीन की टीम

चेन चोंगकोंग (कप्तान), ओ शू, चेन किजुन, गाओ जीशेंग, चेन चेंगफू, मेंग युआनफेंग, ली पेंगफेइ, लू युआंलिन, मेंग दिलहाओ, शू जीबिन, दू शिंहाओ, झांग शियाओजिया, ओ शुझू, मेंग नान, लिन चांगलियांग, गुओ शियाओलोंग, वांग वेइहाओ, वांग केइयू, ओ यांग, चेन बेनहाइ।

**यूएस ओपन 2025:**

# पिछले 11 साल में अमेरिकी ओपन महिला युगल में पहला मैच जीती वीनस, ओसाका तीसरे दौर में

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** लैला फर्नांडिज के साथ मिलकर उन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एन किचेनोक और एलेन पेरेज की जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराया। 45 वर्ष की वीनस और लैला का दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 14 बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स ने अपनी छोटी बहन सेरेना के बिना पिछले 14 साल में पहली बार अमेरिकी ओपन महिला युगल मैच जीता। वहीं, जापान की नाओमी ओसाका 2021 के बाद पहली बार अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई जिन्होंने हैली बापटिस्टे को 6-3, 6- 1 से हराया।लैला फर्नांडिज के साथ मिलकर उन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एन किचेनोक और एलेन पेरेज की जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराया। 45 वर्ष की वीनस और लैला का दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। वीनस एकल वर्ग के पहले ही दौर में हार गई थी। वह 2022 के बाद पहली बार यहां युगल वर्ग में खेल रही है।



### ओसाका अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में

ओसाका ने अपने चारों ग्रैंडस्लैम हार्डकोर्ट पर जीते हैं जिनमें दो अमेरिकी ओपन और दो ऑस्ट्रेलियाई ओपन शामिल है। वह 2020 में आखिरी बार यहां खिताब जीती थी जिसके बाद 2021 में तीसरे, 2022 में पहले और 2024 में दूसरे दौर से बाहर हो गई थी। इस साल विंबलडन में तीसरे दौर में बाहर होने के बाद ओसाका ने कोच पैट्रिक मूराटोग्लू से अलग होने का फैसला किया और अब नए कोच टोमाज विक्टोरोवस्की के साथ हैं जो इगा स्वियातेक की टीम में रह चुके हैं।

# जिम्बाब्वे के विकेटकीपर ब्रेंडन टेलर ने रचा इतिहास




### सबसे लंबा वनडे करियर

| खिलाड़ी | डेब्यू | कब तक खेले | अवधि | मैच |
|---|---|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर (भारत) | 18 दिसंबर 1989 | 18 मार्च 2012 | 22 वर्ष 91 दिन | 463 |
| सनथ जयसूर्या (एशिया/श्रीलंका) | 26 दिसंबर 1989 | 28 जून 2011 | 21 वर्ष 184 दिन | 445 |
| ब्रेंडन टेलर (ZIM) | 20 अप्रैल 2004 | 29 अगस्त 2025* | 21 वर्ष 132 दिन | 206 |
| जावेद मियांदाद (पाकिस्तान) | 11 जून 1975 | 9 मार्च 1996 | 20 वर्ष 272 दिन | 233 |
| क्रिस गेल (आईसीसी/वेस्टइंडीज) | 11 सितंबर 1999 | 14 अगस्त 2019 | 19 वर्ष 337 दिन | 301 |
| सीन विलियम्स (ZIM) | 25 फरवरी 2005 | 21 दिसंबर 2024 | 19 वर्ष 300 दिन | 162 |
| शोएब मलिक (PAK) | 14 अक्टूबर 1999 | 16 जून 2019 | 19 वर्ष 245 दिन | 287 |
| अरविंदा डी सिल्वा (श्रीलंका) | 31 मार्च 1984 | 18 मार्च 2003 | 18 वर्ष 352 दिन | 308 |
| मुशफिकुर रहीम (BAN) | 6 अगस्त 2006 | 24 फरवरी 2025 | 18 वर्ष 202 दिन | 274 |
| जैक्स कैलिस (अफ्रीका/आईसीसी/दक्षिण अफ्रीका) | 9 जनवरी 1996 | 12 जुलाई 2014 | 18 वर्ष 184 दिन | 328 |
| शाहिद अफरीदी (एशिया/आईसीसी/पाकिस्तान) | 2 अक्टूबर 1996 | 20 मार्च 2015 | 18 वर्ष 169 दिन | 398 |

## अब सचिन तेंदुलकर और सनत जयसूर्या का रिकॉर्ड तोड़ने पर नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के अनुभवी बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर भ्रष्टाचार के कारण निलंबन के बाद लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सफल वापसी करते हुए बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। 39 वर्षीय टेलर को श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में जिम्बाब्वे की प्लेइंग 11 में मौका मिला। इसके साथ ही वह तीसरे सबसे लंबे वनडे करियर वाले खिलाड़ी बन गए। अब वह केवल मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और सनत जयसूर्या से पीछे हैं। टेलर ने हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा लगाए गए साढ़े तीन साल के प्रतिबंध को पूरा किया। वह 2021 के बाद अपना पहले मैच अगस्त की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट के दौरान खेले। इसके साथ ही टेलर 21वीं सदी में डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों में सबसे लंबे टेस्ट करियर वाले खिलाड़ी बन गए थे।

**21वीं सदी में सबसे लंबा वनडे करियर** – हरारे में शुक्रवार (29 अगस्त) को चार वर्षों में अपना पहला एकदिवसीय मैच खेलने वाले टेलर के नाम 1 जनवरी 2001 के बाद वनडे में डेब्यू करने वाले बल्लेबाजों में सबसे लंबे एकदिवसीय करियर का रिकॉर्ड हो गया। 21वीं सदी में बल्लेबाज के तौर पर उनका सबसे लंबा वनडे करियर हो गया है।

### टेलर ने जावेद मियांदाद को छोड़ा पीछे

टेलर ने 20 अप्रैल 2004 को श्रीलंका के खिलाफ बुलावायो में अपने वनडे करियर की शुरुआत की थी। ??टेलर ने इस सदी में डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों में सबसे लंबे वनडे करियर के मामले में हमवतन सीन विलियम्स (19 वर्ष 300 दिन) को पीछे छोड़ दिया। दाएं हाथ के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने पाकिस्तान के दिग्गज जावेद मियांदाद (20 वर्ष 272 दिन) को पीछे छोड़ते हुए सर्वकालिक शीर्ष 3 में भी जगह बनाई।

### क्या तेंदुलकर-जयसूर्या को छोड़ा पीछे

दिलचस्प बात यह है कि पुरुष वनडे क्रिकेट में सबसे लंबे करियर के मामले में अब केवल सचिन तेंदुलकर (22 वर्ष 91 दिन) और सनथ जयसूर्या (21 वर्ष 184 दिन) ही टेलर से आगे हैं। 1989 के बाद से केवल तेंदुलकर का टेलर से लंबा टेस्ट करियर रहा है, जिन्होंने 24 वर्ष और 1 दिन में 200 टेस्ट मैच खेले हैं।

**डायमंड लीग फाइनल**

# नीरज चोपड़ा को जूलियन वेबर ने पछाड़ा

## 91.51 मीटर थ्रो के साथ जीता खिताब




**ज्यूरिख ।** ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा डायमंड लीग फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल करने से चूक गए। नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर 91.51 मीटर थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे।

नीरज चोपड़ा से डायमंड लीग फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल करने की उम्मीद थी। लेकिन, अपने आखिरी प्रयास में 85.01 मीटर भाला फेंककर वह दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा के छह में से शुरुआती पांच प्रयासों में दो थ्रो वैध रहे जबकि तीन फाउल रहे। अपने आखिरी प्रयास में उन्होंने 85.01 भाला फेंक केशोर्न वॉलकॉट को पछाड़ दूसरा स्थान हासिल किया। वॉलकॉट तीसरे स्थान पर रहे। पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स 82.06 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। चोपड़ा का यह प्रदर्शन उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 90.23 मीटर से कम है। विजेता जूलियन वेबर ने पहले ही प्रयास में 91.37 मीटर का थ्रो फेंका। इसके बाद 91.51 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने अपना स्थान पक्का कर लिया। ये वेबर का नया रिकॉर्ड है। चोपड़ा ने जून में पेरिस में 88.16 मीटर के प्रयास के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करके डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। 2022 में ज्यूरिख में 88.44 मीटर का थ्रो फेंककर नीरज ने खिताब जीता था, जबकि 2023 और 2024 में भी वे फाइनल में पहुंचे लेकिन खिताब हासिल करने से चूक गए थे। डायमंड लीग 2024 में खिताब जीतने से सिर्फ 1 सेंटीमीटर से पीछे रह गए थे। उन्हें ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से मात मिली थी, जिन्होंने 87.87 मीटर का थ्रो किया था। जैवलिन के विश्व चैंपियन रह चुके नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीता था। जैवलिन में देश के लिए पदक जीतने वाले वह पहले एथलीट रहे थे। पेरिस ओलंपिक में भी उनसे स्वर्ण की उम्मीद थी। लेकिन, वह चूक गए थे। इसके बाद डायमंड लीग में उनसे शीर्ष स्थान हासिल करने की उम्मीद जताई जा रही थी। पेरिस ओलंपिक के बाद अपना कोच बदलने वाले नीरज के खेल में तकनीकी कमी नजर आई और वह ज्यूरिख में भी शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर सके।

# अश्विन दूसरे खिलाड़ियों के लिए रास्ता खोल रहे हैं : आकाश चोपड़ा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज खिलाड़ी आर अश्विन ने बुधवार को आईपीएल से संन्यास ले लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर आईपीएल से संन्यास की घोषणा की। संन्यास के ऐलान के साथ ही अश्विन ने दूसरी टी20 लीग में खेलने के संकेत दिए थे। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि क्या अब दूसरे भारतीय क्रिकेटर भी अन्य टी20 लीग खेल सकेंगे? आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल से संन्यास के बाद कहा कि वह दुनिया भर की विभिन्न लीगों में खेलेंगे। वह एक नई राह बना रहे हैं। उनके इस कदम से क्या अन्य भारतीय क्रिकेटरों के दुनिया की दूसरी क्रिकेट लीगों में खेलने का रास्ता खुल सकता है? आकाश ने कहा कि अश्विन का आईपीएल करियर शानदार रहा है। वह जिस लीग में खेलना चाहेंगे, उन्हें चुन लिया जाएगा और वह बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि आईपीएल की नवीनता और आकर्षण को बनाए रखने के लिए बीसीसीआई ने यह नियम बनाया है कि भारतीय क्रिकेटरों को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास लेना पड़ेगा। आर अश्विन के आईपीएल से संन्यास लेने के बाद ही यह चर्चा चली कि वह अगले साल द हंड्रेड में खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

बता दें कि अंबाती रायडू सीपीएल और दिनेश कार्तिक साउथ अफ्रीका20 लीग मे खेल चुके हैं। आईपीएल मे अश्विन 2008 से 2025 के बीच चेन्नई सुपर किंग्स, राइजिंग पुणे सुपर जाइंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे हैं। पंजाब किंग्स के वह कप्तान भी रहे हैं। 220 आईपीएल मैचों की 98 पारियो में 833 रन बनाने वाले अश्विन ने 187 विकेट लिए हैं। आईपीएल इतिहास के वह पांचवें सफलतम गेंदबाज हैं।

अश्विन ने दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। आर अश्विन का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट बेहद यादगार रहा है। 2010 से 2024 के बीच 106 टेस्ट मे 537 विकेट, 116 वनडे में 156 विकेट और 65 टी20 में 72 विकेट उनके नाम दर्ज हैं। टेस्ट क्रिकेट में अश्विन एक बल्लेबाज के रूप में भी सफल रहे हैं। 6 शतक और 14 अर्धशतक की मदद से उन्होंने 3,503 रन बनाए हैं।

# प्रिंस नहीं राजा हैं शुभमन गिल

**• इस रिकॉर्ड में सचिन और विराट को भी पछाड़ा, निकले सबसे आगे**



**नई दिल्ली,एजेंसी।** विराट कोहली और सचिन तेंदुलकर, दोनों ही वनडे क्रिकेट के इतिहास दो सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं. सचिन ने वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं. वहीं कोहली ने वनडे में सबसे ज्यादा शतक जड़े हैं. भारत के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल भी अब इसी रास्ते पर चल रहे हैं. गिल ने अपने शुरुआती 55 वनडे मैचों में रनों के मामले में कोहली और सचिन को पीछे छोड़ दिया है.

**गिल का 55 वनडे मैचों के बाद प्रदर्शन** – गिल ने भारत के लिए अब तक 55 वनडे मैच खेले हैं. गिल वनडे में भारतीय टीम के उपकप्तान हैं. गिल ने इस दौरान 55 मैचों में 59.04 की औसत से 2775 रन ठोक डाले हैं. गिल ने वनडे में 8 शतक भी जड़ दिए हैं. गिल ने भारत के लिए कई मौकों पर शानदार प्रदर्शन किया है.

**कोहली का 55 वनडे मैचों के बाद प्रदर्शन** – कोहली ने 55 वनडे मैचों के बाद 42.9 की औसत से 2059 रन बनाए थे. कोहली ने इस दौरान 5 शतक भी जड़े थे. कोहली आज वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं.

**सचिन का 55 वनडे मैचों के बाद प्रदर्शन** – सचिन ने अपने शुरुआती 55 वनडे मैचों के बाद सिर्फ 31.76 की औसत से 1556 रन बनाए थे. इस दौरान सचिन के बल्ले से एक भी शतक नहीं निकला था. लेकिन सचिन आज वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं.

### विराट-सचिन नहीं सबसे आगे निकल चुके हैं गिल

गिल शुरुआती 55 वनडे मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सचिन और विराट से ही नहीं, बल्कि सभी से आगे निकल गए हैं. इससे पहले ये रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज हाशिम अमला के पास था. अमला ने 55 मैचों में के बाद 55.37 की औसत से 2713 रन बनाए थे. वहीं अब ये रिकॉर्ड गिल के पास है. गिल ने 55 मैचों के बाद 2775 रन बनाए हैं ।

# रोहित का 13 सितंबर को बेंगलुरु में फिटनेस टेस्ट

## यो-यो के साथ ब्रोंको टेस्ट भी देना होगा; अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज



**नई दिल्ली, एजंसी।** टीम इंडिया के वनडे कप्तान रोहित शर्मा का 13 सितंबर को बेंगलुरु में के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई के इस स्टार खिलाड़ी को यो-यो टेस्ट के अलावा ब्रोंको टेस्ट से भी देना होगा। वह दो-तीन दिन तक सीओई में रहेंगे। इस दौरान रोहित नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज की तैयारी के लिए यहीं प्रैक्टिस करेंगे। 11 से 15 सितंबर तक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के ग्राउंड-1 पर दलीप ट्रॉफी का फाइनल खेला जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इसलिए रोहित का फिटनेस टेस्ट सेंटर के एक अलग मैदान पर होगा। ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ खेल सकते है रोहित-कोहली रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित और विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ वनडे सीरीज में खेल सकते हैं।

# बिना शादी के 3 बच्चे....

**● अब 44 की उम्र में चौथी बार फिर ● मां बनने जा रहीं है यह स्टार खिलाड़ी**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस की मशहूर पूर्व टेनिस स्टार अन्ना कुर्निकोवा एक बार फिर लाइमलाइट में हैं. 44 साल की उम्र में उन्होंने चौथी प्रेग्नेंसी की खबर देकर अपने फैन्स को हैरान कर दिया है. वह और उनके लंबे समय से पार्टनर, मशहूर स्पैनिश सिंगर एनरिके इग्लेसियस (50), अपने चौथे बच्चे का स्वागत करने वाले हैं.

### सेहत को लेकर उठे सवाल, अब आई राहत

कुछ महीने पहले अन्ना को व्हीलचेयर और प्रोटेक्टिव बूट में देखा गया था. उस दौरान उनकी तबीयत को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई गईं, लेकिन अब उनके प्रेग्नेंट होने की पुष्टि के बाद फैन्स को राहत मिली है. स्पैनिश मैगजीन ने दावा किया है कि कुर्निकोवा इस वक्त प्रेग्नेंसी के मिड-फेज में हैं और पूरी तरह स्वस्थ हैं.

- **पहले से तीन बच्चों की मां** – अन्ना और एनरिके के पहले से ही तीन बच्चे हैं, दो जुड़वां बच्चे लूसी और निकोलस, जो 7 साल के हो गए हैं और छोटी बेटी मैरी, जो 5 साल की है. हाल ही में मियामी में उन्हें बच्चों को मार्शल आर्ट्स क्लास के लिए ले जाते हुए देखा गया था, जिससे यह साफ हुआ कि वह एक सेहतमंद और एक्टिव लाइफ जी रही हैं.
- **खेल और शोहरत की चमक** – अन्ना सिर्फ 14 साल की थी, जब उन्होंने इतनी कम उम्र में प्रोफेशनल टेनिस में कदम रखा था. भले ही सिंगल्स में वह ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी नहीं जीत पाईं थी, लेकिन मार्टिना हिंगिस के साथ जोड़ी बनाकर उन्होंने 1999 और 2002 में ऑस्ट्रेलियन ओपन डबल्स खिताब अपने नाम किया था. कोर्ट पर उनकी पावर गेम और बाहर उनकी ग्लैमरस पर्सनैलिटी ने उन्हें हमेशा खबरों में बनाए रखा.
- **ग्लैमर वर्ल्ड की क्वीन** – 2002 में उन्हें दुनिया की सबसे सेक्सी महिला के रुप में चुना गया था, जहां उन्होंने ब्रिटनी स्पीयर्स और जेनिफर लोपेज जैसी दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया था. 2010 में उन्हें अब तक की सबसे सेक्सी टेनिस खिलाड़ी भी करार दिया गया था.
- **चोटों ने बिगाड़ा करियर** – लगातार चोटों ने उनका करियर छोटा कर दिया. 1997 से 2001 के बीच वह कई बार स्ट्रेस फैक्चर और गंभीर चोटों से जूझती नजर आई थी. आखिरकार 2003 में केवल 21 साल की उम्र में उन्होंने प्रोफेशनल टेनिस को अलविदा कह दिया था.
- **एनरिके से रिश्ता और आलीशान लाइफ** – 2001 में एनरिके के हिट गाने म्यूजिक वीडियो की शूटिंग के दौरान दोनों की मुलाकात हुई थी. वहीं से उनका रिश्ता शुरू हुआ और तब से दोनों एक साथ हैं. कपल पिछले दो दशकों से मियामी में रह रहा है. हाल ही में दोनों ने बे प्वाईट इलाके में 6.5 मिलियन डॉलर का नया घर खरीदा है, जिसमें पांच बेडरूम और लग्जरी सुविधाएं मौजूद हैं.

(साभार- एजेंसी)


# रिलायंस जियो का आईपीओ अगले साल जून तक

## मुकेश अंबानी एनुअल मीटिंग में बोले, गूगल और मेटा से एआई के लिए पार्टनरशिप करेंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

रिलायंस जियो का आईपीओ अगले साल जून तक आएगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी ने 48वीं एनुअल जनरल मीटिंग में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा ये आईपीओ अगले साल जून तक आएगा। यह आईपीओ ग्लोबल स्तर पर शेयरहोल्डर्स के लिए वैल्यू अनलॉक करेगा। इसके अलावा एजीएम में तीन अन्य बड़े ऐलान भी किए गए। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट बिजनेस रिलायंस इंडस्ट्रीज की डायरेक्ट सब्सिडियरी बनेगा। वहीं सब्सिडियरी कंपनी रिलायंस इंटेलिजेंस बनाने का ऐलान किया गया। एआई के लिए मेटा और गूगल के साथ पार्टनरशिप भी की है।

"जैसे ही मैं भविष्य की ओर देखता हूं, मुझे लगता है कि हमारा ओ2सी बिजनेस काफी ग्रोथ हासिल करेगा और स्थिर रिटर्न देगा, क्योंकि भू-राजनीतिक तनाव कम हो जाएगा। हम हाई-वैल्यू ग्रीन फ्यूल्स और केमिकल्स प्रोड्यूस करने के लिए अच्छी तरह तैयार हैं, जिनकी जरूरत भारत और दुनिया को पड़ेगी। -मुकेश अंबानी




### रिलायंस रिटेल: रिल की डायरेक्ट सब्सिडियरी बनेगा प्रोडक्ट बिजनेस

- एजीए में ऐलान किया गया कि रिलायंस रिटेल का कंज्यूमर प्रोडक्ट्स बिजनेस आरसीपीएल अब रिलायंस इंडस्ट्रीज की डायरेक्ट सब्सिडियरी बन जाएगा।
- रिलायंस रिटेल की डायरेक्टर ईशा अंबानी ने कहा- भारत का 2 ट्रिलियन डॉलर का कंज्यूमर मार्केट हर साल 8त्न से ज्यादा की रफ्तार से बढ़ रहा है।
- देश के 35 करोड़ मिडिल-क्लास घरों की खरीदारी की ताकत 100 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है, जो प्रीमियम लेकिन किफायती ब्रांडेड प्रोडक्ट्स की मांग को बढ़ा रही है।
- एजीएम में बताया गया कि अगले 5 साल में रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड सबसे तेजी से 1 लाख करोड़ रुपए का रेवेन्यू हासिल करने वाली कंज्यूमर ब्रांड्स कंपनी बनेगी।
- ईशा अंबानी ने कहा, हमारा लंबे समय का लक्ष्य है कि हम भारत की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनी बनें और ग्लोबल स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएं।

### फ्री डेटा और कॉलिंग सर्विस से 2016 में लॉन्च हुआ था जियो

रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड यानी, जियो की शुरुआत 2016 में हुई थी। कंपनी की शुरुआत ने भारत के डिजिटल नेटवर्किंग सिस्टम बड़ा सपोर्ट दिया। जियो भारत में सबसे बड़ा मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटर होने के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा टेलीकॉम ऑपरेटर भी है। फ्री डेटा और कॉलिंग ऑफर के जियो के प्लान से एयरटेल और वोडाफोन जैसे बड़े प्लेयर्स को टक्कर मिली। कंपनी ने 4 प्रतिशत सर्विसेज के साथ शुरुआत की और 2022 के अंत तक 5 प्रतिशत भी देना शुरू कर दिया। आज जियो 6 प्रतिशत टेक्नोलॉजी पर काम कर रहा है।

### भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर कंपनी है रिलायंस

रिलायंस भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर कंपनी है। ये अभी हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन और प्रोडक्शन, पेट्रोलियम रिफाइनिंग और मार्केटिंग, पेट्रोकेमिकल्स, एडवांस मटेरियल और कंपोजिट, रिन्यूएबल एनर्जी, डिजिटल सर्विस और रिटेल सेक्टर में काम करती है।

### एजीएम में एआई रेडी क्लाउड पीसी की घोषणा

रिलायंस जियो ने अपने हाई-परफॉर्मेंस पर्सनल कंप्यूटरों की लॉन्चिंग की घोषणा की। ये टीवी या किसी अन्य स्क्रीन को एक एआई-रेडी सिस्टम में बदलने में सक्षम हैं। यह डिवाइस यूजर्स को डेस्कटॉप या लैपटॉप खरीदे बिना एडवांस्ड कंप्यूटिंग सर्विसेज तक पहुंचने की सुविधा देता है। जियो सेट-टॉप बॉक्स के साथ कीबोर्ड जोड़कर, ग्राहक अपने टीवी को एक पीसी में बदल सकते हैं, जो सीधे जियो के क्लाउड सर्वर से चलता है। यह मॉडल स्टोरेज और कंप्यूटिंग पावर को रिमोटली स्केल करने की सुविधा देता है, जिससे हार्डवेयर अपग्रेड की जरूरत खत्म होगी।

### जियो पाइपलाइन में नई लॉन्चिंग

- RIYA: कंटेंट पर वॉइस सर्च
- वॉइस प्रिंट: भारतीय भाषाओं में एआई डबिंग + लिप सिंक
- JioLenZ: पर्सनलाइज्ड व्यूइंग ऑप्शंस
- Ma&Vie2 3.0: मल्टी-एंगल, मल्टी-लैंग्वेज इमर्सिव क्रिकेट अनुभव

### रिलायंस के शेयरों में 2 प्रतिशत की गिरावट

रिलायंस के शेयर आज 2.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1356 रुपए पर बंद हुए। सुबह ये 1381 रुपए पर खुला और 1403 रुपए का हाई बनाया। दिन के कारोबार में इसने 1350 रुपए को लो बनाया। बीते 6 महीने में इसमें 15प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखी गई है।

### मुकेश अंबानी के संबोधन की अन्य बड़ी बातें...

- एआई हमारी पीढ़ी की कामधेनु गाय है और रिलायंस इंडस्ट्रीज इसे अपने ऊर्जा, रिटेल, टेलीकॉम और मनोरंजन बिजनेस में शामिल कर रही है।
- भारत अपनी जीडीपी को हर साल 10प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ा सकता है, जिससे अगले दो दशकों में प्रति व्यक्ति आय 4-5 गुना हो सकती है।
- एफवाई25 में रिलायंस इंडस्ट्रीज का कुल रेवेन्यू 10.71 लाख करोड़ रुपए रहा। नेट प्रॉफिट यानी, शुद्ध मुनाफा 81,309 करोड़ रुपए रहा।
- सरकारी खजाने में योगदान 2.10 लाख करोड़ रुपए रहा। मौजूदा कर्मचारी संख्या 6.8 लाख है, जो बढ़कर 10 लाख से अधिक हो जाएगी।

### एआई के लिए मेटा और गूगल के साथ पार्टनरशिप का ऐलान

मुकेश अंबानी ने कहा- मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमने अपने पुराने साथी गूगल के साथ मिलकर एआई के क्षेत्र में एक गहरी और व्यापक साझेदारी की है। इस पार्टनरशिप के जरिए, हम रिलायंस की भारत-व्यापी काम करने की ताकत और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की क्षमता को गूगल की क्लाउड और एआई टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ रहे हैं। इसका मकसद यह है कि भारत में डेवलपर्स, स्टार्टअप्स और बड़ी कंपनियां तेजी से नए आइडिया पर काम कर सकें और देश के हर कोने तक पहुंच सकें।

### 'मेटा के साथ मिलकर हम एक खास वेंचर बना रहे'

मेटा के साथ पार्टनरशिप पर अंबानी ने कहा, आज मैं मेटा के साथ मिलकर भारत के लिए एक खास एआई जॉइंट वेंचर की घोषणा करके खुश हूं। हम ओपन-सोर्स एआई की ताकत को रिलायंस के एनर्जी, रिटेल, टेलीकॉम, मीडिया और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों की गहरी समझ के साथ जोड़ना चाहते हैं।

# गाजियाबाद में लगातार बारिश से शहर जलमग्न

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



गाजियाबाद में बीते कुछ दिनों से लगातार बारिश ने मौसम को सुहाना कर दिया है, लेकिन साथ ही शहर में जलभराव और जाम की समस्या भी बढ़ गई है। शुक्रवार सुबह से ही गाजियाबाद में भारी बारिश का दौर जारी है। दोपहर को झमाझम बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया। मेरठ से सटे मोदीनगर क्षेत्र में मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई, जबकि शहर के कई इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कों पर लंबा जाम लगा रहा और कई जगह पानी भरा होने से आवागमन बाधित हुआ। पिछले रविवार रात से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला अब तक जारी है। बुधवार और गुरुवार को भी रुक-रुककर हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम में ठंडक बनी रही। शुक्रवार को सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर में फिर तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, आज दोपहर तक 12 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। गाजियाबाद के साथ-साथ दिल्ली, नोएडा, हापुड़, बुलंदशहर, और बागपत जैसे आसपास के जिलों में भी बारिश की संभावना जताई गई है। लगातार बारिश के कारण तापमान में भी कमी देखी जा रही है। शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, इस सप्ताह तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आएगी, जिससे अधिकतम तापमान 30 डिग्री तक पहुंच सकता है। रात का तापमान कम होने से उमस भरी गर्मी से राहत मिली है, और रात में ओस की मात्रा भी बढ़ गई है। बारिश ने जहां मौसम को खुशनुमा बनाया, वहीं शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। सड़कों पर पानी भरने से लोग परेशान हैं। कई जगहों पर लोग छाता लगाकर या बच्चों को गोद में लेकर जलभराव वाले क्षेत्रों से गुजरते नजर आए। शहर की प्रमुख सड़कों पर लंबा जाम लगा रहा, जिससे लोगों का समय और धैर्य दोनों की परीक्षा हुई। मौसम विभाग ने 31 अगस्त तक गाजियाबाद और एनसीआर क्षेत्र में मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई है। 30 और 31 अगस्त को तापमान में और कमी देखने को मिल सकती है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, मानसून का असर एनसीआर में 20 सितंबर तक बना रहेगा। सितंबर के पहले सप्ताह से उमस भरी गर्मी से और राहत मिलने की उम्मीद है।



## अपराध नियंत्रण और जनहित के मुद्दों पर फेल हुई योगी सरकार: कांग्रेस

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

कांग्रेस ने प्रदेश की योगी सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर करारा हमला बोला है। जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा और महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने संयुक्त रूप से कहा कि बीते आठ वर्षों में अपराधों में लगातार वृद्धि हुई है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जाति और धर्म देखकर की जा रही है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में हाल ही में दुष्कर्म और हत्या जैसी घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है, जिससे जनपद दहल उठा है। सतीश शर्मा ने कहा कि अपराधों पर नियंत्रण करने में पुलिस और सरकार दोनों विफल साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता के हितों की रक्षा करने में असफल रही है और इसी कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नैतिक आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस अनुसूचित विभाग के महानगर अध्यक्ष आशीष प्रेमी, जिला उपाध्यक्ष जयवीर सिंह, महानगर उपाध्यक्ष शमशुद्दीन सैफी, महासचिव हरिओम गुप्ता सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



## दिल्ली से श्रीनगर आ रही स्पाइसजेट फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली से श्रीनगर आ रही स्पाइसजेट की एक फ्लाइट को शुक्रवार दोपहर आपात स्थिति में श्रीनगर एयरपोर्ट पर लैंड करना पड़ा। अधिकारियों के अनुसार, स्पाइसजेट की फ्लाइट स्त्र 385 जिसमें 205 यात्री, 4 बच्चे और 7 क्रू सदस्य सवार थे, उन्होंने हवा में दबाव संबंधी तकनीकी समस्या की सूचना दी। इसके बाद पायलट ने आपात लैंडिंग की अनुमति मांगी। फ्लाइट ने दोपहर 3ञ्27 बजे श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की। राहत की बात यह रही कि किसी यात्री या क्रू को किसी प्रकार की चिकित्सकीय मदद की जरूरत नहीं पड़ी। अधिकारियों ने बताया कि विमान की पूरी तकनीकी जांच की जाएगी, ताकि समस्या की जड़ तक पहुंचा जा सके।

## सीएम फडणवीस बोले, मराठा आरक्षण पर चर्चा कर रहा कैबिनेट पैनल

# संवैधानिक रूप से वैध समाधान ढूंढेगा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मराठा आरक्षण की मांग को लेकर शुक्रवार को आंदोलनकारी मनोज जरांगे ने मुंबई में अनशन शुरू कर दिया। इसके बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार की कैबिनेट उपसमिति इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा कर रही है और समाधान पूरी तरह संवैधानिक और कानूनी दायरे में ही निकाला जाएगा।

### जरांगे का अनशन और समर्थकों की भीड़

मनोज जरांगे ने शुक्रवार सुबह से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। वहीं इस भूख हड़ताल के समर्थन में जगह-जगह से पहुंचे हजारों समर्थक दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में इकट्ठा हुए, जिससे सड़कों पर ट्रैफिक लगभग ठप हो गया। शुरुआत में प्रशासन ने उन्हें केवल एक दिन के लिए प्रदर्शन की अनुमति दी थी, लेकिन जरांगे ने आगे भी आंदोलन जारी रखने की इजाजत मांगी थी। इस पर सीएम फडणवीस ने कहा कि पुलिस इस पर सकारात्मक विचार करेगी।

### एक दिन और प्रदर्शन कर सकते हैं मनोज जरांगे

वहीं मुंबई पुलिस ने अपने ताजा बयान में कहा है कि, मराठा आरक्षण



कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल को उनके विरोध प्रदर्शन के लिए एक और दिन की मोहलत दी गई है। वह कल एक और दिन के लिए आजाद मैदान में अपना विरोध प्रदर्शन जारी रख सकते हैं।

### भूख हड़ताल को लेकर सरकार की स्थिति

वहीं सीएम फडणवीस ने इस मुद्दे पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, %कैबिनेट उपसमिति को मराठा समाज से जुड़े मुद्दों पर बातचीत का अधिकार है। जरांगे की मांगों पर समिति विचार कर रही है। समाधान ऐसा होगा जो संविधान और कानून की सीमाओं के भीतर हो।% बता दें कि आंदोलनकारी मनोज जरांगे की प्रमुख मांग है कि सभी मराठाओं को कुनबी समुदाय में दर्ज किया जाए। कुनबी जाति ओबीसी अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में आती है, जिससे मराठाओं को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण का लाभ मिल सके। लेकिन मौजूदा ओबीसी समुदाय इसका विरोध कर रहा है।

### किसी के साथ अन्याय नहीं होगा: फडणवीस

इस दौरान सीएम देवेंद्र फडणवीस ने साफ कहा कि सरकार मराठा और ओबीसी समुदायों को आमने-सामने नहीं खड़ा करेगी। हम किसी भी समाज के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। पिछले दस वर्षों में हमारी सरकार ने मराठाओं के लिए जितना काम किया है, उतना किसी और सरकार ने नहीं किया। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले साल मराठाओं के लिए लागू किया गया 10 प्रतिशत आरक्षण अदालत की कसौटी पर खरा उतरा है और अभी तक वैध है।

### विपक्ष पर सीएम फडणवीस का हमला

वहीं सीएम फडणवीस ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देकर समाज में तनाव फैलाना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, इस मसले को राजनीतिक मत बनाइए। ओबीसी और मराठा समाज को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश न करें। हमारा सामाजिक ताना-बाना सबसे अहम है।

## देश को घुसपैठियों से मुक्त करने का अपना वादा निभाएगी भाजपा: शाह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी**

असम दौरे पर गए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भाजपा देश को घुसपैठियों से मुक्त करने का अपना वादा निभाएगी। असम के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री गोलाप बोरबोरा की जन्मशती पर गुवाहाटी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के भाषण में घोषित केंद्र का उच्चस्तरीय जनसांख्यिकी मिशन देश के जनसांख्यिकीय स्वरूप का अध्ययन करने और घुसपैठियों की पहचान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि हमने असम से वादा किया था, भले ही हम 10 साल में इसे पूरा नहीं कर पाए हैं। लेकिन हम अपना वादा निभाएंगे। उन्होंने कहा कि असम और पूरे देश को अवैध विदेशियों से मुक्त करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि मैं उन लोगों में से हूं जो मानते हैं कि हमारे देश में एक भी घुसपैठिया नहीं रहना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब 1978 में गोलाप बोरबोरा असम के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री बने, तो यह असम के राजनीतिक इतिहास में एक बहुत बड़े बदलाव की शुरुआत थी। 1978 तक यहां कोई गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री नहीं चुना गया था। फिर पहली बार, गोलाप बोरबोरा ने एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि जब से इंदिरा गांधी ने देश की कमान संभाली है।



### शाह ने राहुल पर भी बोला हमला

इससे पहले राजभवन की नवनिर्मित इकाई ब्रह्मपुत्र का उद्घाटन करने के बाद शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के लिए कहे गए अपशब्दों के लिए जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जितनी ज्यादा गालियां पीएम मोदी को दोगे, कमल का फूल उतना ही अधिक खिलेगा। कांग्रेस ने हर चुनाव में यही गलती की। गाली दी और फिर मुंह की खाई। बाद में विजय को झुठलाने के लिए घुसपैठिया बचाओ यात्रा लेकर आए। राहुल की यह घुसपैठिया बचाओ यात्रा कांग्रेस के वोट बैंक की रक्षा के लिए है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में कांग्रेस की घुसपैठिया बचाओ यात्रा के साथ राहुल की राजनीति निम्नतम स्तर पर पहुंच गई है।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अधिकारियों की बैठक आहूत

- छात्रवृत्ति के आवेदनों की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करायें, 02 अक्टूबर 2025 को सभी छात्रों को प्राप्त हो सकें छात्रवृत्ति: नरेन्द्र कश्यप
- शादी अनुदान योजना का वृहद स्तर पर करें प्रचार-प्रसार, अधिक से अधिक लोगों को मिले लाभ: राज्यमंत्री

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



जल निगम गेस्ट हाउस, गाजियाबाद में नरेन्द्र कश्यप, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के मण्डलीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान राज्यमंत्री ने निर्देशित किया कि छात्रवृत्ति योजना के बारे में छात्रों को अधिक से अधिक जागरूक करें और आवेदन करायें और समयान्तराल में आवेदन पूर्ण कराने की सभी कार्यवाही को पूर्ण करायें, जिससे 2 अक्टूबर 2025 को सभी छात्रों को छात्रवृत्ति प्राप्त हो सकें। राज्यमंत्री ने मण्डल के सभी जिलों को शादी अनुदान योजना वर्ष2025 एवं 2026 में प्राप्त लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यह शादी अनुदान योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक हैं, किसी भी गरीब, कमजोर व असहाय व्यक्ति को बच्चों के विवाह कराने सम्बंधित चिन्ता ना हो। इसके लिए लोगों में योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करायें, जिससे बड़ी संख्या में लोग योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। प्राप्त लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएं। राज्यमंत्री ने %%ओ%% लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना में विभागों द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि अधिक से अधिक छात्रों से आवेदन कराते हुए बच्चों की शिक्षा एवं कम्प्यूटर कोर्स में उत्कृष्ट सुधार लायें। अब समय डिजिटल युग का है, इसलिए हर छात्र को कम्प्यूटर के ज्ञान में उत्तम होना अनिवार्य है। तभी आज के यही बच्चे भविष्य में भारत देश को विकसित बनाने व बनाये रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। सम्बंधित अधिकारी समय-समय पर सेन्टरों का स्थलीय निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

### छात्रावास बनवाने हेतु प्रस्ताव लायें

राज्यमंत्री ने कहा कि जिन जनपदों में छात्रावास नहीं है वे छात्रावास बनवाने हेतु प्रस्ताव लायें, जिससे छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अधिक धन खर्च ना करना पड़ें, उन्हें छात्रावास में रहने की सुविधा मुहैया हो सके। समीक्षा बैठक में उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग मेरठ मण्डल मेरठ व जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी गाजियाबाद, बागपत, मेरठ, बुलन्दशहर, गौतमबुद्धनगर व हापुड़ के जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थिति रहे।

# 'सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है, हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते। उनकी यह टिप्पणी पटना में सत्तारूढ़ दल द्वारा मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए कथित तौर पर अभद्र भाषा के इस्तेमाल के विरोध में निकाले गए एक विरोध मार्च के दौरान भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प के बाद आई है। इससे पहले कांग्रेस महासचिव और संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने भाजपा पर पार्टी के सदाकत आश्रम मुख्यालय पर हमला और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया। वेणुगोपाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मतदाता अधिकार यात्रा की बढ़ती लोकप्रियता और उनके खिलाफ जनता की बढ़ती भावनाओं से बौखलाकर भाजपा ने एक बार फिर हमें डराने और धमकाने के लिए अपने गुंडों को छोड़ दिया है।

### वोट चोरी का पर्दाफाश करने से नहीं रोक पाएंगे

उन्होंने कहा, पटना स्थित हमारे बिहार प्रदेश कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम पर एक मौजूदा कैबिनेट मंत्री और अन्य भाजपा नेताओं के नेतृत्व में किया गया हमला कायरतापूर्ण कृत्य है। यह हमें सर के नाम पर चल रही व्यापक वोट चोरी का पर्दाफाश करने से नहीं रोकेगा। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि भाजपा को अपने आसन्न पतन और बिहार में लोगों के बढ़ते गुस्से का आभास हो गया है। उसकी हताशा की कोई सीमा नहीं है।




### क्या है मामला?

यह विवाद तब शुरू हुआ, जब एक कथित वीडियो में दरभंगा शहर में यात्रा के दौरान मंच से एक व्यक्ति को पीएम मोदी के खिलाफ हिंदी में अपशब्दों का इस्तेमाल करता हुआ दिखाई दिया। दरभंगा शहर से राहुल गांधी, उनकी बहन प्रियंका वाड्रा और राजद नेता तेजस्वी यादव बुधवार को मोटरसाइकिल पर मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हुए थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)